सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-01 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 19 जून 2024
12 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## देशभर के करोड़ों किसानों के लिए पीएम मोदी ने जारी की 17वीं किस्त, 9.26 करोड़ किसानों के खाते में गयी रकम

# मां गंगा ने मुझे गोद लिया : मोदी

**सम्मेलन**

- जीत के बाद पहली बार मोदी पहुंचे वाराणसी
- देशवासियों ने रचा नया इतिहास
- भारत के मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा



**वाराणसी।** देशभर के करोड़ों किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त को जारी की।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में कुल 20 हजार करोड़ रुपये की राशि को डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर किया। पीएम मोदी ने भोजपुरी में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हई। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी वासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है। मैं यहीं का हो गया हूं। इतनी गर्मी के बावजूद आप सभी यहां बड़ी संख्या में आशीर्वाद देने आए हैं और आपके इस तपस्या को देख करके सूर्य देवता भी थोड़ा ठंडक बरसाने लग गए। पीएम मोदी ने कहा कि मैं अभी जी 7 में हिस्सा लेने इटली गया था। जी 7 के सारे मतदाताओं को मिला दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे डेढ़ गुना ज्यादा है। यूरोप के तमाम देशों को जोड़ दें, यूरोपीय यूनियन के सारे मतदाताओं को जोड़ दें तो भी भारत के वोटर की संख्या उनसे ढाई गुना ज्यादा है। पीएम ने कहा कि इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। यह एक देश में महिला वोटर की संख्या के हिसाब से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह संख्या अमेरिका के पूरे आबादी के आसपास है। भारत के लोकतंत्र की यही खूबसूरती यही ताकत पूरी दुनिया को आकर्षित भी करती है। प्रभावित भी करती है। मैं बनारस के हर मतदाता का भी लोकतंत्र की उत्सव को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। यह बनारस के लोगों के लिए भी गर्भ की बात है।

### पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता

पीएम ने कहा कि मैं आपका ऋणी हूं। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए हुआ यह चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता को, भारत के लोकतंत्र के समर्थक को, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता को, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे समर्थ के साथ प्रस्तुत करता है। इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है, जहां इतनी बड़ी संख्या में लोग वोटिंग में हिस्सा लेते हैं।



### प्रधानमंत्री मोदी पांचवीं बार गंगा आरती में हुए शामिल

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को विश्व प्रसिद्ध दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती में पांचवीं बार शामिल हुए। उन्होंने 15 मिनट तक गंगा पूजन किया। इसके बाद आरती देखी। इस दौरान दशाश्वमेध घाट का नजारा देखने लायक था। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. चंद्रमौलि उपाध्याय और नौ अर्चकों ने पीएम मोदी से मां गंगा का पूजन करवाया। इस दौरान 18 कन्याएं ऋद्धि-सिद्धि के रूप में मौजूद रहीं। 10 क्विंटल फूलों से घाट को सजाया गया था। वहीं दशाश्वमेध घाट दीपों से जगमग हो उठा। घाट पर मौजूद लोगों ने मां गंगा और हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। पीएम नरेंद्र मोदी पांचवीं बार आरती में शामिल हुए। गंगा आरती के बाद प्रधानमंत्री का सम्मान किया गया। उन्हें रुद्राक्ष की माला, प्रसाद के रूप में लाल पेड़ा दिया गया। प्रतीक चिह्न में मां गंगा, आरती का प्रतीक फोटो और पीएम का चित्र शामिल रहा।

## गृह मंत्रालय ने हाईकोर्ट में कहा, बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाने पर आपत्ति नहीं

**आरोप**

- डीजी ने हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट, मिलीं 560 शिकायतें



**कोलकाता।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने कलकत्ता हाईकोर्ट को सूचित किया कि यदि राज्य में चुनाव के बाद हिंसा के आरोपों के मद्देनजर बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती और कुछ समय तक बढ़ाई जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

अदालत ने केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार को याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए चुनाव बाद हिंसा के आरोपों के बाद स्थिति का आकलन करने और 21 जून को सुनवाई की अगली तारीख पर इनसे संबंधित सभी प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान, गृह मंत्रालय का प्रतिनिधित्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने किया। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को राज्य सरकार ने एक रिपोर्ट सौंपी है। राज्य पुलिस डीजी संजय मुखर्जी ने रिपोर्ट में बताया है कि 6 से 12 जून तक मेल में कुल 560 शिकायतें मिली हैं। रिपोर्ट में डीजी ने अब तक कितनी प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और क्या कदम उठाए गए हैं, उसकी भी जानकारी दी है। इस संबंध में एक संगठन और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव बाद हिंसा को लेकर हाईकोर्ट में मामला दायर किया है। मामले पर मंगलवार को सुनवाई शुरू होनी थी, लेकिन सभी पक्षों के पास रिपोर्ट नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस पर सुनवाई अगले बृहस्पतिवार को होगी। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट 14 जून को राज्य पुलिस के डीजी ने सौंपी है। उल्लेखनीय है कि चुनाव के बाद हिंसा और हिंसा के आरोप सामने आने लगे थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश कौशिक चंदर की खंडपीठ ने 6 जून को एक आदेश पारित किया। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि चुनाव के बाद हिंसा से प्रभावित लोग राज्य के महानिदेशक को शिकायत ईमेल कर सकते हैं। कोर्ट ने शिकायत की जांच कर एफआईआर दर्ज करने का भी आदेश दिया था।

### बिहार में 12 करोड़ का पुल उद्घाटन से पहले गिरा

**पटना।** अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल मंगलवार को गिरकर ध्वस्त हो गया. बताया जाता है कि बकरा नदी पर बने इस पुल का उद्घाटन किया जाना था, लेकिन इससे पहले ही करोड़ों की लागत से बना यह पुल धड़ाम से गिर गया. सिकटी प्रखंड क्षेत्र के पड़रिया घाट पर पुल का निर्माण किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार सिकटी प्रखंड स्थित बकरा नदी पर 12 करोड़ की लागत से पड़रिया पुल का निर्माण किया गया था। मंगलवार को पुल के 3 पिलर नदी में धंस गए और पुल गिर गया. पुल निर्माण करने वाली एजेंसी के लोग मौके पर पहुंच गए हैं और प्रशासन की टीम भी आ गई है। सिकटी विधायक विजय मंडल के अनुसार जिले के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा यह पुल तैयार किया गया था. जमीन पर ही पिलर गाड़कर तैयार किया गया था। एप्रोच रोड भी नहीं बना था।

## 600 नहीं 1000 अंकों की होगी मार्कशीट

**पाठशाला**

- अगले सत्र से हाईस्कूल में पढ़ाए जाएंगे 10 विषय,
- यूपी बोर्ड ने मांगे सुझाव

**लखनऊ।** अगले सत्र से यूपी बोर्ड हाईस्कूल के बच्चों को 10 विषय पढ़ाने की तैयारी है। 10 विषयों का खाका यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। यह प्रस्ताव हूबहू लागू कर दिया जाए या कोई संशोधन करना चाहिए। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने ई मेल upmspncfwfiwx@gmail.com पर 29 जून तक सुझाव मांगा है। आए हुए सुझावों पर विचार करने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

नई शिक्षा नीति 2020 के क्रम में भारत सरकार से जारी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ)-



2023 के अंतर्गत हाईस्कूल (कक्षा नौ और 10) की पाठ्यचर्या में संशोधन किया गया है। हाईस्कूल में छह विषय अनिवार्य रूप से पढ़ाए जा रहे हैं। अब उसकी जगह 10 विषय कर दिए जाएंगे। सभी को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इसमें हिंदी तो सबको पढ़नी होंगी। इसके अलावा संस्कृत, अंग्रेजी या देश की 17 भाषाओं में किसी एक को ले सकते हैं। चौथा विषय गणित सभी के लिए अनिवार्य होगा। ऐसे ही विज्ञान, सामाजिक विज्ञान भी अनिवार्य होगा। अंतर विषयक में गृह विज्ञान, मानव विज्ञान, वाणिज्य, एनसीसी, कंप्यूटर, कृषि, पर्यावरण में से किसी एक विषय को ले सकते हैं। आठवां विषय कला शिक्षा क्षेत्र में से चित्रकला, रंजन कला, संगीत गायन, वादन में से कोई एक लेना होगा। शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत नैतिक, योग, खेल आदि में से भी एक विषय लेना होगा। 10वें विषय के रूप में व्यावसायिक शिक्षा पढ़नी होगी। इसमें 26 विषय हैं। नौवीं और 10वीं में अलग-अलग विषय पढ़ने होंगे। इसके लागू होने के साथ ही विज्ञान वर्ग, कला वर्ग, कामर्स और व्यवसायिक वर्ग का प्रारूप खत्म हो जाएगा। हर बच्चे को दो वर्ष में व्यवसायिक के दो विषय पढ़ने होंगे। इससे वह बाद में स्वरोजगार भी शुरू कर सकते हैं। सचिव ने बताया कि पाठ्यचर्या में बदलाव के साथ ही ग्रेडिंग सिस्टम लागू कर दिया जाएगा। अंक पत्र में अंकों के सामने ग्रेड भी लिखा रहेगा।

### आंतरिक मूल्यांकन के होंगे 20 अंक

अब तक हाईस्कूल का अंकपत्र 600 अंकों का होता था। वह अब 1000 अंकों का होगा। इसमें प्रत्येक विषय 100 अंक का होगा। उसमें से 80 अंक की परीक्षा होगी और 20 अंक आंतरिक मूल्यांकन से मिलेगा।

**बदलेगा प्रश्नों का प्रारूपः** यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि अब प्रश्न पत्र का प्रारूप भी बदल जाएगा। नए प्रारूप में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। 30 अंकों के दक्षता आधारित प्रश्न और 30 अंक के वर्णात्मक प्रश्न होंगे।

## इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं को स्वाति मालीवाल की चिट्ठी

- राहुल गांधी से मांगा मिलने का समय



**नई दिल्ली।** बीती 13 मई को दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई घटना के बाद एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। स्वाति मालीवाल ने अपने मामले को लेकर इंडी गठबंधन के नेताओं को चिट्ठी लिखी है और उन्होंने मिलने का समय भी मांगा है।

स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि उन्होंने इंडी गठबंधन के बड़े नेताओं को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पर काम किया है और नौ सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की। आगे लिखा कि बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके हुए। महिला आयोग को एक बहुत ऊंचे मुकाम पर खड़ा किया। लेकिन बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे मुख्यमंत्री के घर पर बुरी तरह पीटा गया, फिर मेरा चरित्र हरण किया गया है। आज इस विषय पर मैंने इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है। मैंने सबसे मिलने का समय मांगा है। स्वाति मालीवाल ने दो पेज के लेटर में लिखा- 13 मई 2024 को दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर उनके पीए ने उन मुझ पर हमला किया।

## नीट विवाद : सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिस

**पेपर लीक**

- धोखाधड़ी से डॉक्टर बना व्यक्ति खतरनाक
- 2015 में ऐसी ही टिप्पणी कर एआईपीएमटी रद्द की थी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में नीट यूजी विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने कहा, अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं।

बेंच ने सरकार और एनटीए से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने




इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था, एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवी भट्टी की वैकेशन बेंच ने इस मामले से जुड़ी 4 याचिकाओं को 8 जुलाई को सुनवाई के लिए लिस्ट कर दिया गया है। वकीलों से भी उसी दिन सभी मामलों पर बहस करने के निर्देश दिए हैं। 4 जून को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट का रिजल्ट घोषित किया था। पहली बार ऐसा हुआ है जब 67 कैंडिडेट को 720 में से 720 नंबर मिले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से कई तीखे सवाल किए। अदालत ने कहा कि अगर नीट परीक्षा में 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है तो उससे निपटा जाना चाहिए। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और इस मामले में जवाब दाखिल करने को कहा है। मेडिकल की इस परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं की मेहनत पर बात करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका को विरोधात्मक भाव से नहीं देखा जाना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने कहा कि हम इन परीक्षाओं की तैयारियों में बच्चों की मेहनत से अवगत हैं। कोर्ट ने कहा कि मान लीजिए कि इस सिस्टम से धोखाधड़ी कर के कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए। ऐसा शख्स समाज के लिए नुकसानदेह है। बेंच ने कहा कि परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए आपको मजबूती से खड़ा होना होगा। अगर कोई गलती हुई है तो उसे माना जाना चाहिए और बताना चाहिए कि क्या कार्रवाई की जा रही है।

## प्रज्वल रेवन्ना की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ी

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू की अदालत ने मंगलवार को यौन शोषण और बलात्कार के आरोपी निलंबित जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रतिनिधियों के लिए 42वें अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (एसीएमएम) की विशेष अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने का फैसला सुनाया। गौरतलब है कि हसन जिले के होलेनरसिपुरा में उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में उन्हें 28 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। उन पर 47 वर्षीय पूर्व नौकरानी का यौन उत्पीड़न करने का आरोप था।

रेवन्ना को आरोपी नंबर दो के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जबकि उनके पिता और विधायक एच डी रेवन्ना मुख्य आरोपी हैं। जब मामला प्रकाश में आया, तब तक रेवन्ना देश छोड़ चुके थे और बाद में भारत आने के बाद 31 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हसन




में चुनाव होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को वे जर्मनी चले गए थे गिरफ्तारी के बाद अदालत ने उन्हें 6 जून तक एसआईटी हिरासत में भेज दिया था जिसे बाद में 10 जून तक बढ़ा दिया गया था। सोशल मीडिया पर रेवन्ना के अश्लील वीडियो के वायरल होने के बाद उन्हें यौन शोषण के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। 10 जून को अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, लेकिन आज एसआईटी ने साइबर अपराध के एक मामले में उनके खिलाफ बॉडी वारंट मांगा।

**चैम्पियन** पावो नूरमी खेलों के बने विजेता, जीता स्वर्ण पदक

## पेरिस ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा ने दिखाया दम

- बढ़त लेने के बाद पिछड़ गए थे नीरज
- पहली ही बार में 83.62 मीटर का थ्रो किया
- तीसरे प्रयास में नीरज ने की वापसी




**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। नीरज ने ओलंपिक से पहले हुए इन खेलों में 85.97 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।

नीरज के अलावा फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक और ओलिवियर हेलांडर ने 83.96 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। नीरज चोपड़ा सबसे पहले थ्रो करने आए और उन्होंने पहली ही बार में 83.62 मीटर का थ्रो किया। विश्व चैंपियन नीरज की यह खराब शुरुआत नहीं थी। नीरज एंडरसन पीटर्स से आगे रहे जिन्होंने पहली बार में 82.58 मीटर का थ्रो किया। दूसरे प्रयास में नीरज ने 83.45 मीटर का थ्रो किया जो उनके शुरुआती प्रयास से बेहतर नहीं था। दूसरे प्रयास के बाद नीरज पिछड़ गए थे और ओलिवियर हेलांडर ने बढ़त बना ली थी।

ओलिवियर ने दूसरे प्रयास में 83.96 मीटर का थ्रो किया था। इससे नीरज दूसरे स्थान पर खिसक गए थे। दूसरे प्रयास में पिछड़ने के बाद हालांकि, नीरज ने तीसरे प्रयास में शानदार वापसी की और 85.97 मीटर का थ्रो कर बढ़त हासिल कर ली। नीरज का यह सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। नीरज आठ भाला फेंक एथलीटों में एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने 85 मीटर के थ्रो को पार किया। वहीं, ओलिवियर अपने तीसरे प्रयास में 83 मीटर के पार भी नहीं जा सके और उन्होंने 82.60 मीटर का थ्रो किया। तीसरा प्रयास समाप्त होने के बाद नीरज ने अपनी बढ़त बनाए रखी।

### अंत तक बरकरार रखी बढ़त

नीरज ने चौथे प्रयास में 82.21 मीटर का थ्रो किया। नीरज का यह इस मुकाबले का सबसे कमजोर थ्रो रहा, लेकिन इससे उनकी बढ़त पर कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि अन्य कोई एथलीट उनके सर्वश्रेष्ठ थ्रो के करीब भी नहीं पहुंच सका। इस तरह नीरज ने चौथे प्रयास के समाप्त होने के बाद भी अपनी बढ़त को बरकरार रखा। नीरज पांचवें प्रयास में फाउल कर बैठे, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस प्रयास में भी कोई नीरज को पीछे नहीं छोड़ सका और पांचवें प्रयास की समाप्ति के बाद भी टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता इस खिलाड़ी की बादशाहत बरकरार रही। पांचवें प्रयास में आंद्रियन मारडारे ही 82 मीटर के थ्रो को पार कर सके, जबकि नीरज सहित तीन खिलाड़ियों ने फाउल किया। हालांकि, छठे प्रयास में नीरज ने 82.97 मीटर का थ्रो किया। दिलचस्प बात यह रही कि अंतिम प्रयास में नीरज और मैक्स डेहिंग ही सफल प्रयास कर सके, जबकि अन्य सभी खिलाड़ियों ने फाउल किया।

## यूपी में गर्मी से हाहाकार : प्रयागराज और आसपास के इलाकों में 20 की ली जान

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान ने भी तोड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** राजधानी में बीते कई दिनों से दिन के साथ-साथ रात की गर्मी भी परेशान कर रही है। अभी तक अधिकतम तापमान ही रिकॉर्ड बना रहा था, मंगलवार को न्यूनतम तापमान ने भी रिकॉर्ड तोड़ दिया। 13 साल में इस दिन की सुबह सबसे गर्म रही। न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज हुआ। वर्ष 2011 से वर्ष 2023 तक जून के महीने में इतना अधिक न्यूनतम तापमान नहीं रहा है।



**लखनऊ।** प्रयागराज के मंडल के तीन जिलों में भीषण गर्मी जानलेवा बनी हुई है। लू और गर्मी की चपेट में आकर मंगलवार को 20 लोगों की मौत हो गई। इसमें 15 प्रयागराज, प्रतापगढ़ में चार और एक की कौशांबी में मौत हो गई।

वहीं, गर्मी से हालत बिगड़ने पर कई लोगों को अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालात यह हैं कि दिन ही नहीं रात में भी तापमान अधिक होने से सुकून नहीं मिल पा रहा है। सूरज की तपिश के कारण सुबह 10 से शाम चार बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा है। गर्मी के विकराल रूप को देखते हुए मौसम विभाग ने 22 जून तक लू का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में पूरे सप्ताह अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने का अनुमान है। आलम यह है कि सुबह 10 बजे के बाद से अंगार बन चुकी सड़कों पर एक कदम चलना भी मुश्किल हो रहा है। कई राहगीरों को सिर दर्द व बेचैनी की समस्या रही। अस्पतालों में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं रोजाना डायरिया के 15 से 20 मरीज सामने आ रहे हैं। मौसम के जानकारों के मुताबिक मानसून 22 जून के बाद आने की संभावना है।

CMYK

# योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं योग विषय पर गोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल महामहिम श्रीमती आनंदी बेन पटेल के दिशा निर्देशन में 10वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अन्तर्गत योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं योग विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने योग सप्ताह से सम्बन्धित गतिविधियोंके सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि योगाभ्यास मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। योगाभ्यास सेमस्तिष्क शरीर की अन्य इन्द्रियों को आपस में समन्वय स्थापित करने में सहयोग प्रदान करता है अर्थात योगशरीर, मन और अन्तर्मन को परस्पर जोड़े रखता है। योग के



नियमित व्यवहार से हम तनाव,अवसाद और कोध पर नियंत्रण कर सकते हैं जो कि स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए सभी के लिए आवश्यक है। बी.एड. विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल द्विवेदी ने मानव जीवन में योग के महत्व विषय पर परिचर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग को जीवन शैली के रूप में सभी को अपनाना चाहिए। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने स्वयं एवं समाज क लिए योग विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अब वह समय आ गया है कि युवा विद्यार्थी स्वयं की जीवन शैली में योग को सम्मिलित कर समाज के अन्य लोगों को भी नियमित योग करने के लिए आगे आयें, ऐसा करने से अधिक से अधिक संख्या में लोग स्वस्थ्य रह सकेंगे।

इसीक्रम में योगाचार्य प्रिंस बरनवाल ने अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जानकारी देते हुए छात्र/छात्राओं से अनुरोध किया कि वे सपरिवार नियमित योग कर अधिक से अधिक लोगों को योगाभ्यास में शामिल करने का प्रयास करें। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने सभी को योग शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. एस.के. पाण्डेय, विजय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

## नही पाया गया किसी भी प्रकार का कोई अवैध खनन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** एक्स (ट्विटर) प्लेटफार्म पर मोहम्मदाबाद स्थित जिला पंचायत अमृत सरोवर से अवैध खनन सम्बन्धी खबर प्रचारित हुई है। उक्त का संज्ञान लेते हुये राजस्व खनन व जिला पंचायत की संयुक्त टीम के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें किसी भी प्रकार का कोई अवैध खनन होता नही पाया गया। उक्त स्थल पर बन्धे व बाउन्ड्रीवाल के बाहर सुरक्षात्मक बन्धे का कार्य कराया जा रहा है। जिसका कार्य योजना स्वीकृत होने के उपरान्त ई-टेण्डर जिला पंचायत द्वारा कराकर कार्य प्रारम्भ कराया गया है। संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर खबर भ्रामक और तथ्यहीन होने की पुष्टि की गयी है।

# दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे विद्युत महकमें के आलाधिकारी, दोषियों पर होगी कार्यवाही : महेंद्र

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले में सोमवार को दर्दनाक घटना घटित हुई। थाना हैदराबाद क्षेत्र में नहर पटरी पर सोमवार को 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के सड़क पर गिरे तार से बाइक में आग और करंट लगने से तीन की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके के लिए फ़ोरन रवाना हुए। दुर्घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस हादसे पर डीएम-एसपी ने शोक जताया। दुर्घटना में झुलसी महिला और बच्ची का चिकित्सकों की निगरानी में जिलाचिकित्सालय में उपचार चल रहा है। विद्युत विभाग को दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजन को 05-05 लाख की आर्थिक



सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, सीओ, तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।घटनास्थल के उपरांत डीएम-एसपी सीधे जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचे, जहां उन्होंने चिकित्सकों से भर्ती महिला और बच्ची की कुशलता जानी। उन्होंने अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हैदराबाद थाना क्षेत्र में हृदय विदारक दुर्घटना हुई है, जिसमें 03 लोगों की मृत्यु हो गई है। वही महिला और बच्ची झुलसे हैं, जिनका चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। डीएम ने कहा कि तार टूटा नहीं बल्कि पोल से नीचे गिरा है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए विद्युत महकमें के चीफ इंजीनियर मौके पर पहुंच रहे है।

# एसडीएम की कार्यशैली के खिलाफ वकीलों ने शुरू किया आंदोलन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** निघासन में वकीलों ने एसडीएम की कार्यशैली के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। करीब डेढ़ माह से वकील हड़ताल पर हैं। वकील डीएम से मुलाकात कर एसडीएम की कार्यशैली से अवगत करा चुके हैं, जिस पर डीएम ने एसडीएम को फोन कर वकीलों से वार्ता कर समाधान करने के लिए कहा था। एसडीएम के बुलावे पर शुक्रवार को संघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष रामनिवास जायसवाल, मंत्री उमाकांत जायसवाल सहित वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, सुबोध कुमार, मेजर सिंह, रमेश शर्मा, चन्द्रकेश, विवेक श्रीवास्तव, रामकृष्ण चतुर्वेदी सहित प्रतिनिधि मंडल एसडीएम अश्वनी सिंह के बुलावे पत्र पर वार्ता करने के लिए उनके चैम्बर में गए थे वकीलों ने एसडीएम से कोर्ट की समस्याओं पर वार्ता शुरू की, हर बिंदु पर एक ही जवाब दिया। इस बिंदु पर पहले वार्ता हो चुकी इसलिए इस पर कोई वार्ता नहीं होगी। खतौनी में गलती सुधार के मुकदमों में वकीलों ने कहा कि बिना पक्षों को नोटिस जारी किए, वाद निरस्त कर दिए गए हैं। बिना पक्षों को सूचित किए लोक अदालत में 34 फाइलें निरस्त कर दीं, जिनके खिलाफ पीड़ित पक्ष आगे मुकदमा नहीं किया जा सकता है, जब वार्ता शुरू की, तब एसडीएम ने किसी भी प्रकार की समाधान की पहल नहीं की। वकीलों की एसडीएम से किसी बिंदु पर सहमति नहीं बनी और वार्ता विफल हो गई। उसके बाद वकीलों ने मीटिंग कर निर्णय लिया और मंगलवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा अभियान चलाकर 101 स्मार्ट मोबाइल फोन किए बरामद

**लखीमपुर खीरी।** मोबाइल खोनें की ऑनलाइन शिकायतो का निस्तारण करते हुए साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा अभियान चलाकर 101 अदद स्मार्ट मोबाइल फोन (कीमत करीब 16.80 लाख रूपये) बरामद किया गया। जिन्हे मोबाइल धारकों(स्वामियों) को सुपुर्द किया गया ष्टश्वढ्ढक्र क्कश्रञ्जरु के सम्बन्ध में जानकारी व शिकायत करने का तरीका केन्द्र सरकार द्वारा ष्टश्वढ्ढक्र क्कश्रञ्जरु का गंठन मार्च,2023 में किया गया, जिसमें मोबाइल फोन खो जाने पर ष्टश्वढ्ढक्र क्कश्रञ्जरु की वेबसाइट (ष्द्गद्बह्द्ग1.द्बठ्ठ) पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है।

## पहले ही सही करा लिया गया होता तार तो तीन लोगों की नहीं जाती जान

**लखीमपुर खीरी।** 440 वोल्ट की लाइन टूटकर गिरने से भाई-बहन समेत तीन की मौत के पीछे ऊर्जा निगम की घोर लापरवाही सामने आई है। बिजली का ये तार कई जगह से टूटा था। इसे जैसे-तैसे जोड़कर काम चलाया जा रहा था। अगर इस तार को पहले ही सही करा लिया गया होता, तो सोमवार को तीन लोगों की जान नहीं जाती हैदराबाद क्षेत्र में हेमपुर गांव के पास सीतापुर ब्रांच नहर की पटरी रोड पर शाम साढ़े चार बजे हुए हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।440 वोल्ट का तार गिरने से पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी, बहादुरपुर गांव निवासी बबलू (21), बहन मंजू (28), और मंजू के बेटे अनमोल (4) की जान चली गई। घटनास्थल पर दो-दो खंभो के बीच में करीब 300 मीटर की दूरी है जो तार इंसुलेटर से उतरकर रोड पर गिरा है, वह कई जगह से टूटा हुआ था इसे तार लपेटकर जोड़ा गया था ऊर्जा निगम की इसी लापरवाह रवैये की वजह से यह हादसा हुआ है।

# गोला डिवीजन के अधिशासी अभियंता राज नारायण, एसडीओ सब डिवीजन फर्स्ट विनीत कुमार और जेई गोला टाउन अमृत लाल को निलंबित करने की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** गोला मोहम्मदी विद्युत फीडर की लाइन के इंसुलेटर से निकलकर तार के बाइक पर गिरने के दौरान युवक और उसकी बहन व भांजे की जिंदा जलकर मौत होने के मामले में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रारंभिक जांच के बाद बड़ी कार्रवाई की है ऊर्जा मंत्री ने सोमवार की आधी रात करीब 12-00 बजे एक्स पर ट्वीट करके गोला डिवीजन के अधिशासी अभियंता राज नारायण, एसडीओ सब डिवीजन फर्स्ट विनीत कुमार और जेई गोला टाउन अमृत लाल को निलंबित करने की जानकारी दी। लाइनमैन राकेश कुमार को भी निलंबित किया गया है। वहीं डीएम ने बिजली निगम के अधिकारियों की आज बैठक बुलाई है मामले की विशेष जांच शुरू हो गई है। घटना के कुछ घंटों के बाद जो कार्रवाई हुई है, उससे बिजली विभाग में खलबली मच गई है। सोमवार की शाम हुए हादसे में पीलीभीत जिले के बहादुरपुर निवासी बबलू, उसकी बहन मंजू और एक भांजे की जिंदा जलकर मौत हो गई थी, जबकि बबलू की मां और एक भाजी घायल है, जिनका जिला अस्पताल में उचित इलाज चल रहा है हैदराबाद थाना क्षेत्र में हेमपुर गांव के पास सीतापुर ब्रांच नहर की पटरी रोड पर विद्युत निगम की लापरवाही से तीन जानें चली गई। सोमवार शाम हाईटेंशन लाइन के खंभे के इंसुलेटर से निकला 440 वोल्टेज का तार बाइक पर गिर गया करंट की वजह से बाइक में आग लग गई इससे भाई-बहन समेत तीन की मौत हो गई। जबकि युवक की मां और भांजी छिटक नहर में जा गिरे। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में जान गंवाने वाले बाइक चला रहे युवक की दो जुलाई को शादी थी।

वह मां के साथ रिश्तेदारी में कार्ड बांटने गया था सोमवार को पीलीभीत जिले के सेहरामऊ उत्तरी, बहादुरपुर गांव निवासी बबलू (21) पुत्र अमरीक बाइक से अपनी मां बिंदिया (55) के साथ अपनी शादी के कार्ड बांटने रिश्तेदारी में गया था। बहन मंजू (28) पत्नी सोनेलाल निवासी लालपुरवा नीमगांव के ससुराल भी गया। शाम करीब साढ़े चार बजे बबलू अपनी मां, बहन मंजू, भांजे अनमोल (4) और भांजी खुशी (7) के साथ बाइक से बहादुरपुर लौट रहा था। सभी लोग एक ही बाइक पर सवार थे।

## वाछिंत अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अभियुक्त अनन्तराम वाजपेई पुत्र राधाकृष्ण नि0 रायपुर थाना ईसानगर को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 127/24 अन्तर्गत धारा 420/467/468/471 भा0द0वि0 मे वाछिंत अभियुक्त अनन्तराम उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## सड़कों पर पूरे दिन सन्नाटा रहा, दिनभर लोग गर्मी से रहे बेहाल

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी तो न्यूनतम में 0.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में दिनभर लोग गर्मी से बेहाल रहे। सड़कों पर पूरे दिन सन्नाटा रहा मंगलवार को जनपद का अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि मौसम विभाग लखीमपुर के लिए दिन में ऑरेंज और रात को यलो अलर्ट पहले ही जारी कर चुका है। गर्मी में विशेष सावधानी बरतने की सलाह भी दी है।

# स्नेहिल संस्था का संस्कृति के संवर्धन का प्रयास सराहनीय : डॉ.प्रदीप

अवधनामा संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** संस्कृति संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित कला संगठन स्नेहिल के तत्वावधान में आयोजित जगओम स्मृति सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कस्बा रामपुर मनिहारान के सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित जगओम स्मृति सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्टार पेपर मिल्स के महाप्रबंधक डॉ.प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवीर कुमार, गोचर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओमकार सिंह व डॉ.गिरीराज सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्टार पेपर मिल्स के महाप्रबंधक डॉ.प्रदीप कुमार ने कहा कि स्नेहिल संस्था संस्कृति के



संवर्धन संरक्षण के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रयास कर ही है। उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवीर कुमार ने कहा कि किसी भी देश व समाज का विकास उसकी संस्कृति पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि भारतीय संस्कृति का संरक्षण किया जा सकें। कार्यक्रम को प्राचार्य डॉ.ओमकार सिंह, डॉ.गिरीराज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अखिल भारतीय गुर्जर विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष चौ.देवराज सिंह, खेल में ताईक्वांडो खिलाड़ी राघवी चौधरी व शोध के क्षेत्र में राजीव उपाध्याय को प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व संस्था अध्यक्ष डॉ.ममता सिंह, दुष्यंत धीमान, ऋषिपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.आरबी सिंह व संचालन डॉ.ममता सिंह ने किया। कार्यक्रम में सुनीता पंवार, सुरेन्द्र सिंह, परमवीर सिंह समेत भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## निर्जला एकादशी पर जगह-जगह छबील लगा बांटा मीठा शरबत

**सहारनपुर।** जनपद में निर्जला एकादशी पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि भारतीय संस्कृति में पर्व व त्यौहारों का विशेष महत्व है। प्रत्येक पर्व व त्यौहार कोई न कोई सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा देते है। इसी कड़ी में आज निर्जला एकादशी पर जनपद व महानगर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह-जगह छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया गया, जिसके चलते ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी में राहगीरों ने राहत की सांस ली। निर्जला एकादशी पर आज अखिल भारतीय व्यापार मण्डल, अग्रकुल महिला समिति, हकीकत नगर व्यापार मण्डल द्वारा छबील लगाकर मीठे शरबत की सेवा की गयी। इसी कड़ी में नकुड़ उपजिलाधिकारी संगीता राघव द्वारा अपने कार्यालय के समक्ष मीठे पानी की छबील लगाकर तहसील में आने वाले फरियादियों को स्वयं मीठे शरबत का वितरण किया गया।

# स्वच्छकारों के ईपीएफएवं ईएसआई की कटौती कर उपलब्ध कराएं पासबुक : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि स्वच्छकारों की बस्तियों में प्राथमिकता से विकास कार्य कराकर उनकी स्थिति में सुधार लाया जाए। स्वच्छकारों के पुर्नवासन के लिए स्वच्छकारों की बस्तियों में अधिक से अधिक कैम्प लगाकर ऋण वितरित किया जाए। जिलाधिकारी आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मैनुअल स्केवेन्जर्स के संबंध में जिला निगरानी समिति एवं जिला सर्वेक्षण समिति की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मैनुअल स्केवेन्जर्स का माह जुलाई से पुनः सर्वेक्षण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि पुनः सर्वेक्षण के 15 दिन पूर्व तैयारी को पूर्ण कर लिया जाए तथा 02 अखबारों में इसकी सूचना प्रकाशित की जाए। वार्ड एवं ग्राम पंचायत को ईकाई मानते हुए एक्ट के नियमों को ध्यान में रखते हुए



सर्वेक्षण किया जाए। सर्वेक्षण के पूर्व जुलाई के प्रथम सप्ताह में प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधित निकायों में आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छकारों को प्रशिक्षण दिलाकर कौशल विकास मिशन एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से स्वच्छकारों को प्रशिक्षित कर विभिन्न व्यावसायिक एवं औद्योगिक आस्थानों में स्थानीय स्तर पर ही सेवायोजित कराया जाए। स्वच्छकारों की बस्तियों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजनाएं, सामूहिक विवाह योजना, बीमा योजना एवं आरटीई आदि के संबंध में जानकारी एवं लाभ स्वच्छकारों को दिलाने में संवेदनशीलता बरतें। उन्होने संबंधित विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छकारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से शत-प्रतिशत आच्छादित करवाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में आउटसोर्सिंग, ठेका एवं अन्य माध्यमों से नगर निकायों में तैनात सफाई कार्मिकों के वेतन भुगतान, ईपीएफ ईएसआई एवं साप्ताहिक अवकाश की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि किसी भी कार्मिक का शोषण न हो। उन्होने निर्देश दिए कि सभी स्वच्छकारों को पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएं। निर्देश दिए कि स्वच्छकारों के वेतन से ईपीएफ एवं ईएसआई की कटौती कर उन्हे पासबुक भी उपलब्ध कराई जाए तथा ईएसआई कार्ड को यथाशीघ्र उपलब्ध करवाने के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, जनपद स्तरीय समिति के सदस्य भारत भूषण, राकेश कल्याण एवं श्रीमती रेनू देवी, विनोद घावरी, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीपीआरओ आलोक शर्मा समेत डेविड ढींगिया एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# माह जुलाई से दिसम्बर तक होने वाले ‘सम्पूर्ण समाधान दिवस ‘का रोस्टर निर्धारित

**06 जुलाई को डीएम की अध्यक्षता में तहसील लालगंज सम्पूर्ण समाधान दिवस होगाआयोजित**

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शासन के निर्देशानुसार माह जुलाई से दिसम्बर 2024 तक आयोजित होने वाले ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' में जन समस्याओं के निस्तारण हेतु व कोविड-19 संक्रमण दृष्टिगत माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह की अध्यक्षता में रोस्टर निर्धारित किया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 06 जुलाई 2024 को तहसील लालगंज में जिलाधिकारी तहसील डलमऊ में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील ऊँचाहार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं तहसील महराजगंज में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार 20 जुलाई को जिलाधिकारी तहसील ऊँचाहार में, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सलोन में, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील सदर में एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील डलमऊ में। 03 अगस्त को जिलाधिकारी तहसील सलोन, मुख्य विकास अधिकारी तहसील ऊँचाहार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील महराजगंज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील सदर। 17 अगस्त को जिलाधिकारी तहसील महराजगंज, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील डलमऊ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील लालगंज। 07 सितम्बर को जिलाधिकारी तहसील सदर, मुख्य विकास अधिकारी तहसील महराजगंज, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील लालगंज, अपर जिलाधिकारी




(वि0/रा0) तहसील सलोन। 21 सितम्बर को जिलाधिकारी तहसील डलमऊ, मुख्य विकास अधिकारी तहसील लालगंज, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील सलोन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील ऊँचाहार। 05 अक्टूबर को जिलाधिकारी तहसील लालगंज, मुख्य विकास अधिकारी तहसील डलमऊ, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील ऊँचाहार, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील महराजगंज। 19 अक्टूबर को जिलाधिकारी तहसील ऊँचाहार, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सलोन, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील सदर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील डलमऊ। 02 नवम्बर को जिलाधिकारी तहसील सलोन, मुख्य विकास अधिकारी तहसील ऊँचाहार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील महराजगंज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील सदर। 16 नवम्बर को जिलाधिकारी तहसील महराजगंज, मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील डलमऊ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील लालगंज। 07 दिसम्बर को जिलाधिकारी तहसील सदर, मुख्य विकास अधिकारी तहसील महराजगंज, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तहसील लालगंज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) तहसील सलोन। 21 दिसम्बर 2024 को तहसील डलमऊ में जिलाधिकारी, तहसील लालगंज में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील सलोन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं तहसील ऊँचाहार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे से अपराह्न 02 बजे तक आयोजित किया जायेगा। स्थापित व्यवस्था में माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को कोई सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो अगले कार्य दिवस में तहसील समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन पर जिलाधिकारी के उपलब्ध न होने के दशा में नामित अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस संचालित किया जायेगा।

# अज्ञात बदमाशों ने की सोते समय युवक की गला रेंतकर हत्या

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर क्षेत्रान्तर्गत गांव पीरमाजरा उर्फ खत्रीवाला में बीती रात्रि अज्ञात बदमाशों ने अपने घर के बाहर सो रहे एक ग्रामीण की गला रेंतकर नृशंस हत्या कर दी। ग्रामीण की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुतुबशेर क्षेत्रान्तर्गत गांव पीरमाजरा उर्फ खत्रीवाला में बीती रात्रि 45 वर्षीय बॉबी पुत्र मामचंद अपने घर के बाहर सो रहा था। रात्रि में किसी समय अज्ञात बदमाशों ने गला रेंतकर उसकी निर्मम हत्या कर ली। तड़के करीब 4 बजे परिजन घर के बाहर आये, तो उन्होंने बॉबी का गला कटा हुआ, देखा तो कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थाना कुतुबशेर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना



की जानकारी ली। सूचना मिलने पर एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे मनी की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नशा तस्कर दबोचा, 10.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से नाजायज स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का खिलाफ वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना सरसावा पुलिस ने उपनिरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर नकुड़ रोड स्थित गांव अगवानहेड़ा के पास से एक शातिर नशा तस्कर आवेश पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम तिगरी थाना नकुड़ को गिरफ्तार कर लिया, उसके कब्जे से 10.40 ग्राम अवैध स्मैक व 01 बाईक संख्या यूपी 11सीएन-1158 बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/63(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# मां अचिरावती महोत्सव में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, श्रद्धालुओं ने जमकर लगाए जयकारे

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** रविवार को गंगा दशहरा पर्व पर राप्ती नदी तट पर धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में आयोजित मां अचिरावती महोत्सव में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से विधि विधान से पूजन व 1001 दीप प्रज्वलितकर मां अचिरावती राप्ती की आरती उतारी।

कार्यक्रम का आरम्भ पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मां गंगा के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर किया। वही पंडित राकेश शास्त्री, स्वामी आलोकानंद शास्त्री व शुभम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान से पूजन कर लोक कल्याण व क्षेत्र, क्षेत्रवासियों के कुशलता की कामना किया। भीषण गर्मी में हनुमान चालीसा के पाठ के बाद तेज हवाएं चलने लगी जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारे लगाए। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि धार्मिक, सांस्कृतिक अभियान अंतर्गत विगत 12 वर्षों से लगातार गंगा दशहरा का पर्व डुमरियागंज राप्ती नदी तट पर धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। धर्म रक्षा मंच के बैनर तले सत्य सनातन, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत को बढावा देने के उद्देश्य से लगातार काम किया जा रहा है। जिससे आने वाली पीढ़ियों में धर्म, संस्कृति, पर्व आदि का प्रसार हो सके। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूजा करने से भगवान विष्णु की अनंत कृपा प्राप्त होती है। माना जाता है कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। ऐसे उत्सव से भारतीय सनातन धर्म और परंपराएं प्रगाढ़ होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदुत्व

**सत्य सनातन, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे : राघवेन्द्र प्रताप**

और भारतीय संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करना है, जिससे समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर समरसता कायम कि जा सके। उन्होंने बताया कि सत्य सनातन, धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत को बढावा देने वाले कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने बताया कि गंगा दशहरा का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक महत्व है, ऐसे आयोजनों से पर्यावरण की दृष्टि से नदियों के साफ सफाई व महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता होती है, जबसे यहां अभियान शुरू हुआ है तब से राप्ती का तट काफी स्वच्छ व सुंदर हो गया है। गंगा दशहरा के पर्व को गंगावतरण दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस त्योहार को भारत में बहुत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया है। भारत में सभी नदियों को गंगा की सहायक नदी मानकर उनका पूजन किया जाता हैं। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन देवी गंगा की पूजा करने से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। भजन संध्या के कार्यक्रम में गायिका दीपिका मिश्रा गोण्डा, गायक अंकित शुक्ला गोण्डा आदि की टीम ने श्री गणेश वंदना से आरंभ कर, सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए है...., मेरे झोपड़ी के भाग्य खुल जायेंगे राम आयेंगे... आदि एक से बढ़कर एक सुंदर भजन प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बनाकर श्रद्धालुओं को ढेर रात खूब झुमाया, वही कार्यक्रम में सहयोगी कलाकार ढोलक पर अजय शुक्ला, कीबोर्ड पर टिंकू शुक्ला, पैड पर अमित तिवारी आदि कलाकारों ने अपने बध्यंत्रो से श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने गंगा दशहरा की बधाई देते हुए सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धर्म रक्षा मंच की पूरी टीम व आये हुए श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित, तहसीलदार संतराज सिंह, अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, रामकुमार कुंवर, लालजी त्रिपाठी, हरीशंकर सिंह, अलोकानंद शास्त्री, राकेश शास्त्री, शुभम शास्त्री, नरेंद्र मणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, डॉ0 दशरथ चौधरी, राजेंन्द्र दुबे, विनोद उर्फ पप्पू श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, विकास जायसवाल, अजय गुप्ता, लालजी शुक्ला, मधुसूदन अग्रहरि, प्रियंका श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, ऐडवोकेट इंद्रमणि पाण्डेय, प्रदीप कसौधन, राजन अग्रहरि, राजीव अग्रहरि, शत्रुहन सोनी, संतोष पासवान, शत्रुधन मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव, अमरेंद्र त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, राजकुमार चौधरी, विनय पाठक आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहें।

## कानून समय की आवश्यकताओं का होता है प्रतिबिम्ब: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यो, आई.जी.आर.एस. की मासिक समीक्षा के दौरान उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित करते हुये कहा कि वर्तमान में अधिकांश कृषि भूमि खाली है, धारा-24 के लंबित वादों को निस्तारित कर पैमाइश की प्रक्रिया पूर्ण करायें, भूमि सम्बन्धी विवादों को अभियान चलाकर दि. 25 जून तक निस्तारित करें, धारा-24 मेड़बंदी, पैमाइश के कार्य में अच्छी छबि वाले कानूनगो, लेखपालों को लगाकर पैमाइश करायी जाये, पैमाइश के दौरान स्वयं मौके पर जाकर दोनों पक्षों से वार्ता करें, मौके पर जाकर वार्ता करने से लगभग 80 प्रतिशत भूमि सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण स्वतः होगा। उन्होने कहा कि कानून समय की आवश्यकताओं का प्रतिबिम्ब होता है, संवेदनशीलता, जिम्मेदार प्रशासन का एहसास प्रत्येक गरीब, मजबूर, पीड़ित व्यक्ति को हो, प्रत्येक फरियादी की समस्या का प्राथमिकता पर निराकरण किया जाये, किसी भी फरियादी को अपनी समस्या के निदान के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, सुनिश्चित किया जाये।

उन्होने कहा कि अभियान के दौरान जिस भूमि की पैमाइश हो चुकी है परंतु अवैध कब्जेदारों द्वारा पुनः पीडित की भूमि पर कब्जा किया गया हो, उन अवैध कब्जे धारकों को भू-माफिया में चिन्हित कर कार्यवाही की जाय। उन्होने कहा कि भू-माफियाओं द्वारा गरीबों का शोषण, तालाब, चारागाह, ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा न हो, जहां भी सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे हों उन्हें तत्काल खाली कराया जाये। उन्होने अंश निर्धारण की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर तहसीलदार सदर, भोगांव को प्रतिकूल प्रविष्टि, सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, राजस्व वसूली में तहसील घिरोर, मैनपुरी, भोगांव की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर सम्बन्धित तहसीलदार को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## फसल की रखवाली कर रहे किसान पर पेड़ की डाली गिरने से मौत

**ललितपुर अवधनामा संवाददाता।** अपने खेत की रखवाली कर रहे किसान पर पेड की डाली गिरने से मौत हो गई। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम एरावनी निवासी परमानंद 55 बर्ष पुत्र प्यारे लाला अपने खेत पर बोई हुई मूंग की फसल की रखवाली करने के लिए गया हुआ था, तेज धूप से बचने के लिए खेत पर ही खड़े हुए आम के पेड़ के नीचे बैठकर फसल की रखवाली करने लगा, जब वह देर तक घर वापिस नहीं पहुंचा, तो उसके परिजन उसे ढूंढते हुए खेत पर पहुंचे, जहां वह लहूलुहान हालत में पेड़ की डगार के नीचे दबा पड़ा था, परिजन उसे लहु लुहान अवस्था में उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे 108 एंबुलेंस के द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने परीक्षणोपरान्त उसे मृतक घोषित कर दिया व शव मोर्चरी में रखकर पुलिस को सूचित किया।


### सूचना

सूचना मैं मोहम्मद असद हुसैन पुत्र सय्यद बाक़र हुसैन निवासी 449 / 43 इक़बाल नगर हुसैनाबाद लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मेरा पूरा नाम मोहम्मद असद हुसैन है जो कि पासपोर्ट संख्या P 7265003 में सिर्फ असद लिखा है जो कि अधूरा है मुझे मेरे नाम मोहम्मद असद हुसैन से जाना एवं पहचाना जाये और पासपोर्ट में नाम संशोधित किया जाये।

**मोहम्मद असद हुसैन पुत्र सय्यद बाक़र हुसैन निवासी 449/43 इक़बाल नगर हुसैनाबाद लखनऊ**

### उत्तर रेलवे
#### ई–ऑक्शन सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-JNH-FW-139-24-2 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-06-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-07-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 01-07-2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-BOY-FW-30-22-2 (Parking Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14-06-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-07-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 01-07-2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1825/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### नीलामी सूचना

नेहरू युवा केंद्र, अमेठी की निष्प्रयोज्य सामग्रियों / वस्तुओं की नीलामी दिनांक 24.06.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर गठित समिति के समक्ष की जानी है। नीलामी की शर्ते नेहरू युवा केंद्र नोटिस बोर्ड पर चस्पा है अथवा किसी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**उपनिदेशक/ओएसडी**
**नेहरू युवा केंद्र, क्षत्रीय भवन सरवनपुर, अमेठी**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- वन्सहिया विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत वन्सहिया द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रेम प्रकाश गौड-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-वन्सहिया**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-वन्सहिया**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- भटौली खुर्द विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत भटौली खुर्द द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**साधना यादव-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-भटौली खुर्द**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-भटौली खुर्द**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- गौरी खुर्द विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत गौरी खुर्द द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**संजय यादव-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-गौरी खुर्द**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-गौरी खुर्द**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- हरेरामपुर विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत हरेरामपुर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**संजीव गुप्ता-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-हरेरामपुर**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-हरेरामपुर**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- बेलकुण्डा विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत बेलकुण्डा द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**राम भगत-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-बेलकुण्डा**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-बेलकुण्डा**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- भृगुजरी विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत भृगुजरी द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**संजू देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-भृगुजरी**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-भृगुजरी**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- बेलकुण्डा विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत बेलकुण्डा द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**राम भगत-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-बेलकुण्डा**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-बेलकुण्डा**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

### कार्यालय : ग्राम पंचायत- करमाजीतपुर विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत करमाजीतपुर द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**मीना देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-करमाजीतपुर**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-करमाजीतपुर**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

# एचबीवाईसी के तहत आशाओं के छठें बैच का प्रशिक्षण आरंभ



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** छोटे बच्चो का गृह भ्रमण देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आशा बहुओं के छठें बैंच के प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शैलेंद्र मणि ओझा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ.ओझा ने प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य के बारे में आशाओं जानकारी देते हुए बताया कि 3 माह से 15 माह के बच्चों को 3 माह, 6 माह, 9 माह, 12 माह तथा 15 माह में कुल पांच बार भ्रमण करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित समस्त प्रकार की जानकारी लिया जाए जिसमें मुख्य रूप से निमोनिया , एनीमिया, कुपोषण, तेज बुखार आदि के लक्षण पाए जाने पर तुरंत बच्चों को इलाज हेतु संदर्भित किया जाए, जिससे बच्चों के मृत्यु दर को कम किया जा सके। डा.ओझा के द्वारा बताया गया आशाएं स्वास्थ्य विभाग के रीढ़ की हड्डी है, आशाओ के द्वारा ग्राम स्तर पर विभाग के समस्त कार्यक्रमों का संचालन किया जाना होता है। सुषमा द्विवेदी के द्वारा आशा बहू को बच्चो में कुपोषण के लक्षण के विषय में प्रशिक्षित किया गया, जिससे कुपोषण के आरंभिक स्थिति में बच्चों को संदर्भित किया जा सके। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजीव त्रिपाठी तथा बीसीपीएम मैराज अहमद के द्वारा ब्लॉक के अंतर्गत कार्यरत समस्त आंगनवाड़ी, आशा बहुओं, संगिनी को ग्रह भ्रमण पर विशेष ध्यान देने की बात की गई। इस दौरान फूल कुमारी, सूर्य देव सिंह, शीला, कृष्णावती, मधुवाला, प्रतिभा, मंजू, रेखा, सुशीला, माया आदि उपस्थित रहे।

# तीन नवीन अपराधिक कानून के सम्बन्ध में ट्रेनिंग/ वर्कशाप का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या 2053 के अनुपालन एवं जनपद एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश के क्रम में पराविधिक स्वयं सेवकगण को केन्द्र सरकार द्वारा तीन नवीन अपराधिक कानून यथा भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बन्ध में ट्रेनिंग/ वर्कशाप का आयोजन किया गया। बैठक में चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल अश्वनी कुमार मिश्र, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल फराज अहमद, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल अशोक चन्द्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सिल एहतेशामुद्दीन, ई-सेवा केन्द्र जनपद न्यायालय में तैनात पीएलवी चन्द्रधर चौहान, फ्रंट आफिस एडीआर में तैनात रमानाथ मिश्र, विधिक योजनाओं के संचालन हेतु एडीआर भवन में तैनात पीएलवी मनोज कुमार, किशोर न्याय बोर्ड में तैनात चन्द्रशेखर, किशोर न्याय बोर्ड में तैनात शैलेष कुमार यादव, वन स्टाप सेन्टर में तैनात मनीषा मिश्रा, विधिक सहायता केन्द्र तहसील बांसी के अभिषेक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे तथा नियुक्त किये गये 4 विद्वान अधिवक्तागण को दी गयी। मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा लागू नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं महिलाओं तथा बच्चों के साथ लैंगिक अपराध एक ही अध्याय के अधीन रखे जाने तथा अपराध होने पर प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराये जाने की प्रक्रिया, नवीन कानून के तहत आनलाइन माध्यम से प्रथम सूचना रिर्पोट पंजीकृत कराये जाने के उपबन्ध, नवीन भारतीय न्याय संहिता में बच्चों की परिभाषा में 18 साल के कम उम्र के सभी बच्चों को रखे जाने तथा शारिरिक संबंध बनाये जाने हेतु किसी महिला की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित किये जाने, भारतीय नागरिक संहिता में वृद्धों व असहाय व्यक्तियों को गिरफतारी से मिलने वाली छूट, 7 साल तक की सजा वाले मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने से पहले प्रारम्भिक जांच के उपबन्ध, गिरफतारी के समय पारिवारिक सदस्यों को अनिवार्य रूप से गिरफतारी की सूचना दिये जाने तथा परिवार के मामलों में प्रस्तावित अभियुक्तों को भी सुने जाने के उक्त नवीन उपबन्ध तथा पत्रावली उपान्तरित किये जाने, आरोप पर सुने जाने, बलात्कार जैसे मामलों में विचारण हेतु तथाा बहस सुनने के पश्चात निर्णय पारित किये जाने हेतु नियत समयावधि अंकित होने के विषय में स्पष्ट जानकारी उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकगण को दी गयी। अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल द्वारा विशेषज्ञ वक्ता के रूप में नवीन भारतीय न्यायिक संहिता में नागरिकों को न्याय उपलब्ध कराये जाने के संदर्भ में किये गये नूतन परिवर्तनों जैसे कि इलेक्ट्रानिक माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की सुविधा, तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इलेक्ट्रानिक माध्यम से सजोये गये साक्ष्य की वैधता एवं उपयोगिता आदि विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

# त्याग, बलिदान व समर्पण का पर्व ईद उल अजहा





अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** अल्लाह के प्रति त्याग, बलिदान व समर्पण का पर्व ईद उल अजहा बकरीद पूरे क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सोमवार की सुबह इस्लाम धर्म के मानने वाले लोगो ने ईदगाह में जाकर ईद उल अजहा की नमाज अदा कर विश्व शांति के लिए दुआ किया। तत्पश्चात घर पर पहुंचकर जानवरों कुर्बानी किया।

बकरीद पर्व पर नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई किया तथा ईदगाह व मस्जिदों को जाने वाले रास्ते पर चूना आदि का छिड़काव कराया था। पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए ईदगाह व पूरे नगर में काफी संख्या में पुलिस गश्त करती रही। ईदगाह पर नमाज अदा होने तक एसडीएम कुणाल, सीओ सतीश चन्द्र पाण्डेय, कोतवाल बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी डटे रहे। नगर के साथ साथ बेलौहा बाजार पचमोहनी, देवरी, हरैंया, भिटिया, डिड़ई, करही, जमुनी, तिलौली, बेलगढ़ी, महोखवा, काजी रुधौली, पथरा, सिसई, बराव, परसपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी परंपरागत तरीके से बकरीद मनाया गया।

# शिव मंदिर पर प्रथम स्थापना समारोह को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

## डुमरियागंज के ग्राम बहेरिया में नाथ भवन शिव मंदिर पर तीन दिनों तक चलेगा धार्मिक आयोजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के बहेरिया स्थित नाथ भवन शिव मंदिर पर आयोजित प्रथम स्थापना समारोह को लेकर मंगलवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें तमाम महिलाएं व पुरुष सिर पर कलश लेकर जल भरने के लिए डुमरियागंज? स्थित राप्ती तट पर रवाना हुए। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी संख्या मौजूद रही।

शिव मंदिर पर स्थापना दिवस को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें श्रीराम चरित मानस पाठ व? भंडारा शामिल है। सुबह करीब 10 बजे से ही मंदिर पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हुआ। जिसके बाद कथावाचक स्वामी आलोकानंद शास्त्री के नेतृत्व में कलश में जल भरने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था बहेरिया गांव से डुमरियागंज? के लिए रवाना हुआ। गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु कादिराबाद, अगया, मिश्रौलिया, औसानपुर होते हुए भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए वाहन में सवार होकर राप्ती तट पर पहुंचे। जहां पर विधि विधान से कलश में जल भरा गया। वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मंदिर में आचार्य राकेश द्विवेदी द्वारा किए गए वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश स्थापना की गई। मंदिर के व्यवस्थापक अमरनाथ पाण्डेय ने बताया कि प्रथम स्थापना समारोह को लेकर कलश यात्रा के साथ अखंड रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का समापन 20 जून को भंडारे के साथ होगा। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, राम अचल यादव, जगन्नाथ पाण्डेय, राजेन्द्र नाथ, राजेश, भोला , प्रभूनाथ, कौशल, विकास, शिवकुमार पाण्डेय, मधुसूदन पाण्डेय, राजन, प्रदीप, आकाश, विकास, राम विलास, विंदेश्वरी विश्वकर्मा, रंजीत आदि मौजूद रहे।

## ई रिक्शा खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से चालक घायल

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढ़ेबरुआ थाना क्षेत्र के मड़नी जियाभारी मार्ग पर रविवार की देर शाम को एक ई रिक्शा खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई जिससे रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, आनन फानन मे स्थानीय जनों ने घायल को पीएचसी बढ़नी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के मड़नी जियाभारी मार्ग पर रविवार की देर शाम लगभग 8 बजे ई रिक्शा चालक सवारी छोड़कर जियाभारी से मड़नी की तरफ वापस लौट रहा था कि इसी रोड पर अंधेरे में ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी , बताते हैं कि इतने में ई रिक्शा के पीछे से तेज रफ्तार से आ रही बाइक मोड़ते समय ई रिक्शा से टकराई और जिससे रिक्शा चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई और ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मौके पर मौजूद स्थानीय जनों ने उसे बढ़नी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने सर में गंभीर रूप से चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# धोती पहनना वेष नहीं, हमारी मर्यादा है धोती : चिंतामणि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विद्या भारती शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत द्वारा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में आयोजित नव चयनित आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के सातवें दिवस मंगलवार को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह मंत्री चिंतामणि सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा धोती पहनना कोई वेष नहीं धोती हमारी मर्यादा है। धोती पहन कर गलत कार्य करने की हिम्मत नहीं हो सकती इसलिए पूजा पद्धतियों में भी धोती पहनाया जाता है।

आगे उन्होंने कहा जिस शब्द से विद्यालय की पहचान थी वह शब्द लुप्त हो रहा है सर और मैम शब्द हमारे लिए हितकर नहीं है। 1952 में जब पहली बार गोरखपुर में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना हुई। जब कोई नया काम करना हो तो उपहास, आलोचना और विरोध तीनों का सामना करना पड़ता है। समाज के लोग कहते थे कि विद्यालय नहीं है, आरएसएस का मंदिर है। समाज ने विरोध करना शुरू कर दिया लेकिन जब समाज विरोध करता हो तो उसका उत्तर देने के लिए तैयार रहना चाहिए लोग पूछते थे इस मंदिर का पुजारी कौन है तो उत्तर दिया जाता था। हमारे आचार्य ही इसके पुजारी है शिशु ही भगवान है उसी के अंदर देवत्व है। जगह-जगह फूल लगाए जाते थे और लिखा जाता था फूलों से नित करना सीखें फूलों से नित हंसना सीखें।

परिस्थितियों बदली आज समाज हमारे साथ खड़ा है। हम उसका भरपूर उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। लोगों के विरोध करने का एक कारण भी था इस देश में जो भी शासक आए यहाँ के धर्म और शिक्षा में परिवर्तन पहला विषय था। मुगल आए मौलवी लाए अंग्रेज आए पादरी लाये। लोग सोचते थे अंग्रेज गए अंग्रेजी और अंग्रेजित भी जाएगी लेकिन अंग्रेजों के जाने के बाद अंग्रेजी और अंग्रेजियत आज भी रह गई।उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालते हुए कहा यह शिक्षा नीति धरती पर उतारने के लिए समाज के अनुरूप बनी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इससे शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन दिखाई देगा क्योंकि इसमें गुणवत्तापूर्ण और मूल्य परक शिक्षा को महत्व दिया गया है। इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति गोरक्ष प्रांत के प्रदेश निरीक्षक राम सिंह, बलिया संभाग के संभाग निरीक्षक कन्हैया चौबे, प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा, बालिका विद्यालय की प्रभारी प्रतिमा सिंह समेत व्यवस्था में लगे आचार्य बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय परीक्षा प्रमुख दिवाकर मिश्र ने किया।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें। इस दौरान सभी बैरको का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें सन्तोष जनक पायी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एवं आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

## पतंजलि का योग प्रोटोकाल कल से किसान डिग्री कॉलेज बस्ती में

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** विश्व योग दिवस को विराट रुप देने के लिए पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, महिला पतंजलि योग समिति और इंडियन योग एसोसिएशन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सामाजिक धार्मिक संस्थानों से सम्पर्क कर अपने कार्यकर्ताओं सहित विश्व योग दिवस में आमंत्रित कर रहे हैं। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद मिश्र सावित्री विद्या विहार, संतोष विजयलक्ष्मी सिंह जी वी एम कान्वेंट स्कूल, अमित गुप्ता नमामि गंगे, राजेन्द्र जायसवाल आर्य समाज, अजीत कुमार पाण्डेय आर्य वीर दल, बृहस्पति पाण्डेय युवा विकास समिति, राहुल श्रीवास्तव बस्ती विकास समिति, जे पी सिंह संकल्प चेरिटेबल ट्रस्ट,राम मोहन पाल विश्व संबाद परिषद, अविनाश श्रीवास्तव चित्रांश क्लब, मयंक श्रीवास्तव रोटरी क्लब, स्वरा एकेडमी, संघमित्रा, इनरव्हील क्लब, गोपेश पाल विश्व हिंदू परिषद, आशीष श्रीवास्तव भारत विकास परिषद, नागेन्द्र प्रताप सिंह प्रान्त मंत्री, श्रद्धेय पाल बजरंग दल, और पंकज त्रिपाठी सनातन धर्म संस्था सहित अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को निमंत्रण दिया गया।

# आईजी से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की: विनय वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर।** विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने आईजी को पत्र लिखकर गत 28 अप्रैल को ढ़ेबरुआ थानाक्षेत्र के गड़रखा में अवैध खनन के दौरान ट्रैक्टर चालक के जलकर मरने के बाद कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताया है। उन्होंने अल्टीमेटम दिया कि अगर इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो वह मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने के अलावा इसे विधानसभा के मानसून सत्र में भी उठायेंगे। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने बस्ती रेंज के आईजी को पत्र लिखकर ढेबरुआ थानाक्षेत्र के गड़रखा में गत 28 अप्रैल को अवैध खनन के दौरान ट्रैक्टर पलटने से चालक मायाराम की जलकर मौत हो गयीं थी। मौत के बाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की कवायद में उन्होंने पहली बार 29 अप्रैल को और उसके बाद लगातार 1 मई, 2 मई, 5 मई, 7 मई, 18 मई व 6 जून को पत्र के माध्यम से सम्बन्धित सभी अधिकारियों व प्रशासन के उच्च अधिकारियों से इस प्रकरण की सत्यता व संलिप्तता हेतु नाम खुलासा करने व कार्रवाई की दिशा में जानकारी देने को कहा था। पुलिस प्रशासन द्वारा केवल खानापूर्ति किया जा रहा है। उन्होंने पुनः पहले की तरह इस पूरे प्रकरण में प्रशासन के उच्च अधिकारियों एसपी, एसडीएम शोहरतगढ़, खनन पदाधिकारी समेत ढ़ेबरुआ एसओ शोहरतगढ़ की इस घटना में संलिप्तता और गैरजिम्मेदारी की सघन जांच की मांग किया है। उन्होंने अल्टीमेटम दिया है कि अगर इस मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो वह मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने के अलावा इसे विधानसभा के मानसून सत्र में भी उठायेंगे।

**ग्राम प्रधान की संलिप्तता से अवैध खनन के दौरान ट्रॉली पलटने से मायाराम की जलकर हुई मौत**

## मनाई गई विधायक के पिता की पुण्यतिथि



**महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी के पिता स्व.सिंहासन चौधरी की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके गांव सिंहपुर स्थित समाधि स्थल पर पारिवारिक सदस्यों और क्षेत्र के अनेक लोगों ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक वीरेंद्र चौधरी,प्रदीप चौधरी, डा. अजय चौधरी सहित परिवार के सारे सदस्यों ने श्रद्धानवत होकर स्व.पिता श्री को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रसाद वितरण का भी आयोजन हुआ। श्रद्धांजलि में में जिले भर के कांग्रेस व सपा कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें डा.राम नारायन चौरसिया, सुदेश मोहन श्रीवास्तव एडवोकेट, मुकेश श्रीवास्तव, प्रणय गौतम, विनय तिवारी, एडवोकेट विजय सिंह आदि की उपस्थिती खास रही।

## बौद्ध धम्म सम्मेलन हुआ आयोजित




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बेंवा में स्थित एम.एच. मैरेज हॉल में दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इण्डिया (भारतीय बौद्ध महासभा) के तत्वाधान में आयोजित बौद्ध धम्म सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्रबोधि पाटिल, भंते आदि ने तथागत गौतम बुद्ध व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। जिसके बाद संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र बोधि पाटिल सहित सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंद्र बौद्ध, दुष्यंत राव बौद्ध, सरवन पटेल, अनिल कुमार आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबक्स गौतम व संचालन राम प्रकाश गौतम ने किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामबक्स गौतम, मंडल अध्यक्ष तिलक राम गौतम, डॉ.शीश कुमार, बच्चा राम बौद्ध, दिवाकर बौद्ध, सिद्धू बौद्ध, अनिल कुमार गौतम, प्रभावती, मंजू गौतम, करन गौतम, अभय कुमार आजाद, गोविंद गौतम आदि बौद्ध अनुयायी उपस्थित रहे।

# डीएम ने की विकास कार्यो की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास कार्यो की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिया कि जो कार्य चल रहे है उनका निरीक्षण करे तथा कार्यो को समय से पूर्ण कराये। जिन कार्यो को कराने हेतु टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है उन्हे शुरू करायें।

परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिया कि जो सोलर लाइटब् लगी है उनका सत्यापन कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गौशाला पर गोवंश के लिए पर्याप्त चारा भूसा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। निराश्रित पशु सड़को पर न घूमने पाएं, उन्हे गोशाला में संरक्षित करायें तथा पशुओं का टीकाकरण कराया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि एम्बुलेस समय से पहुॅचे जिससे मरीजो को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने अधि0 अभि0 विद्युत को निर्धारित शेड्यूल के हिसाब से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी को जनपद में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर दुकानदारों द्वारा खाद की बिक्री किया जाये, कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। कृषि रक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि रसायन एवं कीटनाशक दवाओं पर पारदर्शिता से कराने तथा डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी को सीधे खाते में प्रेषित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत स्कूलो में पेन्टिंग व अन्य कार्यो को कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास तथा मुख्यमंत्री आवास का लक्ष्य समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लोग समय से अपने कार्यालय में उपस्थित रहेगे तथा जनता की समस्याओ को सुनकर उसका निराकरण कराना सुनिश्चित करे। बाढ़ संबंधित समस्त तैयारियां समस से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (बाल स्वास्थ्य गारन्टी योजना), महिला नसबन्दी, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 डीके चौधरी, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीएनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, उपकृषि निर्देशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, तथा समस्त संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया बकरीद का त्योहार, गले मिलकर दी एक दूसरे को मुबारकबाद



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** त्याग व बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। जामा मस्जिदों व ईदगाहों में जहां बकरीद की विशेष नमाज अदा की गई, वहीं अल्लाह की राह में लोगों ने विशेष जानवरों की कुर्बानी भी पेश की। हजरत इब्राहिम व हजरत इस्माईल के बलिदान के इस त्योहार पर इलाके में सुबह से ही रौनक पूरे शबाब पर दिखी। छोटे हों या बड़े सभी नये व साफ-सुथरे परिधानों में नजर आए। निर्धारित समय पर लोग अपने नजदीक की जामा मस्जिद व ईदगाहों में जाकर बकरीद की नमाज पढ़ी, खैर व बरकत के साथ मुल्क की सलामती की दुआएं मांगी गई। पेश इमामों ने नमाज के बाद संबोधन में बकरीद त्योहार की विशेषता पर विस्तार से रोशनी डाली। हल्लौर जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कहा कि त्योहार पर हमें नेक काम करने व अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। जो भी काम करो अल्लाह की खुशनूदी के लिए करो, कोई भी काम अगर सिर्फ दिखाने के लिए है तो उसे अल्लाह कुबूल नहीं करेगा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे त्योहार की मुबारकबाद दी। डुमरियागंज नगर समेत, बैदौला, हल्लौर, जबजौवा, बसडिलिया, बेवां, बयारा, वासा, रसूलपुर, कुसहटा, बिथरिया, कादिराबाद, भरवठिया, हथपरा आदि इलाके में नमाज के दौरान रौनकें शबाब पर दिखीं।

## ज्येष्ठ माह के चौथे मंगल को भंडारे का आयोजन

**अंबेडकरनगर टांडा अवधनामा संवाददाता।** विद्युत नगर नगर पंचायत इल्तिफातगंज के कटरिया वार्ड नं 07 में बड़ा मंगलवार पर विशाल भंडारे का आयोजन हरि श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं वार्ड वासियों के सौजन्य से लास्ट मंगलवार को पूजार्चना कर सभी भक्तो ने बड़ा मंगलवार को महावीर बजरंग बली का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ महावीर बजरंग बली का प्रसाद ग्रहण कर चौथा बड़ा मंगलवार का विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ वही मौजूद रहें। वार्ड नं 07 के सभासद आरती सिंह, सभासद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, विवेकानंद इण्टर कॉलेज विद्या मंदिर शिशुकुंज, प्रबन्धक रामतीरथ यादव, अरविंद सिंह सिनियर अध्यापक, कटरिया ग्राम सभा से समाज सेवी घनश्याम वर्मा, भाजपा नेता अजय मोदी,भाजपा मण्डल अध्यक्ष अजीत तिवारी, रोशन सिंह यादव, श्री हरेंद्र यादव, छोटे लाल सोनी, एवं आदि लोग मौजूद रहे।



## जी-7 समिट

इस समिट को दूसरे युद्ध के बाद के बाद का सबसे महत्वपूर्ण शान्ति सम्मेलन माना जा रहा है। मोदी विश्व पटल पर इस समय लगातार तीसरा ऐतिहासिक टर्म प्राप्त कर सबसे वरिष्ट लम्बे काल तक सत्तारूढ़ वैश्विक नेताओं में शामिल हो गये है। इस समय रूस यूक्रेन युद्ध सबसे बड़ा आशान्ति और विपदाओं की वजह बना हुआ है। भारत ग्लोबल साउथ का प्रमुख आवाज बना हुआ है। रूस और यूक्रेन से भारत के अच्छे सम्बन्ध है दोनों को युद्ध के खिलाफ समझा चुका है कहा है युद्ध का युग नहीं है।


भारत ग्लोबल साउथ का हितरक्षक है। प्रमुख संकट है सप्लाई चेन में बाधा है ऊर्जा संकट है और खाद्य असुरक्षा है। इसलिये क्षेत्र में शान्ती और स्थिरता लाने के लिये लोकतन्त्र, कूटनीति और संवाद के लिये महत्वपूर्ण लकीर खीचने में उसे मेहनत करनी पड़ेगी मोदी के लिये मुशकिल नहीं होगा। शान्ति सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब मोदी की लोकप्रियता और स्वीकारिता के ऊंचे पायदान पर है। इसके पीछे जी-20 की सफल संयोजन है जिसकी चमक लोग भूले नहीं है। युद्ध को लेकर रूस पर सीधा आक्रमणा न करने की वजह से योरोपीय देश उनसे खफा था। पर अब मोदी की महत्ता समझ में आ रही है। और विरोध का स्वर दब गया है। भारत वैश्विक मध्यस्थ की भूमिका में स्थापित हो रहा है।

रूस यूक्रेन युद्ध ने चुनौतियो को बढ़ा दिया है। ग्लोबल साउथ को मिलने वाली विकास सहायता में कमी आ गयी है। इनकी अर्थव्यवस्था कर्ज से त्रस्त है। योरप भारत की भूमिका में दिलचस्पी ले रहा है। योरोपीय देश विकासशील देशों का भरोसा पाने में असफल है। ऐसे में पश्चिमी देशों और ग्लोबल साउथ का भरोसा मोदी पर आके टिक गया है। वे भारत के नेतृत्व और प्रभाव को लेकर पूरी तरह कायल है।

चूकी भारत पूर्वी और पश्चिमी दोनो देशों में अपनी दोस्ती को लेकर अश्वस्त है। भारत ने अपने प्रयत्नों से विश्वपटल पर विशिष्ट स्थीति बना ली है। इसे सभी स्वीकारते है। भारत ग्लोब साउथ के नेता रूप में आगे बढ़ कर काम करना चाहता है। जलवायु वार्ताओं में विश्व का जो दृष्टिकोण है उससे भारत को रूस युक्रेन में शान्ती के लिये विशिष्ट फार्मूला निकालने में सफलता मिल सकती है। भारत रूस और युक्रेन को मित्रवत सलाह देकर युद्ध से परहेज की बात करता रहता है। विश्व को भी शान्ती के प्रयास में आगे बढ़ने के लिये कहता रहता है। भारत रूस और यूक्रेन को बिना किसी लाग लेपट के शान्ती के लिये समझता रहता है। दोनो में अपना सदभाव भी बनाये रखता है। यह उसकी कूटनीतिक क्षमता और कुशलता है। प्रधानमंत्री मोदी रूस के लिये भरोसेमन्द साझेदार दिखता है। सर्वजनिक रूप से पुतिन को सलाह भी दे चुके है कि यह युद्ध का युग नहीं है। भारत की दोस्ती और सलाहकार की क्षमता मौजूदा माहौल में भारत को और मोदी को महत्वपूर्ण बना देती है। शान्ती वार्ता मोदी के ग्लोबल लीडर के तस्वीर को और चमकदार बनायेगी। साथ में भारत तो चमकेगा ही इस स्थति का भारत को दिर्घकालिक फायदा भी मिलेगा। जय भारत जय मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था, लेकिन वर्ष 2016 में उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और वर्ष 2019 को पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले की अनुमति देकर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया कि वार्ता और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। सिर्फ यही नहीं, पाकिस्तान के साथ व्यापार को भी बंद किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया। सऊदी अरब समेत लगभग सभी खाड़ी देश पाकिस्तान के बजाय भारत को प्राथमिकता देने लगे।

# नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान



राजेश माहेश्वरी

जम्मू-कश्मीर में बीते तीन दिन में एक के बाद एक आतंकी घटनाओं ने सीमा पार से हो रही घुसपैठ के खतरों की ओर फिर से आगाह किया है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच ये आतंकी हमले बताते हैं कि आतंकी संगठन जम्मू-कश्मीर में आम लोगों में खौफ पैदा करने में जुटे हैं। डोडा में आतंककारियों ने सेना की चैकी पर हमला कर दिया। यह कठुआ में आतंकियों की गोलीबारी में एक जने की मौत और दो अन्य के घायल होने के कुछ घंटों बाद ही हुआ। वहीं तीन दिन पहले ही आतंककारियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर कायराना हमला किया था। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। अचानक आतंकी हमले बढने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा-हालात पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने जो शीर्ष बैठकें की हैं, वे बेमानी नहीं हैं, लेकिन उन्हीं से पाकपरस्त आतंकवाद को कुचला और जड़ से उखाड़ा नहीं जा सकता। कश्मीर घाटी और अन्य राज्यों में सक्रिय आतंकवाद या उग्रवाद के उदाहरण हमारे सामने हैं। सेना, सुरक्षा बलों, पुलिस और स्थानीय गुप्तचरों के साझा ऑपरेशन कई साल तक चलाने पड़े, तो आज घाटी लगभग आतंकवाद-मुक्त है। हम इन बैठकों को खारिज नहीं करते, क्योंकि कई विचार सामने आकर साझा किए जा सकते हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा, नियंत्रण-रेखा से जम्मू-कश्मीर की जमीन तक जो सेना सक्रिय रही है, उसके समानांतर सुरक्षा-बल तैनात और सक्रिय रहे हैं। स्थानीय सूचनाओं और गतिविधियों की सूत्रधार स्थानीय पुलिस रही है। ऐसी तमाम एजेंसियों को एक सर्कुलर के जरिए निर्देश और आदेश दिए जा सकते थे। उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार अपना आदेश दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था, लेकिन वर्ष 2016 में उड़ी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और वर्ष 2019 को पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले की अनुमति देकर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया कि वार्ता और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। सिर्फ यही नहीं, पाकिस्तान के साथ व्यापार को भी बंद किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया। सऊदी अरब समेत लगभग सभी खाड़ी देश पाकिस्तान के बजाय भारत को प्राथमिकता देने



लगे। इससे हताश पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ ने कश्मीर को अशांत बनाए रखने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन अनुच्छेद 370 हटने के बाद हालात बेहतर होते चले गए। आतंकियों पर सुरक्षाबलों का शिकंजा भी कसता गया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने पहले जम्मू संभाग के सीमावर्ती पुंछ और राजौरी जिलों में कई बड़े हमले किए और अब तीसरी बार भी मोदी सरकार बनते देख पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने जम्मू के रियासी, कठुआ और डोडा में हमलों को अंजाम दिया।

जम्मू संभाग के राजौरी, पुंछ, कठुआ, डोडा से किश्तवाड़ तक आईबी गुप्तचर की सूचनाएं इतनी सटीक नहीं हो सकतीं, जितनी एक स्थानीय जासूस की गुप्तचरी सटीक हो सकती है और लक्ष्य तक पहुंचना आसान हो सकता है। जम्मू में खुफिया-तंत्र की कमियां अब भी महसूस की जा रही हैं। वैसे जम्मू संभाग में आतंकी हरकतें अचानक नहीं बढ़ी हैं। ये आतंकियों की रणनीति हो सकती हैं। अलबत्ता 1990-2005 के सालों में जम्मू के घने जंगलात में आतंकी गतिविधियां और हमले निरंतर देखने को मिलते रहे। यह दीगर है कि घुसपैठ, गिरोहबाजी, अलगाववाद और पाक परस्त आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन और अभियान कश्मीर घाटी में ज्यादा किए जाते रहे। तब जम्मू को आतंकवाद-मुक्त करा लिया गया था।

अब नए सिरे से आतंकियों ने अपने नेटवर्क जम्मू में फैलाए हैं और अचानक हमले बढ़ा दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद नगण्य है। फिर भी 2024 में अभी तक 20 आतंकी हमले किए जा चुके हैं और 13 जून तक 42 नागरिकों और जवानों ने अपनी जिंदगी खोई है। भारत ऐसा नुकसान भी क्यों झेले? बहरहाल केंद्र सरकार से जो निर्देश मिले हैं, उनके मद्देनजर जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक स्वैन का दावा है कि अब बचे-खुचे आतंकवाद को कुचल दिया जाएगा, मसल दिया जाएगा, घर-घर ढूंढ कर चुन-चुन कर मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

आतंकियों को सीमा पार से मिल रही मदद का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन दिनों सुरक्षाबलों को मुठभेड़ में मारे गए आतंकी के पास बड़ी संख्या गोला-बारूद, पाकिस्तान में बनी चॉकलेट और दवाइयां बरामद हुए हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि घुसपैठ कर हमारी सीमा में घुस आए आतंकियों के स्थानीय मददगार भी कम नहीं हैं। हमारे जवानों की शहादत भी इसलिए हो जाती है क्योंकि आतंकियों के इन मददगारों की कमर अभी पूरी तरह टूटी नहीं है। अमरनाथ यात्रा और संभावित विधानसभा चुनावों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि बीते 9 जून को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। बहरहाल हमारी सुरक्षा एजेंसियों और जवानों की अग्निपरीक्षा 'अमरनाथ यात्रा' है। यह 29 जून से शुरू हो रही है और अगले ही दिन जनरल उपेन्द्र द्विवेदी नए सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे हैं। वह कश्मीर और आतंकवाद से अनभिज्ञ, अपरिचित नहीं हैं। अमरनाथ यात्रा अगस्त तक जारी रहेगी। आतंकी हमला करने की फिराक में होंगे और हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने फुलप्रूफ योजना बनाई होगी। यात्रा के चप्पे-चप्पे पर 500 कंपनियों के जवान तैनात किए जा रहे हैं। खुफिया सूचनाओं पर तुरंत कार्यवाही की जा रही है। खासकर टीआरएफ आतंकी संगठन के साथ-साथ लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद के दहशतगर्दों पर भी निगाहें चिपकी रहेंगी।

## इंडिया गठबंधन की कमज़ोर कड़ियाँ



तनवीर जाफ़री

भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गये अबकी बार चार सौ पार के नारे के बावजूद एनडीए गठबंधन को सरकार बनाने के लिये नाकों चने चबाने पड़े हैं। हालांकि कांग्रेस नेता भाजपा को 150 सीटों तक सिमट जाने का दावा कर रहे थे परन्तु किसी तरह भाजपा अपने दम पर 240 सीटें हासिल करने में कामयाब रही। यानी उसे 2019 में प्राप्त 303 सीटों के मुक़ाबले 63 सीटों का नुक़सान हुआ। जबकि कांग्रेस ने 99 सीटों पर जीत दर्ज कर 2019 के मुक़ाबले 47 सीटों का इज़ाफ़ा किया। हालांकि चुनाव बाद 2 और स्वतंत्र सांसदों के कांग्रेस से जुड़ने के बाद अब कांग्रेस सांसदों की संख्या 101 हो चुकी है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि शीघ्र ही यह संख्या 109 तक पहुँच जाएगी। परन्तु सवाल यह है अति सीमित संसाधनों,सत्ता के प्रबल विरोध, मीडिया व सरकारी संस्थाओं के दुरूपयोग के बावजूद जिस तरह देश में इण्डिया गठबंधन के पक्ष में जनता की लहर दिखाई दे रही थी उसके बावजूद आख़िर किन कारणों से इण्डिया गठबंधन सत्ता से दूर रह गया ? जबकि पूरे देश की लगभग सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी ने पहली बार 2024 के चुनाव में सबसे कम अर्थात केवल 327 सीटों पर चुनाव लड़ा। कांग्रेस ने शेष सीटें इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के लिये छोड़ीं तथा उनके अधिकांश उम्मीदवारों को विजयी बनाने हेतु कांग्रेस नेताओं ने पूरी मेहनत भी की। परन्तु इन सबके बावजूद इण्डिया गठबंधन कहीं अपने सहयोगी दलों के नेताओं के अड़ियल रवैय्ये तो कहीं कुछ नेताओं को कम आंकने तो कहीं अंतर्विरोध के चलते अपेक्षित सीटें नहीं हासिल कर सका।

उदाहरण के तौर पर बंगाल में बावजूद इसके कि तृणमूल कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा परन्तु यदि कांग्रेस ,तृणमूल कांग्रेस व वामपंथी दलों में पारदर्शी एकता हो जाती तो भाजपा ने 2019 में प्राप्त 18 सीटों के मुक़ाबले इसबार जो 12 सीटें जीती है वह अंक और भी कम हो सकता था और भाजपा के लिये दो अंकों का आंकड़ा छू पाना भी मुश्किल हो सकता था। दिल्ली और पंजाब को लेकर कुछ ऐसी ही उहापोह की स्थिति कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच रही।उधर बिहार में पूर्णिया सीट को लेकर जिसतरह राष्ट्रीय जनता दाल द्वारा तंग नज़री का प्रदर्शन किया गया वह भी इण्डिया गठबंधन के सामाजिक न्याय व साम्प्रदायिकता हटाओ अभियान के नारे के विपरीत था। यहाँ पप्पू यादव की लोकप्रियता जगज़ाहिर थी। इस क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये कार्यों को जनता सराह रही थी। इसके बावजूद उनकी लोकप्रियता से घबराकर और निश्चित रूप से अपने परिवार के राजनैतिक भविष्य की राह में रोड़ा समझ कर पप्पू यादव को आर जे डी द्वारा केवल ज़िद में इण्डिया गठबंधन का उम्मीदवार नहीं बनाया गया। आख़िरकार पप्पू यादव स्वतंत्र उम्मीदवार होने के बावजूद 5,67556 वोट हासिल कर अपनी विजय पताका फहराने में सफल रहे जबकि जबकि आर जे डी प्रत्याशी बीमा भारती ने महज़ 27,120 वोट हासिल कर इस बात की तस्दीक़ कर दी कि उनको प्रत्याशी बनाने का लालू परिवार का निर्णय पूरी तरह से ग़लत था। यहाँ बी एस पी ने भी भाजपा की सहायतार्थ अपना उम्मीदवार उतारा था जिसे केवल 10619 वोट ही मिले थे। अब यह पप्पू यादव की महानता है कि वे स्वतंत्र रुप से विजयी होने के बाद भी कांग्रेस से मिलकर इण्डिया गठबंधन के साथ खड़े हुये हैं। ऐसा ही संकीर्ण फ़ैसला 2019 के चुनाव में भी आर जे डी कर चुकी है जब उसने बेगूसराय से कन्हैया कुमार के विरुद्ध अपना उम्मीदवार खड़ा किया था परिणामस्वरूप कन्हैया व आर जे डी प्रत्याशी दोनों ही हार गये थे और भाजपा के फ़ायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह चुनाव जीत गए थे। उत्तर प्रदेश में बीजेपी को इस चुनाव में तगड़ा झटका लगा है। यहाँ भाजपा को 33 सीटें हासिल हुई हैं जबकि समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीतीं। इस तरह एन डी ए को कुल 36 सीटें मिलीं जबकि इण्डिया गठबंधन 43 सीटें जीतने में सफल रहा। यहाँ भी मायावती ने अपना स्टैंड काफ़ी पहले से स्पष्ट कर दिया था कि वे इण्डिया गठबंधन में शामिल नहीं होंगी। वे यह भी जानती थीं कि उनका एक भी उम्मीदवार विजयी नहीं होगा परन्तु वे इण्डिया गठबंधन को नुक़सान पहुंचाकर भाजपा के लिये अप्रत्यक्ष रूप से फ़ायदेमंद ज़रूर साबित हो सकती हैं। वैसे भी मायावती अब अपने राजनैतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। लिहाज़ा अपनी इस अंतिम राजनैतिक पारी के दौरान वे ई डी व सी बी आई के जाँच के दायरे में आने से बची रहें, मात्र यही उनकी सफलता है।

# जन स्वास्थ्य प्रणाली में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा का मानकीकरण


**डॉ. जे. एन. श्रीवास्तव, डॉ. के. मदन गोपाल, डॉ. स्वर्णिका पाल, डॉ. अभय दहिया**

आईपीएचएस के प्रमुख लक्ष्य बहुआयामी हैं और स्वास्थ्य सेवा के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं। आईपीएचएस समय पर देखभाल के दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों की स्थापना के लिए जनसंख्या मानदंडों को फिर से डिजाइन करके बेहतर पहुंच पर ध्यान केंद्रित करता है। यह रोगी को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों में भेजने के लिए एक निर्बाध प्रणाली स्थापित करने के लिए इनपुट भी प्रदान करता है। इसके अलावा, आईपीएचएस; स्वास्थ्य सेवाएं रोगी के अनुकूल होनी चाहिए और सम्मानजनक तरीके से प्रदान की जानी चाहिए तथा सभी पर वित्तीय बोझ कम पड़ना चाहिए आदि को सुनिश्चित करने की दिशा में भी इनपुट प्रदान करता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एक महत्वपूर्ण पहल रही है, जिसका उद्देश्य व्यापक स्वास्थ्य देखभाल सेवा तक सार्वभौमिक पहुंच हासिल करना है। एनएचएम; स्वास्थ्य सेवा की अवसंरचना को मजबूत करने, मानव संसाधनों को बढ़ाने और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इसमें मुख्य रूप से जनजातीय समुदाय और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की कमी झेल रहे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाती है। ये प्रयास, सामूहिक रूप से जन स्वास्थ्य में सुधार और प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाने के प्रति भारत के समर्पण को दर्शाते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से, भारत ने जनसंख्या स्थिरीकरण, मातृ, शिशु व बाल स्वास्थ्य और संचारी रोगों से संबंधित प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत में ऐसे संकेतकों में गिरावट की औसत दर वैश्विक औसत से अधिक रही है, विशेष रूप से मातृ, शिशु और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर के मामले में। हालांकि, देश की स्वास्थ्य प्रणाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करती रही है, जैसे बढ़ती आबादी और नई बीमारियां, दी गई नैदानिक स्थितियों के लिए देखभाल की परिवर्तनशीलता और उपयुक्तता तथा सेवाओं की गुणवत्ता आदि।

**स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करना और देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाना :** योजनाबद्ध कार्यक्रमों के बावजूद, जन स्वास्थ्य सुविधाओं के कम उपयोग, अनुचित और/या असुरक्षित उपचार, गलत निदान और अपमानजनक तरीके से सेवा देने आदि से संबंधित चुनौतियों के लिए खराब अवसंरचना, स्वास्थ्य कर्मियों के रूप में मानव संसाधनों (एचआरएच) की कमी और देखभाल की कम गुणवत्ता जैसे कारकों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। ये चुनौतियां; अप्रत्याशित, असामयिक मौतें, जिन्हें रोका जा सकता था, खराब स्वास्थ्य, व्यक्तियों पर वित्तीय बोझ और जन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के प्रति लोगों के विश्वास में कमी से सीधे जुड़ी हुई हैं। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने समय पर उपाय करने और चुनौतियों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई।

इस दिशा में विभिन्न उपायों में से एक है - संशोधित भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस), 2022 के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में देखभाल के सभी स्तरों पर सुविधाओं से जुड़े मानकों का उन्नयन करना है, जो सभी जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के घटकों को बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रदान करता है। आईपीएचएस दिशानिर्देशों का एक महत्वपूर्ण पहलू है- आवश्यक (न्यूनतम) और हासिल करने योग्य (अपेक्षित) सेवाओं पर विशेष जोर। स्वास्थ्य सेवा की प्रत्येक सुविधा को न्यूनतम सेवाओं का एक सेट प्रदान करना आवश्यक है, ताकि भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा



सके। दिशा-निर्देश अवसंरचना, उपकरण, दवाओं, निदान, मानव संसाधन आदि के लिए मानक निर्दिष्ट करते हैं तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को योजना बनाने और सुसंगत एवं विश्वसनीय देखभाल सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं। आईपीएचएस के प्रमुख लक्ष्य बहुआयामी हैं और स्वास्थ्य सेवा के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं। आईपीएचएस समय पर देखभाल के दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों की स्थापना के लिए जनसंख्या मानदंडों को फिर से डिजाइन करके बेहतर पहुंच पर ध्यान केंद्रित करता है। यह रोगी को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल सुविधा केन्द्रों में भेजने के लिए एक निर्बाध प्रणाली स्थापित करने के लिए इनपुट भी प्रदान करता है। इसके अलावा, आईपीएचएस; स्वास्थ्य सेवाएं रोगी के अनुकूल होनी चाहिए और सम्मानजनक तरीके से प्रदान की जानी चाहिए तथा सभी पर वित्तीय बोझ कम पड़ना चाहिए आदि को सुनिश्चित करने की दिशा में भी इनपुट प्रदान करता है। आईपीएचएस द्वारा जन स्वास्थ्य सुविधाओं में देखभाल के प्रत्येक स्तर के लिए विनिर्देशों का एक सेट प्रदान करने के साथ, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय अनुचित और असुरक्षित उपचार, छूटे हुए निदान आदि को रोकने तथा जन स्वास्थ्य संस्थानों में सम्मानजनक देखभाल प्रदान करने के लिए देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करने की आवश्यकता को प्राथमिकता देता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) को यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन और कार्यान्वित किया गया है कि जन स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सेवाएं न केवल सुरक्षित और रोगी-केंद्रित हों, बल्कि गुणवत्ता का भरोसेमंद स्तर भी हो। यह पहल, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता को समझने, मापने और सुधारने से जुड़ी कमियों को दूर करने पर केंद्रित है।

जन स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का प्रावधान एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो रोगी के परिणामों, सुरक्षा और समग्र रोगी संतुष्टि को प्रभावित करता है। यह समुदाय के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायता करता है, रोगी के अनुभवों को बढ़ाता है और देखभाल की लागत को कम करके सेवा प्रदाता के अनुभव में वृद्धि करता है। जन स्वास्थ्य सुविधाओं में मानकीकृत सेवाओं की उपलब्धता का आश्वासन होने से जन स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता है, जो आगंतुकों की बढ़ी हुई संख्या और सभी हितधारकों के साथ बेहतर संबंधों से पता चलता है। एनक्यूएएस कार्यान्वयन ने स्वास्थ्य सुविधाओं की विनियामक आवश्यकताओं और अग्नि सुरक्षा आदि से जुड़ी तैयारियों के अनुपालन को भी सुनिश्चित किया है। स्वास्थ्य सेवा में गुणवत्ता सुनिश्चित करने से असमानताओं का भी समाधान हुआ है और यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी रोगियों को, उनकी पृष्ठभूमि या परिस्थितियों की परवाह किए बिना, समान देखभाल मिले। यह स्वास्थ्य समानता और सामाजिक न्याय हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए जीवन को आसान बनाने के सरकार के सिद्धांत के अनुरूप है।

हाल की महामारी से सीख लेते हुए और भविष्य की किसी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति की तैयारी करने के क्रम में, भारतीय जन स्वास्थ्य प्रणालियों की अवसंरचना को बड़े पैमाने पर समर्थन देने के लिए अखिल भारतीय मिशन, यानी प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) की शुरुआत हुई। अवसंरचना और निगरानी गतिविधियों पर मुख्य ध्यान दिया गया। लागत प्रभावी प्रयोगशाला प्रणालियों के माध्यम से सेवाओं की पहुंच, दक्षता, प्रभावशीलता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पीएम-एबीएचआईएम के तहत एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आईपीएचएल) को एक प्रमुख घटक के रूप में डिजाइन किया गया। ये प्रयोगशालाएं न केवल तेज़, विश्वसनीय और सटीक परीक्षण परिणाम प्रदान करेंगी, बल्कि प्रभावी नैदानिक और निगरानी सेवाओं के लिए जिला व उप-जिला स्तर पर संपर्क भी स्थापित करेंगी, इस प्रकार एक सुदृढ़ स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की दिशा में भारत के कदम को आगे बढ़ाएंगी।

# नड्डा के दूसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने के मायने

**डा. देवेंद्र गुप्ता**

जगत प्रकाश नड्डा ने कैम्पस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को स्थापित करते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा का झंडा बुलंद किया। शनैः शनैः राष्ट्रवादी सोच के चलते जगत प्रकाश नड्डा यानी जेपी ने छात्रों में मधुर व्यवहार और सुनने की कला से लोकप्रियता हासिल कर ली। एसएफआई के लिए यह अप्रत्याशित था कि कोई दूसरा संगठन (एबीवीपी) भी उनकी बराबरी करेगा। छात्र चुनावों में जगत प्रकाश नड्डा छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष बन गए और अन्य सीटें भी बटोर ले गए। संगठन खड़ा करना, उसे लोकप्रियता की बुलंदी पर ले जाना और नेतृत्व के गुण, यह सब देखते हुए वह 1991 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए।

अभी हाल ही के राष्ट्रीय राजनीतिक घटनाक्रम में, चुनावों के बाद एक बार फिर मोदी सरकार या यूं कहें कि एनडीए सरकार का गठन हुआ है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के लिए चुन लिए गए। भाजपा और मुख्य घटक दल जेडी-यू और टीडीपी व अन्य दलों के मंत्रियों ने शपथ भी ले ली। शपथ लेते ही प्रधानमंत्री और उनके मंत्रियों की टीम ने अगले सौ दिन के रोडमैप पर काम करना भी शुरू कर दिया। कौनसा मंत्रालय किसको मिला, इसको लेकर राजनीतिक सरगरमी बरकरार है। कोर मंत्रालय और अन्य महत्वपूर्ण विभाग भाजपा ने अपने पास रखे हैं। जानकार मानते हैं कि मोदी को जिन्होंने समझा है उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। अवश्य ही मोदी पहली बार गठबंधन की सरकार चला रहे हैं। ऐसा समझा जा रहा था कि केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन के समय पूर्व में सूचना व प्रसारण मंत्री और पांचवीं बार जीते अनुराग ठाकुर का मंत्री बनना तय है, लेकिन मोदी ने इस बार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को एक बार पुनः स्वास्थ्य मंत्रालय के पद पर ताजपोशी दे दी। अध्यक्ष पद पर नड्डा का दूसरा कार्यकाल चुनावों के चलते 30 जून तक बढ़ाया गया था और इस समय वह गुजरात से राज्यसभा के मैंबर भी हैं। एक तरह से मोदी ने एक तीर से दो निशाने साध लिए। गुजरात के मंत्री और हिमाचल को भी नुमायन्दगी मिल गई। कहा जा रहा है कि गठबंधन की मजबूरी के चलते अनुराग की छुट्टी हुई है।

उपचुनावों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में पडने वाले तीन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों की हार भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। ऐसा बताते हैं कि संभवतः उन्हें संगठन में कोई बड़ी जिम्मदारी देकर समाहित किया जाएगा। हिमाचल के लिए निःसंदेह यदि केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला होता और सरकार के गठन के लिए वह दूसरी पार्टियों की मोहताज न होती तो शायद दो मंत्री भी मिल सकते थे। लेकिन दूसरी बार नड्डा को वरीयता देकर वस्तुतः मोदी ने नड्डा को उनके अध्यक्ष पद पर रहते हुए अनेक प्रदेशों में भाजपा सरकारों के गठन और मोदी-2 और मोदी-3 में उनकी सांगठनिक कार्यशैली, अनथक परिश्रम और वक्तृत्व कला को ध्यान में रखते हुए पुनः उन पर विश्वास जताया है। 2014 में जब पहली बार मोदी सरकार बनी थी, तब नड्डा सेहत मंत्री बने थे और इस बार भी स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ रसायन और उर्वर मंत्रालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनके राजनीतिक कद को ऊंचा किया है। इससे न सिर्फ नड्डा का राष्ट्रीय राजनीति में कद बढ़ा है, बल्कि हिमाचल का मान भी ऊंचा हुआ है। लेकिन जगत प्रकाश नड्डा का यह राजनीतिक सफर इतना आसान नहीं रहा है,



जितना यह दिखाई देता है। मुझे याद आता है आठवें दशक के हिमाचल विश्वविद्यालय का वह दौर जब समरहिल में छात्र राजनीति या यूं कहें छात्र हित की बात को उठाने के लिए कोई संगठित व्यवस्था नहीं थी। अवश्य ही गुरु मोहर सिंह, कश्मीर सिंह ठाकुर और राकेश सिंघा आदि मार्क्सवादी रुझान और समाजवादी सोच को प्रचारित-प्रसारित कर रहे थे। प्रारंभिक दौर में उन्हें कोई वैचारिक चुनौती देने वाला भी नहीं था।

ऐसे माहौल में सुनील उपाध्याय और जगत प्रकाश नड्डा ने कैम्पस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को स्थापित करते हुए राष्ट्रवादी विचारधारा का झंडा बुलंद किया। शनैः शनैः राष्ट्रवादी सोच के चलते जगत प्रकाश नड्डा यानी जेपी ने छात्रों में मधुर व्यवहार और सुनने की कला से लोकप्रियता हासिल कर ली। एसएफआई के लिए यह अप्रत्याशित था कि कोई दूसरा संगठन (एबीवीपी) भी उनकी बराबरी करेगा। छात्र चुनावों में जगत प्रकाश नड्डा छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष बन गए और अन्य सीटें भी बटोर ले गए। संगठन खड़ा करना, उसे लोकप्रियता की बुलंदी पर ले जाना और नेतृत्व के गुण, यह सब देखते हुए वह 1991 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए। यहीं पर केंद्र की राजनीति में स्थापित बड़े-बड़े भाजपा नेताओं से सम्पर्क में रहे, उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। उनकी इसी काबीलियत के चलते वह हिमाचल की राजनीति में चुनावी रण में उतरते हैं और 93-94 में विधानसभा के मैंबर बनते हैं। साथ ही विधानसभा में भाजपा ग्रुप के लीडर बनते हैं। युवा विधायक नड्डा की संसदीय समझ और विधायक के तौर पर उनके लोकव्यवहार को देखकर तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को उनका मुरीद बना दिया। वह विधानसभा में नड्डा की संसदीय कार्यशैली और व्यवहार को देखते हुए उनकी पीठ भी थपथपा देते थे।

वीरभद्र जल्दी ही किसी के बारे में राय बनाने वालों में से नहीं थे, पर प्रतिपक्ष में रहते हुए जैसे जवाहर लाल नेहरु की दृष्टि अटल बिहारी वाजपेयी पर पड़ी थी, वैसा ही वीरभद्र-जगत प्रकाश नड्डा के बारे में सहज ही कहा जा सकता है। परंतु आगे का राजनीतिक सफर जेपी के लिए आसान नहीं रहने वाला था।1998 में जब धूमल सरकार बनी तो उन्हें यहां भी स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के साथ संसदीय कार्य मंत्री के कैबिनेट मंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई, जिसे उन्होंने बखूबी 5 वर्ष यानी 2003 तक निभाया। प्रेम कुमार धूमल ने जब दूसरी बार भाजपा सरकार की कमान संभाली तो नड्डा को पुनः 2008 में वन एवं पर्यावरण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री के रूप काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। माना जाता है कि धूमल और नड्डा के बीच 36 का आंकड़ा शुरू से ही था, लेकिन 2010 में जब जेपी ने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया तो मतभेद सामने आए।

यह भी कहा जाता है कि धूमल साहब नड्डा के विधानसभा क्षेत्र के साथ भेदभाव करते थे। यहां तक कि अधिकारियों व कर्मचारियों को भी उनके बिना पूछे या सलाह लिए बिना बदल लिया जाता था। बजट और विधायक की प्राथमिकता के कार्यों की अवहेलना की गई। उनके राजनीतिक करियर का इतिहास इससे भी लंबा है। बहरहाल, अब देखते हैं कि धरती पुत्र होने के नाते जगत प्रकाश नड्डा क्या केवल विभागीय कार्यों तक अपने को सीमित रखना पसंद करेंगे या आगे बढ़ कर राजनीतिक केमिस्ट्री के घोल से प्रदेश हित की समस्याओं को सुलझाने में प्रदेश सरकार की मदद को आगे आएंगे? यह जगत प्रकाश नड्डा की मधुर वाणी और व्यवहार का ही प्रतिफलन है कि उन्हें फिर से केंद्र में नई जिम्मेदारी दी गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

## उमरे के तीनों मंडलों के कर्मचारियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** वी.के. गर्ग वरिष्ठ उप महाप्रबंधक प्रयागराज, के मार्गदर्शन,



रजत पुरवार, उप महाप्रबंधक के निर्देशन, संतोष बाजपेयी, सहायक उप महाप्रबंधक, प्रयागराज, के नेतृत्व एवं मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षकों पुष्पेंद्र सिंह, चन्द्र प्रकाश राय, मनदीप कुमार के प्रबंधन द्वारा 130वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में 10 से 14 जून के बीच आयोजित किया गया। बहु विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यालय उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल, झांसी मंडल, आगरा मंडल, कारखाना झांसी तथा कारखाना सिथौली से आए सुपरवाईजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन एवं उदघाटन के.आर. चौधरी, मण्डल रेल प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर के द्वारा बिमल टोपनों निदेशक, बहु विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर की उपस्थिति में हुआ। बिमल टोपनों, निदेशक, बहु विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर, बी.के. मिश्रा, मुख्य परिचालन प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता, चेतन तनेजा, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक(गुड्स), उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, डॉ. एस.के. हांडू, चिकित्सा निदेशक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज आदि द्वारा मिशन कर्मयोगी, प्रेरणा एवं भावनात्मक बुद्धि, पर्यवेक्षकों के मध्य सामंजस्य एवं उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएं, कार्य नैतिकता, स्वास्थ्य प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, सूचना अधिकार अधिनियम, आपदा प्रांबधन, आचरण नियम एवं एचओईआर विषयों पर व्याखान दिए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ पुरस्कार राशि तथा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया। निदेशक, बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान (यांत्रिक), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर को उत्तर मध्य रेलवे की तरफ से मोमेंटो भेंट किया गया।

## मनुष्य को मनुष्य बनाने का प्रयास है योगः प्रोफेसर सत्यकाम



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में विश्व योग दिवस 2024 के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को ऑनलाइन योग शपथ का आयोजन विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि गिनीज बुक में रिकॉर्ड बनाना सबका सामूहिक प्रयास है। भारत योग को कितना महत्वपूर्ण मानता है यह इसी से सिद्ध हो जाता है कि हमने भारत को विश्व गुरु के रूप में आगे बढ़ाने की संकल्पना ले रखी है। इसके साथ ही विकसित भारत की संकल्पना में भी योग का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है बल्कि यह मनुष्य को मनुष्य बनाने का प्रयास है। योग जीवन पद्धति एवं जीवन शैली है। यह सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा से जुड़े विद्यार्थी हमसे दूर हैं इसलिए हमें एक ऐसी भूमिका का निर्वहन करना है जिससे हम अपने विद्यार्थियों को जोड़कर रख सकें। हमें अपने पुरातन छात्रों से अपना जुड़ाव बढ़ाना पड़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि यह शपथ नहीं है बल्कि एक संकल्प है कि हम विद्यार्थियों से जुड़कर दिए गए लक्ष्य को पूरा करें। विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी ने कुलपति का स्वागत तथा कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बाबा सेवा समिति ने कराया पांच निर्धन कन्याओं का विवाह

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र में बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह में पांच कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया गया। बाबा सेवा समिति के संचालक मस्तान बाबा विनय के? नेतृत्व में सेवा समिति की अध्यक्ष आशा शर्मा व सचिव अमृतलाल विश्वकर्मा के साथ सेवा समिति के उपाध्यक्ष विमल विश्वकर्मा द्वारा सभी नव विवाहित जोड़ों को दहेज के रुप में घरेलू सामान के साथ साथ नव वधू को आभूषण भी भेंट किए गए।

समिति के संचालक मस्तान बाबा विनय के द्वारा बताया गया कि समिति का उद्देश्य है कि गरीब परिवार जो किसी तरीके से अपने परिवार का भरण पोषण पूरी तरीके से नहीं कर पा रहा है ऐसे गरीब परिवार के लिए बाबा सेवा समिति समय समय-समय पर मददगार बनेगी। विनय बाबा ने कहा कि मस्तान बाबा की कृपा रहेगी तो बाबा सेवा समिति हर वर्ष निर्धन कन्याओं का विवाह करवाएगी और जरूरत की हर चीज नव वैवाहिक जोड़ों को प्रदान करेगी।

## 43 वर्षीय मां, 6 वर्षीय बेटे ने तैरकर की यमुना नदी पार

**प्रयागराज।** नवजीवन तैराकी क्लब के तत्वावधान में बालक, बालिकाओं का तैराकी प्रशिक्षण शिविर जारी है। मुख्य प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद, कमला निषाद, मानस निषाद एवं पूजा कपूर के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रशिक्षकों के साथ सारंग दास मंदिर अलोपीबाग निवासी 43 वर्षीय शैलजा ने 12 मिनट में यमुना नदी को पार किया तो वहीं उनके साथ उनके 6 वर्षीय पुत्र अनिमेष ने भी 14 मिनट में तैरकर यमुना नदी को पार किया। अनिमेष सरस्वती विद्या मंदिर सर्वोदय नगर आलापुर प्रयागराज, में कक्षा 2 का छात्र है। मां, बेटे द्वारा यमुना नदी को पार करने पर वहां मौजूद लोगों ने उनका तालियां बजाकर स्वागत, अभिनंदन किया।

## आपसी सौहार्द के साथ मना ईद-उल- अज़्हा का पर्व, हजारों जानवरों की हुई कुर्बानी

*अवधनामा संवाददाता*



**इटावा।** ईद-उल-अज़्हा(बकरीद)का पर्व शहर में परम्परागत तरीके से आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।हज़ारों लोगों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों मे बक़रीद की नमाज़ अदा कर एक दूसरे को बक़रीद की जहां बधाई दी वहीं मुल्क में आपसी भाईचारे और अमनचैन की दुआ भी की।ईदगाह कमेटी के मुतवल्ली डा.मोहम्मद अफ़ज़ाल ने बताया सुन्नी हज़रात की ईदगाह में ईद- उल-अज़्हा बकरीद की नमाज दो शिफ्टों में अदा की गई।पहली शिफ्ट में सुबह 6~45 बजे पेश इमाम ईदगाह मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में सुबह 7~45 बजे नायब इमाम मौलाना फरहान बरकाती ने नमाज़ अदा कराई। बकरीद की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर हुई और शासन प्रशासन की दी गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन किया गया।बाद नमाज़ मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी ने मुल्क में अमनचैन की दुआ करते हुए सभी लोगों से मिल-जुल कर बक़रीद मनाने की अपील की।पूरी ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई। इसके बाद नमाजियों ने आसपास की मस्जिदों में नमाज अदा की।ईदगाह में नमाज की व्यवस्था सेकेट्री डॉ.मोहम्मद अफजाल,कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल हन्नान चाँद मंसूरी द्वारा की गई।कचहरी मस्जिद में व्यवस्थापक आदिल अख्तर की देखरेख में नमाज हुई।शाही मस्जिद में हाफ़िज़ एजाज़ अहमद,सिंग्नल वाली मस्जिद में मुफ़्ती अनस नूर,मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में मौलाना ज़ाहिद रज़ा,मस्जिद शाहगंज में मौलाना वाजिद अली,मस्जिद जिन्नातों वाली में हाफ़िज़ तौसीक़ अली,शाही जामा मस्जिद में मौलाना अब्दुल्लह असरी, मस्जिद पक्का तालाब में हाफ़िज़ फ़ैज़ान चिश्ती,मस्जिद गरीब नवाज में कारी वासिल रज़ा,मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग में हाफ़िज़ शकील अहमद,मस्जिद कटरा पुर्दल खाँ में कारी अब्दुल क़दीर,मस्जिद पक्का तालाब में हाफिज फैजान चिश्ती, मस्जिद पंजाबी कब्रिस्तान में मौलाना मुहम्मद साद कासमी,मस्जिद मुहम्मदी तकिया आज़ाद गान में मौलाना आतिफ रहमानी ने नमाज़ पढ़ाई।इसके अलावा मस्जिद कुरैशियान नया शहर,मस्जिद दरगाह वारसी,मस्जिद पचराहा,मस्जिद जिन्नातों वाली,मस्जिद काली कबरें, मस्जिद सहित नगर की काफी मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई।नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।ज़िला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा नमाज को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।डीएम,एसएसपी सहित अन्य अफसरों व सांसद जितेंद्र दोहरे,सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य आदि ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज को ईद उल अजहा की गले लगाकर बधाई दी। ईदगाह पर भारतीय मंसूरी बेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मुईन उद्दीन गुड्डू मंसूरी के नेतृत्व में स्टाल लगाया गया।

## शान ए उत्तर प्रदेश में देश व प्रदेश के पत्रकार हुए शामिल




*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** कशिश मीडिया के 17वें स्थापना दिवस पर शान ए उत्तर प्रदेश का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। जिसमें दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश,राजस्थान, सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों से आए पत्रकार शामिल हुए। मुख्य अतिथि महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी तथा विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरी के हाथों समाजसेवी, चिकित्सा, शिक्षा, सांस्कृतिक क्षेत्र के साथ साथ पत्रकारों को शान ए उत्तर प्रदेश सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा जनता पत्रकार पर बहुत भरोसा करती है इसलिए उनको नकारात्मक खबरों से बचना चाहिए। आपात काल के दौर में भी प्रयागराज के कलम के सिपाहियों ने भी देश के लोकतंत्र कि आवाज़ बन कर जनतंत्र को बचाया। पत्रकारों को समाज में बदलाव वाली खबरों को प्रमुखता देनी चाहिए। समारोह कि अध्यक्षता किन्नर अखाड़े की महामण्लेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन नजीब इलाहाबादी ने किया अंत में कार्यक्रम आयोजक मो0 ज़िया सिद्दिकी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इटावा डीबीए चुनावः अनिल गौर अध्यक्ष, देवेन्द्र पाल बने महामंत्री

*अवधनामा संवाददाता*
*वहाज अली निहाल*

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अनिल कुमार गौर को अध्यक्ष चुना गया जबकि देवेन्द्र पाल सिंह महामंत्री चुने गए हैं।रात तक चली मतगणना के बाद यह चुनाव नतीजे घोषित किए गए है।अनिल गौर ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी राजेश त्रिपाठी को 135 वोटो के अंतर से पराजित कर चुनाव जीता।अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल गौर को 434 वोट मिले जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश त्रिपाठी को 299 वोट मिले।महामंत्री के पद पर देवेंद्र पाल सिंह 49 वोटो के अंतर से चुनाव जीत गये।जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र कुमार मिश्रा चुने गए जिन्हें 329 वोट मिले,दूसरे नंबर पर रहे रामशरन यादव को 207 मत मिले।अनिल गौर व देवेन्द्र पाल एक बार पहले भी अध्यक्ष व महामंत्री रह चुके हैं।जीत की खुशी में अधिवक्ता साथियों ने विजयी हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष,महामंत्री आदि को फूलमाला पहनाकर बधाई दी और मुंह मीठा



किया।

डीबीए चुनाव को लेकर शनिवार को कचहरी परिसर में सुबह से ही गहमा- गहमी रही।निर्धारित समय पर सुबह मतदान शुरू करा दिया गया और यह मतदान दोपहर बाद ढाई बजे तक चला। इस दौरान बड़ी संख्या में वकीलों ने मतदान किया।सुबह से ही मतदान के लिए वकील कचहरी पहुंचने लगे थे और डीबीए हाल में मतदान किया।सुबह दस बजे तक तो मतदान के लिए वकीलों की लम्बी लाइन लग चुकी थी।प्रत्याशी और उनके समर्थक लगातार सक्रिय दिखाई दिए।

दोपहर ढाई बजे तक निर्धारित समय तक मतदान चलता रहा।डीबीए चुनाव को लेकर काफी दिनों से चुनाव प्रचार अभियान चलाया जा रहा था। प्रत्याशी लगातार वकीलों से सम्पर्क करते रहे।मतदान हो जाने के बाद शाम चार बजे के बाद मतगणना शुरु कराई गई।इस मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल गौर ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी।लोगों में सबसे ज्यादा अध्यक्ष और महामंत्री पद को लेकर ही उत्सुकता रही।

मतगणना के दौरान कचहरी में बड़ी संख्या में वकील मौजूद रहे और मतगणना के रुझान जानते रहे।हालांकि अध्यक्ष पद पर अनिल गौर ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी।इससे पूर्व सुबह से मतदान के लिए कचहरी में काफी भीड़ रही और वकीलों ने जमकर मतदान किया।

## मथुरा के चोमूहा मैं खुला गर्ग आयुर्वेद सेंटर

**मथुरा।** 5000 हजार साल पुरानी प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति मै हर रोग को दूर करने का प्रमाण मिलता है, सफल आयुर्वेद चिकित्सकों ने ये कारनामा करके भी कई बार दिखाया भी है। मथुरा जनपद मैं कई सालों से आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में वैद्य प्रीति गर्ग इस कार्य को सफलता से करती आ रही है। जिनके प्रयास से कई उजड़ी हुई कोख फिर से हरी भरी हुई है। आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में आयुर्वेद के विश्व प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान से आयुर्वेद मै एमडी की उपाधि हासिल कर मथुरा जनपद मैं काफी लम्बे समय से अपनी सेवाएं देती रही है। वैध प्रीति गर्ग द्वारा आयुर्वेद मै बंधत्व्य की चिकित्सा पर काफी गहन अध्यन कर उस कार्य मै कुशलता हासिल की और जिन परिवारों ने बच्चे की आस त्याग दी ऐसी माताओं के सुने आंगन मै किलकारी मारने को पूर्ण प्रयास कर सफलता प्राप्त की।

## जल बिना जीवन संभव नही,संरक्षण हमारा दायित्व है

*अवधनामा संवाददाता*

**इटावा।** ताखा ब्लाक सभागार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।इसमें खण्ड विकास अधिकारी ने वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।खण्ड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।हम सभी का दायित्व है कि आने वाली पीढियों के लिए जल संरक्षित करें प्रशिक्षक सुशील कुमार ने बताया कि हमारे देश में 70 प्रतिशत बिमारियां जल जनित हैं।कार्यदायी संस्था विल्सन ग्रीन इ0प्रा0लि0के डी0पी0सी0मनोज कुमार ने बताया कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतो व राजस्व गांव में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।वाटर टेस्टिंग सोशल मैपिंग प्रदर्शनी,प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल एंव स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है।



इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा,सहायक विकास अधिकारी(प) अशोक कुमार यादव,डी0पी0सी0मनोज जी एडीपीसी रणजीत यादव,रणधीर कोआर्डिनेटर कृष्ण कुमार अमरजीत अमन ट्रेनर सुशील प्रभात इत्यादि मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कटौती के विरोध में मुख्यमंत्री से शिकायत

**मथुरा।** अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में बृज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता रजि उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने विधुत विभाग की कार्यप्रणाली की प्रदेश के मुख्यमंत्री से की शिकायत , शिकायत में कहा गया है कि मथुरा जनपद में बेताशा विद्युत कटौती की जा रही है ना कोई आने का समय ना कोई जाने का समय है आती काम है जाती जायदा मनमाने तरीके से मथुरा में बिजली दी जा रही है जिससे मथुरा ब्रज क्षेत्र के साथ पूरे विश्व में प्रदेश सरकार की हो रही है छवि खराब, विभाग के कर्मचारी बिजली घरों पर रात के समय में शराब पीकर ड्यूटी कर रहे हैं जब आम जनता के लोग फोन से संपर्क करते हैं तो फोन नहीं उठाते हैं। अपनी समस्या को लेकर आम आदमी बिजली घर पहुंचता है तो वहां पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और संतोष जनक जवाब नहीं मिलता है ऐसे में आम आदमी के पास आंदोलन शिव दूसरा कोई रास्ता नहीं बचता है। इसलिए हमारी समिति बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर जनता के साथ करेंगी आन्दोलन किया जायेगा।

## अनोखा प्रयासः बच्चों के साथ पतंगे उड़ा कर मनाया जन्मदिन

*अवधनामा संवाददाता*

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंडस सोसायटी द्वारा गंगा दशहरा के उपलक्ष्य् में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित स्ट्रीट स्कूल पर बच्चों के साथ पतंगबाजी की एवं बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम की रूपरेखा को बताते हुए संस्था के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल जी ने बताया कि जैसे की हम सभी जानते हैं कि गंगा दशहरा के दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व है। हिंदुओं में इस पर्व का बहुत महत्व है। गंगा दशहरा पतंगबाजी का भी पर्व है। बच्चों से लेकर बड़ों में भी इसे लेकर काफी उत्साह रहता है। पतंगबाजों को इस पर्व का इंतजार पूरे साल रहता है। पर्व से एक माह पूर्व से ही पतंगबाजी शुरू हो जाती है। छतों पर पतंग उड़ाते युवाओं को देखते हुए सभी का मन पतंग उड़ाने को करने लगता हैं।और बताया की गंगा दशहरा ऐसे वक्त में मनाया जाता है कि जब कि गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों को ठंडी चीजों का दान आपको विशेष पुण्य की प्राप्ति करवाता है। इस अवसर पर सुराही, पंखा, वस्त्र, चप्पल, छाता, खरबूजा, कच्चे आम और पके आम आदि।चीजों का दान



करना सबसे उत्तम माना जाता है। हमने मानव सेवा को आगे रखते हुए संस्था द्वारा चल रही प्रसादम सेवा के माध्यम से गंगा दशहरा के अवसर पर बच्चों को और खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं मौजूद संस्था के वशिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता द्वारा बताया गया कि आज बच्चों के साथ पतंग उड़ा कर मन बहुत प्रफुल्लित हुआ मानो ऐसा लग रहा था की हम बचपन मे वापस आ गये हो। साथ ही साथ इस गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर संस्था के सम्मानित सदस्य अश्वनी मित्तल ने अपनी पत्नी कोमल मित्तल का जन्मदिन भी बच्चों के साथ केक काट कर मनाया साथ ही बच्चों मे खाद्य सामग्री वितरित कर उन्होंने भी बच्चों के साथ पतंगे उड़ाई और बच्चों का हौसला बढ़ाया। साथ ही साथ इस अवसर पर अलग अलग यूनिवर्सिटी से इंटर्नशिप करने आये हुए छात्र-छात्राओं ने भी अपना सहयोग एवं सहभागिता दिखायी।

## योग हमारी दिनचर्या का आवश्यक अंगः डॉ प्रवीण अग्रवाल

**मथुरा।** किशोरी रमन स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे विश्व योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत राजभवन के निर्देशन में मा. कुलपति के आदेशानुसार लगभग 300 एनएसएस, एनसीसी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योग/ स्वास्थ्य विषयक शपथ/प्रतिज्ञा महाविद्यालय के प्रांगण में ली। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने योग के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग हमारी दैनिक दिनचर्या का आवश्यक अंग होना चाहिए जिससे हम सभी स्वस्थ रह सके एवं देश के विकास में अधिक से अधिक योगदान दे सकें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक ने उपस्थित स्वयंसेवकों/कैडेटों को योग के लाभ बताएं एवं सभी से अपील कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी मिलकर योग करें ।

# माधोपट्टी में चल रही भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर(सिरकोनी)।** क्षेत्र के माधोपट्टी गांव में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को



कथा वाचक विद्यानंद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा की गई माखन चोरी की कथा सुनाई । भागवत कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हुई। कथा के बीच-बीच में महिला श्रद्धालुओं द्वारा नृत्य कर भक्तिभाव प्रकट किया गया। मुख्य यजमान सुमित्रा सिंह ने पति स्व रविन्द्र प्रकाश सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन किया । व्यवस्थापक अनिल सिंह नें श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनमें प्रसाद वितरण किया । कथा वाचक शास्त्री नें श्रीकृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अपना भक्तिभाव प्रकट किया।

भागवत कथा में पूतना बंध तथा माखन चारी की लाला के बाद गोवर्धन पूजा का प्रसंग चला। कथा वाचक ने बताया कि गोवर्धन का अर्थ है गौ संवर्धन। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसीलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गौ संवर्धन से ही हो सकता है। इस मौके पर ध्रुव सिंह, अनिल प्रजापति, राजेश्वर सिंह आदि लोग मौजूद थे ।

# एएनएम छात्रावास मामले में छात्राओं ने रखा अपना पक्ष

### सी एम ओ से की माँग मामले में हो निष्पक्ष जांच

*अवधनामा संवाददाता*

**मथुरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय अपने कार्य प्रणाली को लेकर हमेशा सुर्ख़ियों में रहा है इस बार कुछ दिनों से सीएमओ कार्यालय परिसर में संचालित एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर मैं प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं अनावश्यक रूप से परिसर को छोड़ने और घूमने को लेकर विवादों के घेरे में है ।

जानकारी के अनुसार जिलाअधिकारी कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर बने सीएमओ कार्यालय में संचालित एएनएम छात्रावास बीते कई दिनों से की सुर्खियों मै बना हुआ है।

छात्राओं को क्लीनिकल ट्रेनिंग और उससे संबंधित पढ़ाई की तरफ प्रशिक्षकों का कोई ज्ञान नहीं है इस बात की चर्चा स्वास्थ्य विभाग के अलावा बाहर तक होने लगी थी चर्चा तो यहां तक है प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को बाहर घुमाने से लेकर देर रात तक गायब रखने का भी आरोप है इस मामले में नरेश कुमार नामक कर्मचारी की भूमिका को संदिग्ध माना जा रहा था। इस मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की फजीलत हो रही थी ।

इस मामले में अचानक मंगलवार को नया मोड़ आ गया एएनएम की प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं ने सीएमओ कार्यालय पर हंगामा करते हुए एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपना पक्ष रखते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी करने का प्रयास किया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# सेवा ही परोपकार का सही माध्यमः ज्ञान प्रकाश

### श्रीमती अमरवती श्रीनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट ने राशन

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** समर्पण के साथ सेवा ही परोपकार का सही माध्यम है। धर्म में सेवा का भाव होना ही हमें जन सेवा की प्रेरणा देता है। यह बातें समाजसेवी एवं भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहीं। वह मंगलवार को जौनपुर नगर के सुंदरनगर मोहल्ले में जरूरतमंदों के बीच राशन वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती अमरवती श्रीनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया था। उन्होंने कहा कि समाज के लिए कुछ भी करने की प्रेरणा हमें ईश्वर की शक्तियों से मिलती है। इस अवसर पर पुनीत जेठ मास के अंतिम मंगलवार के महत्व की चर्चा करते हुए कार्यक्रम में आये सभी लोगों को बधाई भी प्रेषित किया।

कार्यक्रम में ट्रस्ट के द्वारा पूर्व में किए गए सामाजिक कार्यों कोरोना काल में राशन व भोजन वितरण लीलावती नेत्र हॉस्पिटल का जीर्णोद्धार जिला अस्पताल में अनेक जनसुविधाओं को उपलब्ध कराने



कमजोर वर्गों के विवाह में सहायता देने की सराहना करते हुए उपस्थित जनों ने ज्ञान प्रकाश सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन पत्रकार मधुकर तिवारी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन रामकृष्ण दुबे बबलू ने किया। अंत में आयोजक शिवा सिंह ने आभार ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी ट्रस्ट ने सेवा कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर रमेश सिंह रामा, सुनील सिंह ,सुनील यादव, शैलेंद्र सोनकर, आलोक तिवारी,मयंक नारायण ,अमित सिंह डब्बू, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# भारतीय टीम के हेड कोच बनने के करीब, इंटरव्यू का पहला राउंड किया पार

पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए अपना इंटरव्यू दिया। वहीं ताजा रिपोर्ट् के अनुसार क्रिकेट सलाहकार समिती ने गंभीर का इंटरव्यू लिया। जिसका अगला राउंड अब बुधवार को होगा।



बता दें कि, ये इंटरव्यू साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि, हां, गंभीर सीएसी के साथ इंटरव्यू के लिए उपस्थित हुए। आज एक दौर की चर्चा हुई। कल एक और दौर होने की उम्मीद है।'' माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है।

हालांकि, सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं। मंगलवार शाम को शीर्ष परिषद की बैठक है और समझा जाता है कि सचिव जय शाह अंतिम घोषणा से पहले कोच चयन प्रक्रिया के बारे में सदस्यों को अवगत कराएंगे।

सीएसी उत्तर क्षेत्र से चयनकर्ता पद के लिए कुछ इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार भी ले रही है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज 42 वर्षीय गंभीर ने हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स को टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम का अभियान खत्म होने के बाद पद छोड़ देंगे। ग्रुप लीग चरण में अजेय रहने के बाद टीम फिलहाल सुपर आठ मुकाबले के लिए बारबडोस में है। टीम 20 जून को अफगानिस्तान से खेलेगी।

## टी20 में 4 मेडन ओवर फेंकने वाले दूसरे गेंदबाज बने लॉकी फर्ग्यूसन

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 39वां मुकाबला न्यूजीलैंड और पापुआ न्यू गिनी के बीच खेला गया। हालांकि, दोनों ही टीमें सुपर-8 में जगह बनाने में कामयाब नहीं पाई हैं। न्यूजीलैंड ने ये मैच 7 विकेट से जीत लिया, लेकिन इससे भी ज्यादा चर्चा लॉकी फर्ग्यूसन की शानदार गेंदबाज की हो रही हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कमाल कर दिया, इस मैच में लॉकी फर्ग्यूसन ने अपने स्पेल में तीन विकेट चटकाए। लॉकी फर्ग्यूसन टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में अपने चार ओवर के स्पेल में सभी मेडन ओवर फेंकने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं, इसके अलावा लॉकी फर्ग्यूसन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक ही मैच में चार मेडन ओवर फेंकने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं, इससे पहले पुरुष टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा सिर्फ एक बार हुआ था, जब कनाडा के साद बिन जफर ने 2021 में पनामा के खिलाफ इक इंटनेशनल मैच में अपने पूरे चार ओवर में एक भी रन नहीं दिया था।

# स्मृति मंधाना ने महिला रैंकिंग में लगाई छलांग, नेट सीवर ब्रंट टॉप पर काबिज

साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने शानदार शतक बनाया। स्मृति मंधआना ने 127 गेंदों पर 117 रनों की पारी खेली। बहरहाल, स्मृति मंधाना को शानदार शतकीय पारी का फायदा मिला है, अब आईसीसी बैटिंग रैंकिंग्स में स्मृति मंधाना दूसरे नंबर पर पहुंच गआ हैं। हालांकि, इंग्लैंड की ऑलराउंडर नेट सीवर ब्रंट टॉप पर बनी हुई है, लेकिन स्मृति मंधाना टॉप पर काबिज होने के काफी करीब पहुंच गई है। भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले चमारी अट्टापट्टू बल्लेबाजों की रैंकिंग्स में नंबर-2 पर काबिज थी, लेकिन अब स्मृति मंधाना ने श्रीलंकाई दिग्गज को पछाड़ दिया है। भारत के बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो दीप्ति शर्मा को 3 स्थान का फायदा हुआ है, अब ये ऑलराउंडर 20वें नंबर पर पहुंच गई है। साथ ही पूजा वस्त्राकर ने 3 पायदान की छलांग लगाई है। अब पूजा वस्त्राकर 38वें नंबर पर पहुंच गई है। दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि भारत और साउत अफ्रीका सीरीज के बाद आईसीसी रैंकिंग में बड़ा बदलाव संभव है।



बताते चलें कि भारतीय वीमेंस टीम ने पहले वनडे में साउथ अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर से हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 265 रनों का स्कोर बनाया। भारत के लिए ओपनर स्मृति मंधाना ने 127 गेंदों पर 117 रनों का पारी खेली। भारत के 265 रनों के जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम 37.4 ओवर में महज 122 रनों पर सिमट गई, इस तरह भारतीय टीम ने 143 रनों से बड़ी जीत दर्ज की।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया, किलियन एमबापे की नाक में लगी चोट

मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसोसे टकरा गए।



इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा,''अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा,''एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें।

चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी। ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बादअपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

## केन विलियमसन टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि टी20 विश्व कप से जल्द बाहर होने के बाद टीम को फिर से एकजुट होने के लिए कुछ समय की जरूरत है। उन्होंने साथ ही 2026 में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी वापसी को लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले सभी प्रारूपों के खिलाड़ी विलियम सन एक दशक से अधिक समय से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ रहे हैं। विलियमसन की मौजूदगी में न्यूजीलैंड तीन बार विश्व कप फाइनल में पहुंचा जिसमें 2015 और 2019 में एकदिवसीय विश्व कप और 2021 में टी20 विश्व कप शामिल हैं। इसके अलावा पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब भी जीता। इन चार टूर्नामेंट में से तीन में विलियमसन ने टीम की कप्तानी की।

# टीम से बाहर रहने पर शर्मिला ने कहा, वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप मजबूत रही

युवा फारवर्ड शर्मिला देवी का मानना है कि खुद को बेहतर बनाने की चाहत ने उन्हें भारतीय महिला हॉकी टीम में वापसी करने में मदद की और वह अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगी। हरियाणा की इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल फरवरी में चीन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैच के साथ करीब नौ महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में शर्मिला के हवाले से कहा गया, ''यह आसान नहीं था। मुझे करीब नौ महीने तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला (मई 2023) के बाद मुझे फरवरी 2024 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने का मौका मिला लेकिन मैं एशियाई खेलों और ओलंपिक क्वालीफायर से चूक गई। वह मुश्किल समय था लेकिन मैं मानसिक रूप से मजबूत रही और कड़ी ट्रेनिंग करते हुए धैर्यपूर्वक अपने मौके का इंतजार किया। शर्मिला ने कहा ''मैंने दिन-रात अपने खेल पर काम किया। मैं इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थी कि वापसी का यही एकमात्र रास्ता है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। फारवर्ड के रूप में अपने कौशल पर काम करने के अलावा मैंने रक्षात्मक पहलुओं पर भी काम किया। जब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के अपने पहले मैच में चीन का सामना किया तो शर्मिला को आखिरकार मैदान पर उतरने का मौका मिला। उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर भारतीय जर्सी पहनकर बहुत उत्साहित थी। यह मेरे द्वारा की गई मेहनत का इनाम था। अगर हम वह मैच जीत जाते तो मुझे बहुत खुशी होती लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो सका।



## सुपर 8 में पड़ेगा बारिश का खलल? जानें बारबडोस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और एंटिगा के मौसम का हाल

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप स्टेज में कई मैच बारिश से धुले। भारत और पाकिस्तान मैच भी बारिश से प्रभावित हुआ था। फ्लोरिडा में अमेरिका-आयरलैंड और पाकिस्तान कनाडा मैच धुला। कैरेबियाई देशों में सुपर 8 के मैचों पर बारिश का साया है। ये मैच बारबडोस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और एंटिगा में होंगे। तो जानें यहां के मौसम के बारे मे।

बारबडोस के ब्रिजटाउन में स्थिति किंग्सटन ओवल मैदान पर सुपर-8 के 3 मैच होंगे। भारत और अफगानिस्तान मैच में बारिश की संभावना कम है। इसके अलावा अन्य तीनों मैच धुल सकते हैं। 29 जून को फाइनल भी प्रभावित हो सकता है। अमेरिका- वेस्टइंडीज के दौरान 40 प्रतिशत बारिश की संभावना है। अमेरिका-इंग्लैंड मैच पर 54 प्रतिशत बारिश का खतरा है।

सेंट लूसिया के डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सुपर 8 के 3 मैच होंगे। 24 जून को भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच पर बारिश का साया है।

# अभिनेता दर्शन ने प्रशंसक की हत्या वाले दिन बेंगलुरु के पब में पार्टी की, सूत्रों से हुआ खुलासा

लोकप्रिय कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, जिन्हें अपने 33 वर्षीय प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है, वे हत्या वाले दिन बेंगलुरु के एक पब में पार्टी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पार्टी करने के बाद दर्शन उस शेड में गए, जहां कथित तौर पर रेणुकास्वामी का अपहरण किया गया था और उनकी हत्या से पहले उन्हें प्रताड़ित किया गया था। सूत्रों ने बताया कि मामले में गिरफ्तार दर्शन की दोस्त पवित्रा गौड़ा भी रेणुकास्वामी पर हमले के दौरान शेड के अंदर मौजूद थी। पुलिस के अनुसार रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक संदेश लिखे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गए थे। उन्होंने बताया कि रेणुकास्वामी की हत्या के बाद, तीन आरोपी बेंगलुरु के आरआर नगर में रिलायंस ट्रेंड्स की दुकान पर अपने कपड़े बदलने गए, क्योंकि उन्होंने जो कपड़े पहने थे, वे खून से सने हुए थे। सोमवार को बेंगलुरु पुलिस आरोपियों को क्राइम सीन को फिर से बनाने के लिए उसी दुकान पर ले गई। अपराध स्थल को फिर से बनाने के लिए दर्शन को मैसूर ले जाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, रेणुकास्वामी की सोने की चेन और बटुआ चित्रदुर्ग में आरोपी राघवेंद्र के घर पर मिले। आरोपी ने प्रशंसक की सोने की चेन भी छीन ली।



रेणुकास्वामी, एक ऑटोरिक्शा चालक और दर्शन के प्रशंसक क्लब का सदस्य, कथित तौर पर गौड़ा को अपमानजनक संदेश भेजने के बाद 8 जून को चित्रदुर्ग जिले से अपहरण कर लिया गया था। बाद में उसका शव बेंगलुरु में सुमनहल्ली ब्रिज के पास मिला। रेणुकास्वामी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि उसकी मौत से पहले उसे प्रताड़ित किया गया और बिजली के झटके दिए गए। कथित यातना का विवरण धनराज ने बताया, जिसे 16 जून को मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अब तक इस मामले में दर्शन और गौड़ा सहित 19 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# हम दिल दे चुके सनम की रिलीज को पूरे हुए 25 साल, भंसाली प्रोडक्शंस ने यादों की गलियों में टहलते हुए बीटीएस वीडियो शेयर किया

सलमान खान, ऐश्वर्या राय और अजय देवगन की मुख्य भूमिकाओं वाली हम दिल दे चुके सनम आज यानी 18 जून, 2024 को 25 साल की हो गई है। संजय लीला भंसाली के नेतृत्व में फिल्म भंसाली प्रोडक्शंस के निर्माताओं ने मंगलवार को ब्लॉकबस्टर की सिल्वर जुबली के उपलक्ष्य में सोशल मीडिया पर एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया। भंसाली प्रोडक्शंस ने कैप्शन में लिखा संजय लीला भंसाली की हम दिल दे चुके सनम के निर्माण की एक झलक। प्यार, हंसी और विरासत के 25 साल का जश्न।



राष्ट्रीय शायर झावरचंद मेघानी के नाटक शीतल ने काठे पर आधारित, हम दिल दे चुके सनम एक नवविवाहित व्यक्ति की कहानी बताती है, जिसे पता चलता है कि उसकी पत्नी किसी दूसरे आदमी से प्यार करती है और वह उन्हें मिलाने का फैसला करता है।

इसे गुजरात-राजस्थान सीमा क्षेत्र में फिल्माया गया था, इसके अलावा बुडापेस्ट और हंगरी में भी फिल्माया गया था, जिसका इस्तेमाल फिल्म में इटली को दर्शाने के लिए किया गया था। इस फिल्म का प्रीमियर 1999 के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय पैनोरमा खंड में किया गया था। हम दिल दे चुके सनम व्यावसायिक रूप से सफल रही और साल की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक बन गई।

सलमान, ऐश्वर्या और अजय के अलावा, फिल्म में विनय पाठक, हेलेन, विक्रम गोखले और शीबा चड्ढा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। चाँद छुपा बादल में, निंबूड़ा, ढोली तारो ढोल बाजे और आँखों की गुस्ताखियाँ जैसे गाने आज भी लोकप्रिय ट्रैक में से हैं। इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड स्कोर, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक (पुरुष), सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी और सर्वश्रेष्ठ कला निर्देशन सहित कई फिल्मफेयर पुरस्कार जीते।

# खतरनाक बीमारी का शिकार हुई अलका याग्निक सिंगर को सुनाई देना हुआ बंद, हेडफोन और लाउड म्यूजिक को लेकर दी फैंस को नसीहत

दिग्गज गायिका अलका याग्निक ने मंगलवार को साझा किया कि वह एक वायरल हमले के कारण संवेदी तंत्रिका श्रवण हानि (sensory neural nerve hearing loss) से पीड़ित हैं, जिसके कारण वह कुछ भी सुनने में सक्षम नहीं हैं। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर, उन्होंने उस समय का उल्लेख करते हुए एक लंबी पोस्ट साझा की, जब उन्हें श्रवण हानि का पता चला था। अपने पोस्ट में, उन्होंने बहुत तेज़ संगीत और हेडफ़ोन के संपर्क में आने के बारे में सावधानी बरतने का भी उल् ेख किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इस घटना के बाद के हफ्तों में कुछ हिम्मत जुटाकर, मैं अपने सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूँ, जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं कार्रवाई में क्यों गायब हूँ।



अपने निदान के बारे में अधिक बात करते हुए, उन्होंने कहा, मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ संवेदी तंत्रिका तंत्रिका श्रवण हानि के रूप में निदान किया है, जो एक वायरल हमले के कारण है...इस अचानक, बड़े झटके ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है। जैसा कि मैं इससे उबरने का प्रयास कर रही हूँ, कृपया मुझे अपनी प्रार्थनाओं में रखें। अपने प्रशंसकों और युवा सहयोगियों के लिए, मैं बहुत तेज़ संगीत और हेडफ़ोन के संपर्क में आने के बारे में सावधानी बरतने का एक शब्द जोड़ना चाहूँगी। एक दिन, मैं अपने पेशेवर जीवन के स्वास्थ्य संबंधी खतरों को आपसे साझा करना चाहती हूँ। आप सभी के प्यार और समर्थन से मैं अपने जीवन को फिर से संवारने और जल्द ही आपके पास वापस आने की उम्मीद कर रही हूँ। इस महत्वपूर्ण समय में आपका समर्थन और समझ मेरे लिए बहुत मायने रखती है। 58 वर्षीय गायिका सबसे सफल महिला पार्श्व गायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने एक हज़ार से अधिक फ़िल्मों के लिए गाने गाए हैं और 25 से अधिक विभिन्न भाषाओं में 21,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए हैं। हाल ही में, उन्होंने दिलजीत दोसांझ-स्टारर अमर सिंह चमकीला के गाने नरम कालजा और करीना कपूर-स्टारर क्रुरू के गाने चोली के पीछे को अपनी आवाज़ दी।

# राहा की मम्मा आलिया भट्ट स्टोरीटेलिंग की दुनिया में छाने के लिए हैं तैयार

आलिया भट्ट ने बच्चों की एक चित्र पुस्तक द एडवेंचर्स ऑफ़ एड-ए-मैमाः एड फाइंड्स ए होम के साथ लेखक के रूप में अपनी शुरुआत की। अभिनेत्री, जिनकी ब्रह्मास्त्र के सह-कलाकार-पति रणबीर कपूर के साथ 19 महीने की बेटी राहा है, ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपडेट साझा किया।

एक तस्वीर के साथ, उन्होंने कैप्शन में लिखा, ÷एक नया रोमांच शुरू होता है...एड फाइंड्स ए होम एड-ए-मैमा के ब्रह्मांड से पुस्तकों की एक नई श्रृंखला की शुरुआत है... मेरा बचपन कहानी सुनाने और कहानीकारों से भरा हुआ था... और एक दिन मैंने अपने अंदर के उस बच्चे को बाहर लाने और बच्चों के लिए पुस्तकों में डालने का सपना देखा... मैं अपने साथी कहानीकारों, विवेक कामथ, और की आभारी हूँ, जिन्होंने अपने अद्भुत विचारों, इनपुट और कल्पना से हमारी पहली पुस्तक को जीवंत बनाने में मदद की... इस यात्रा के लिए शुभकामनाएँ। ग्रह की देखभाल और पालतू जानवरों के साथ दोस्ती पर एक चित्र पुस्तक के रूप में वर्णित, एड फाइंड्स ए होम पेंगुइन बुक्स इंडिया के बच्चों के छाप पफिन बुक्स इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया है।



आलिया ने 2020 में बच्चों के पहनने और मातृत्व पहनने के ब्रांड एड-ए-मैमा की स्थापना की। पिछले साल, रिलायंस रिटेल ने परिधान लेबल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एक संयुक्त उद्यम में प्रवेश किया। 2021 में, अभिनेता ने प्रोडक्शन बैनर इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस भी लॉन्च किया। इस बीच, काम के मोर्चे पर, आलिया भट्ट ने अपनी आगामी फिल्म जिगरा की शूटिंग पूरी कर ली है। यहां तक कि संजय लीला भंसाली ने जनवरी में विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत अपनी अगली फिल्म लव एंड वॉर का खुलासा किया, जिसने उनके सभी प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया।

यह कौशल के साथ निर्देशक की पहली फिल्म है, और यह 17 साल के ब्रेक के बाद संजय लीला भंसाली और कपूर को फिर से साथ लाती है। गंगूबाई काठियावाड़ी की सफलता के बाद संजय लीला भंसाली और भट्ट फिर से साथ आ गए हैं। बुधवार, 24 जनवरी को नई फिल्म का शीर्षक सामने आया। यह फिल्म 2025 के क्रिसमस के दिन रिलीज़ होगी।

# ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों में झड़प के बाद भड़की हिंसा, बेमियादी कर्फ्यू लगाया गया

**भुवनेश्वर(हि.स.)।** ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद भड़की हिंसा और आगजनी की घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। यह फैसला सोमवार दोपहर से देररात तक हुए उपद्रव के बाद बिगड़े हालात के मद्देनजर लिया गया।

प्रशासन ने शहर के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया है। अगले आदेश तक सभी दुकानें, बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद रहने के आदेश दिए गए हैं। एसपी (बालेश्वर) सागरिका नाथ का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाया गया है। उन्होंने नागरिकों से घरों से बाहर न निकलने की अपील की। एक-दूसरे को मारने-काटने पर आमादा भीड़ ने गोलापोखरी, मोतीगंज और सिनेमा चौक में जमकर हिंसा की है। उपद्रवियों ने

**नियंत्रित**

**एसपी (बालेश्वर) सागरिका नाथ का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाया गया है।**



कई मोहल्लों में तांडव करते हुए घरों पर पथराव किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पूर्वी रेंज के आईजीपी डॉ. दीपक कुमार और एसपी सागरिका नाथ ने हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद प्रताप चंद्र षडंगी और बालेश्वर सदर विधायक मानस दत्त ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार दोपहर सुनहट मुख्य सड़क के किनारे नालियों का पानी लाल होता देख स्थानीय लोगों ने संदेह जताया कि यह गोवंश का रक्त है। स्थानीय लोगों ने यह देखकर नाराजगी जताई और विरोध किया। इससे दो समुदायों के कुछ लोगों के बीच तकरार के बाद टकराव की स्थिति उत्पन्न हुई । इस संबंध में एक शिकायतकर्ता से सूचना मिलने पर पुलिस और मीडिया प्रतिनिधि वहां पहुंचे।

बताया गया है कि इस दौरान सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हो गए और शिकायतकर्ताओं पर हमला कर दिया। उन पर पत्थर व कांच की बोतलें फेंकीं। स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस टीम को भी इन लोगों ने निशाना बनाया। इनके हमले में एडिशनल एसपी अनिल प्रधान, एसडीपीओ डॉक्टर शशांक शेखर बेउरा, डीएसपी ब्रजमोहन प्रधान, दो अन्य पुलिस अधिकारी व तीन कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान हुए पथराव से 10 से अधिक निर्दोष राहगीर घायल हो गए। इतना ही नहीं बाइक, स्कूटर व चारपहिया वाहनों को रो

ककर भी हमला किया गया। कुछ मीडिया प्रतिनिधियों पर हमला कर उनके भी कैमरे तोड़ दिए गए। यह बवाव करीब दो घंटे तक चला।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने हालात पर बालेश्वर के जिला मजिस्ट्रेट से चर्चा की। माझी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को खराब नहीं होने दिया जाएगा। ओडिशा शांतिप्रिय राज्य है। उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# आर्मी हॉस्पिटल ने सैन्य कर्मियों के लिए शुरू किया अत्याधुनिक स्किन बैंक

**नई दिल्ली। (हि.स.)।** दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल (आरएंडआर) ने मंगलवार को सैन्य कर्मियों के लिए अत्याधुनिक स्किन बैंक शुरू किया है। सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं के लिए यह अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस पहल का उद्देश्य सेनाओं और उनके परिवारों के बीच गंभीर रूप से जलने की चोटों और अन्य त्वचा संबंधी स्थितियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि नया स्किन बैंक स्किन ग्राफ्ट के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए एक केंद्रीकृत केंद्र के रूप में काम करेगा, जिससे देश भर के सैन्य चिकित्सा केंद्रों को मदद मिलेगी। इस सुविधा का उद्देश्य सशस्त्र बलों के कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करना है। स्किन बैंक में प्लास्टिक सर्जन, ऊतक इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम होगी। यह सुविधा गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करेगी, जिससे स्किन ग्राफ्ट की विश्वसनीयता



सुनिश्चित होगी। डीजीएमएस (सेना) और कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी ने स्किन बैंक शुरू होने को सैन्य कर्मियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा न केवल देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाएगी, बल्कि गंभीर चोटों से प्रभावित लोगों की सहायता करने की क्षमता को भी मजबूत करेगी। सेना अस्पताल (आरएंडआर) के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने कहा कि इस स्किन बैंक के जरिये हम अपने रोगियों को सबसे प्रभावी और व्यक्तिगत उपचार प्रदान कर सकते हैं, जिससे अंततः उनके ठीक होने की संभावना बढ़ जाती है।

## एक्शन स्पेक्टेकल 'किल' का पहला गाना 'कावा कावा' अब रिलीज़ पॉप के फ्यूजन के साथ एक शानदार पंजाबी गाना

पिछले साल प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने शानदार प्रीमियर के बाद, लक्ष्य, राघव जुयाल, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया और तान्या मानिकतला अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर 'किल' ने हाल ही में अपना आधिकारिक ट्रेलर जारी किया और इसे व्यापक प्रशंसा मिली। उत्साह को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला गाना 'कावा कावा' अब आधिकारिक रूप से रिलीज़ कर दिया गया है। शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और लिखित, इस शानदार पंजाबी गाने में सुधीर यदुवंशी, संज वी और शाश्वत सचदेव ने अपनी आवाज़ दी है। पॉप के फ्यूजन के साथ पंजाबी संगीत का जश्न मनाते हुए, 'कावा कावा' में नवोदित लक्ष्य ने एक गहन लड़ाई वाले सीक्वेंस में दमदार अभिनय किया है। यह गाना सेना के कमांडो अमृत (लक्ष्य) की कहानी है, जो अपने सच्चे प्यार




तूलिका (तान्या मानिकतला) के लिए नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन में समय के खिलाफ दौड़ लगाता है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती है, उसे अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कावा कावा अपनी जोशीली बीट्स और लिरिक्स के साथ एकदम सही टोन सेट करता है, जैसे, ÷तेरे लेई लड़ जाना जग सारा, तेरे लेई हर सितम नू, हर जुल्म सीने पे लेजावां। गाने के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, निर्माता गुनीत मोंगा कपूर ने कहा, ÷किल जैसी फिल्म, जिसमें इतनी ऊर्जा और भावना है, उसके लिए एक ऐसे गाने की जरूरत थी। ÷कावा कावा÷ एक एड्रेनालाईन-पंपिंग एंथम है, जिसे पारंपरिक पंजाबी बीट्स के मिश्रण से पूरित किया गया है। फिल्म और लिरिक्स दोनों बताते हैं कि कोई अपने प्यार के लिए लड़ते हुए कितनी दूर तक जा सकता है। मैं शाश्वत, सुधीर और संज का आभारी हूँ, जिन्होंने हमारे नायक के युद्ध गीत गाए हैं इसके अलावा, निर्माता करण जौहर ने कहा, 'कावा कावा' फिल्म के मेरे पसंदीदा गीतों में से एक है। यह बहुत ही तीव्र है और आपको तुरंत झूमने पर मजबूर कर देता है! शाश्वत, सुधीर और संज ने पंजाबी और पॉप के मिश्रण से इस गीत को वास्तव में जीवंत कर दिया है। मैं लोगों द्वारा इसे सुनने और इसका आनंद लेने का इंतजार नहीं कर सकता।

# केन्द्रीय गृहमंत्री ने की आईटीबीपी की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना, कहा-बहादुर हिमवीरों पर हमें गर्व है

**नई दिल्ली। (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लाहौल और स्पीति में एक बचाव अभियान चलाने के लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना की है। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि हमें अपने बहादुर हिमवीरों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी की माउंटेन रेस्क्यू टीम ने हाल ही में लाहौल और स्पीति की दुर्गम चोटियों पर एक चुनौतीपूर्ण खोजी अभियान चलाया और एक अमरीकी नागरिक का पार्थिव शरीर वापस लेकर आए, जिनकी पैराग्लाइडिंग करते हुए एक दुर्घटना में मौत हो गई थी।द्वशाह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर आईटीबीपी टीम के सदस्य 14,800 फीट की चढ़ाई कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए मानवता की भावना दिखाते हुए पार्थिव शरीर को वापस लाए। उन्होंने कहा कि मानवता के प्रति आईटीबीपी का समर्पण प्रशंसनीय है।द्वउल्लेखनीय है कि लाहौल और



स्पीति में काजा के पास लापता हुए 31 वर्षीय अमेरिकी पैराग्लाइडर मिस्टर बॉकस्टहलर ट्रेवर के अवशेषों को 48 घंटे से अधिक समय तक चले सबसे चुनौतीपूर्ण बचाव मिशन में से एक के बाद आईटीबीपी पर्वतारोहियों द्वारा 14800 फीट से नीचे लाया गया। पार्थिव शरीर को पुलिस थाना काजा ले जाया गया है।

## कंचनजंघा दुर्घटना मामले में जीआरपी ने दर्ज किया लापरवाही का केस

**कोलकाता (हि.स.)।** कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना को लेकर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन (एनजेपी) के रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक यात्री ने यह शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार रात जीआरपी को लिखित शिकायत दी गई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। सोमवार सुबह फांसीदेवा में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते एक्सप्रेस के पिछले हिस्से की बोगियां पटरी से उतर गई। हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। कई अन्य घायल हो गये हैं। उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इन सभी का इलाज जारी है। घायल यात्रियों में से एक ने सोमवार को रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। लापरवाही, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उस शिकायत के आधार पर जांच करेगी। घटना की जांच रेलवे पुलिस के साथ-साथ रेलवे भी करेगा। जांच पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य सुरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग की देखरेख में होगी। यह जांच प्रक्रिया बुधवार यानी 19 जून से शुरू होगी।

## पश्चिम बंगाल के रंगपानी में दुर्घटनास्थल पर ट्रेन सेवाएं बहाल

**कोलकाता(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास रंगपानी में अप और डाउन दोनों लाइनों पर मंगलवार को युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य के बाद ट्रेन सेवाएं बहाल कर दी गईं। सोमवार सुबह एक मालगाड़ी द्वारा अगरतला-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारने के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन बाधित हो गया था। डाउन लाइन में ट्रेन सेवाएं सोमवार रात को बहाल कर दी गईं और अप लाइन में डीजल इंजन से चलने वाली ट्रेन सेवाएं मंगलवार सुबह फिर से शुरू की गईं। कटिहार के मंडल रेल प्रबंधक एस कुमार ने बताया कि अप लाइन में इलेक्ट्रिक इंजन एक घंटे के भीतर फिर से चालू हो जाएंगे।

## न्यूयार्क की एक अदालत में पेश हुआ निखिल गुप्ता, खुद को बताया निर्दोष

**वाशिंगटन।** अमेरिका में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपित भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य ने अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया है। निखिल को सोमवार को न्यूयार्क में संघीय अदालत में पेश किया गया जहां उन्होंने खुद को निर्दोष बताया। पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। न्यूयार्क में उसकी हत्या करने की साजिश रचने के आरोप में 52 वर्षीय निखिल को अमेरिका के अनुरोध पर चेक गणराज्य ने पिछले वर्ष प्राग में गिरफ्तार किया था। इसके बाद निखिल ने अपने अमेरिका प्रत्यर्पण को कोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन पिछले महीने चेक गणराज्य की संवैधानिक अदालत ने निखिल की याचिका खारिज कर दी थी।

## माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में मौसम खराब, हजारों पर्वतारोही फंसे, 10 दिन से बंद है लुक्ला

**काठमांडू (हि.स.)।** माउट एवरेस्ट की चढ़ाई कर वापस लौट रहे हजारों पर्वतारोही अचानक मौसम खराब होने से रास्ते में फंसे हुए हैं। यह लोग एवरेस्ट बेस कैंप तक आ चुके हैं। बर्फीली हवाओं के बीच फंसे इन पर्वतारोहियों के पास मौसम खुलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। खराब मौसम के कारण बेस कैंप से सबसे करीब लुक्ला एयरपोर्ट (तेनजिंग हिलेरी विमानस्थल) पिछले 10 दिन से बंद है। नेपाल में मानसून प्रवेश कर चुका है। लगातार बारिश होने से मौसम बिगड़ गया है। इन पर्वतारोहियों में नेपाल के अलावा अन्य देशों के भी नागरिक भी शामिल हैं। लुक्ला के एयर ट्राफिक कंट्रोलर दिवेश दाहाल ने बताया है कि आठ जून से ही एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी है। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक लुक्ला के मौसम में सुधार के कोई संकेत नहीं है। एयरपोर्ट बंद होने के कारण लुक्ला के सारे होटल फुल हैं। सैकड़ों पर्यटकों को रूम नहीं मिल पाए हैं। ऐसे लोगों को स्थानीय प्रशासन ने होम स्टे सुविधा




उपलब्ध कराई है।। लुक्ला से पर्यटकों को एवरेस्ट बेस कैंप होते हुए चोटी पर चढ़ाई कराने वाले सोनाम शेरपा ने बताया कि कुछ पर्यटकों को पास के ही सुर्के हेलीपैड तक पहुंचाया जा रहा है। सुर्के हेलीपैड के लिए लुक्ला से दो घंटे की कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। यहां से एक हेलीकॉप्टर में एक बार में पांच लोगों को ही काठमांडू पहुंचाया जाता है। सुर्के से काठमांडू का हेलीकॉप्टर का किराया 3000 डॉलर है। सोनाम शेरपा का कहना है कि दूसरा रास्ता सड़क मार्ग है। यह मार्ग कठिन है। लुक्ला से सड़कमार्ग जहां से जुड़ा है, वहां पहुंचने के लिए पर्वतारोहियों को करीब चार घंटे की पैदल यात्रा करनी पड़ रही है। कच्ची और उबड़ खाबड़ सड़क होने के कारण सिर्फ बोलेरो और सूमो जैसी गाड़ियां ही चल पा रही हैं। लुक्ला से 70 किलोमीटर दूर थामेडांडा है। थामेडांडा से काठमांडू की भाड़ा चार हजार रुपये प्रति व्यक्ति लिया जाता है।

# दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के नौसैनिक जहाज टकराए, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

**बीजिंग/मनीला(हि.स.)।** विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने दावों को स्थापित करने के लिए चीन-फिलीपीन टकराव ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया जब उनके नौसैनिक जहाजों के बीच पहली बार टकराव हुआ। बीजिंग ने विदेशी जहाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और चीनी जल क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने के संदेह में विदेशियों को हिरासत में लेने के लिए नए नियम जारी करने के बाद यह पहली ऐसी घटना हुई। चीन दक्षिण चीन सागर (एससीएस) के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी उस पर हक जताते हैं जिसे लेकर क्षेत्र में गहरा विवाद है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपीन के एक पोत और एक चीनी जहाज के बीच टक्कर हो गई, यह घटना उस समय हुई जब फिलीपीन का जहाज 'सेकेंड थॉमस शोल' के पास के पानी में अवैध रूप से प्रवेश किया और खतरनाक तरीके से चीनी जहाज के पास पहुंच गया। पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों की नौसेनाओं और तटरक्षकों

**रोकथाम**

**बयान में कहा गया है कि इस घटना ने समुद्र में टकराव की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय विनियमों का उल्लंघन किया।**

के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में सेकेंड थॉमस शोल पर अपना दावा जताने के लिए जोरदार प्रयास किया है, जिस पर चीन का दावा है। चीन का आरोप है कि फिलीपीन ने ह्यह्यह्य1999 में सेकेंड थॉमस शोल, जिसे वह रेनाई जियाओ कहता है, में जानबूझकर एक नौसैनिक जहाज को किनारे पर खड़ा कर दिया था और क्षतिग्रस्त जहाज को नौसैनिक कर्मियों द्वारा संचालित एक स्थायी प्रतिष्ठान में परिवर्तित कर दिया था। तटरक्षक बल



के अनुसार, सोमवार की सुबह चीनी जहाज ने फिलीपीन के जहाज को निर्माण सामग्री पहुंचाने से रोकने के लिए उससे टक्कर मार दी। तटरक्षक बल के बयान में कहा गया कि उसके जहाज ने सोमवार की सुबह रेनाई जियाओ के निकट जलक्षेत्र में फिलीपीन के एक जहाज द्वारा अवैध घुसपैठ के जवाब में नियामक उपाय किए हैं। इसमें कहा गया है कि एक फिलीपीन आपूर्ति जहाज, चीनी पक्ष की ओर से बार-बार दी गई कड़ी चेतावनियों की अनदेखी करते हुए, जानबूझकर और खतरनाक तरीके से रेनाई जियाओ के निकटवर्ती जलक्षेत्र में सामान्य रूप से नौकायन कर रहे चीनी जहाजों के पास पहुंच गया। बयान में कहा गया है कि इस घटना ने समुद्र में टकराव की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय विनियमों का उल्लंघन किया। इस घटना के कारण मामूली टक्कर हुई, जिसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदारी फिलीपीन पक्ष की है।

# नेपाली संसद में विपक्षी दल के नेता ने बजट की कॉपी फाड़कर जताया विरोध

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल संसद में विरोधी दल के नेता ने बजट पर चर्चा के दौरान विरोध



करते हुए बजट की कॉपी फाड़ दी है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन का आरोप है कि बजट में योजनाओं का वितरण देखकर सरकार की और सत्तारूढ़ दल की नीयत ठीक नहीं लग रही है। नेपाल सरकार की ओर से पेश किए गए विक्रम सम्वत् 2081-82 के आम बजट पर चर्चा के दौरान विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने सदन में ही बजट की कॉपी फाड़ते हुए इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह संसदीय गरिमा के खिलाफ है, लेकिन जिस तरह का बजट सरकार ने पेश किया गया है, उसको देख कर गुस्सा आना स्वाभाविक है। इसको फाड़ने के अलावा इस बजट का कोई उपयोग नहीं है। बजट की कॉपी फाड़ते वक्त सभी विपक्षी दलों ने टेबल थपथपा कर राजेन्द्र लिंग्देन का समर्थन किया। राप्रपा के अध्यक्ष राजेन्द्र लिंग्देन ने कहा कि जिस तरह से बजट में योजनाओं का वितरण किया गया है, उसको देख कर सरकार की और सत्तारूढ़ दल की नीयत ठीक नहीं लग रही है। उन्होंने वित्त मंत्री पर बिना किसी स्रोत साधन के ही करोड़ों रुपये के बजट आवंटन को नीतिगत भ्रष्टाचार बताया है। लिंग्देन का कहना है कि जिस तरह से सत्तारूढ़ दल के कुछ नेताओं के कहने पर करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया है, उसको देख कर सरकार के भ्ष्टाचार में लिप्त होने की पुष्टि होती है।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन उत्तर कोरिया की दो दिवसीय यात्रा के दौरान किम जोंग से मिलेंगे



**सियोल (हि. स.)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर उत्तर कोरिया पहुंचेंगे। 24 वर्षों में पुतिन की उत्तर कोरिया की पहली यात्रा है। इसकी पुष्टि दोनों देशों ने की। पुतिन उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच वार्ता सैन्य सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होगी। दोनों देश अमेरिका के साथ अपने अलग-अलग मतभेदों के मद्देनजर अपने गठबंधन को और मजबूत कर रहे हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि पुतिन किम के निमंत्रण पर मंगलवार और बुधवार को राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस बारे में तत्काल विस्तृत जानकारी नहीं दी। साथ ही रूस ने भी इस यात्रा की पुष्टि की। यह यात्रा एक हथियार समझौते के बारे में बढ़ती अंतरराष्ट्रीय चिंताओं के बीच हो रही है, जिसके तहत प्योंगयांग आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में मास्को को आवश्यक हथियार उपलब्ध करा रहा है, जिसकी यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए अत्यंत जरूरत है। हालांकि उत्तर कोरिया को आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से किम के परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे में वृद्धि होगी। किम ने गत सितंबर में पुतिन के साथ बैठक के लिए रूस के सुदूर पूर्व की यात्रा की थी जिसके बाद से उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य, आर्थिक और अन्य सहयोग में तेजी से वृद्धि हुई है। दोनों नेताओं के बीच हुई यह बैठक 2019 के बाद उनकी पहली बैठक थी।

# सोने की तस्करी में गिरफ्तार चीनी नागरिक के पास मिला नेपाली नागरिकता का प्रमाणपत्र

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल में 6 किलो सोने और 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार चीनी नागरिक के पास से नेपाली नागरिकता का भी प्रमाणपत्र मिला है, जिससे सरकार में हड़कंप मच गया है। अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता आखिर कैसे मिल गई? दरअसल, पिछले साल हुए 100 किलो सोने की तस्करी के मामले की नए सिरे से हो रही जांच के दौरान दो दिन पहले एक और चीनी नागरिक की गिरफ्तारी हुई थी। उसके पास से पुलिस को 6 किलो सोना और 50 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। पुलिस ने जब उसके ठिकाने पर छापा मारा तो उसके पास से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र भी मिला है। फर्जी नागरिकता के सहारे सोने की तस्करी करने का खुलासा होने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सोने की तस्करी की जांच कर रहे नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के प्रवक्ता हविन्द्र बोगटी ने बताया कि



100 किलो सोने की तस्करी की जांच के क्रम में 37 वर्षीय चीनी नागरिक शेरम ग्याल्मो को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सोनाम शेर्पा के नाम का नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र मिला है। बोगटी ने बताया कि यह प्रमाणपत्र सिन्धुपालचोक जिला प्रशासन कार्यालय से जारी किया गया है। उनके मुताबिक अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता आखिर कैसे मिल गई? इससे पहले भी 100 किलो सोने की तस्करी के क्रम में गिरफ्तार कुछ और चीनी नागरिकों के पास भी नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र बरामद हुआ था, जिसके बाद कुछ सरकारी कर्मचारियों की भी गिरफ्तारी हुई है।

# दो पक्षों में चाकूबाजी दोनों पक्षों के लोग घायल

**आजमगढ़ अवधनामा संवाददाता।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के पूरासोफी मोहल्ले में सोमवार की सुबह कुर्बानी का अपशिष्ट (खून) बहाने को लेकर दो पक्षों में चाकूबाजी हो गई। जिसमें दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव किया और घायलों को नजदीकी सीएचसी ले जाया गया। जहां सभी की हालत गंभीर होते देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पूरासोफी निवासी सऊद और फज्ले रवि सोमवार की सुबह घर के सामने नाली की सफाई कर रहे थे। उसी दौरान रिश्ते के चाचा रिजवान के घर कुर्बानी के बाद पशु का का खून बहाया जा रहा था। इस दौरान सऊद और फज्ले ने विरोध करते हुए खून बहाने के लिए मना किया और गड्ढा में बहाने को कहा तो इसी बीच दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। बात इतनी बढ गई कि दोनों तरफसे ईंट व लाठी चलने लगी। तभी दोनों पक्षों के लोगों ने चाकू लेकर एक दूसरे को मारने की नीयत से दौड़ा लिया। इस दौरान एक पक्ष से फ़्ज़्ल रवि, मो.सऊद तो दूसरे पक्ष से मो.कैफघायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई।

# करे योग रहे निरोग, कुलपति ने किया योगाभ्यास कर योग प्रति जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार, प्रो पीके शर्मा, कुलपति महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय, आजमगढ़ के निर्देश के क्रम में, डी ए वी पी जी कॉलेज, शिब्ली नेशनल कॉलेज, शिवा पी जी कॉलेज,गाँधी पी जी कॉलेज, मालतारी, दुर्गा जी पी जी कॉलेज चंडेश्वर के एन सी सी कैडेटों ने मंगलवार प्रातः 8 बजे रैली के माध्यम से लोगों को योगाभ्यास के प्रति जागरूक किया।

रैली बटालियन मुख्यालय से कोट मुहल्ला-डी ए वी कॉलेज होते हुए पुनः बटालियन पर जाकर समाप्त हुई जहाँ ले0 डॉ0 पंकज सिंह, सहयुक्त एन सी सी अधिकारी,डी ए वी कॉलेज, ने पी0 आई स्टाफऔर कैडेटों को स्वस्थ जीवनशैली हेतु शासन द्वारा प्रेषित योगा-शपथ दिलाई।कमान अधिकारी ले0 कर्नल वी0 एस0 चूड़ावत ने कैडेटों को अपने संदेश में कहा कि जिस तरह एन सी सी कैडेट्स अपने ध्येय वाक्य 'एकता और अनुशासन को चरितार्थ करते हैं उसी तरह योगा भी एकता और अनुशासन का दूसरा रूप है। योग सप्ताह पर अपने संदेश में मा0 कुलपति प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। कोरोना काल पश्चात लोगों की जटिल जीवन शैली में खुद को स्वस्थ रखना और प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत रखना और भी कठिन हुआ है।भारतीय मनीषा की अद्भुत देन योगा के द्वारा न केवल हम खुद को स्वस्थ रख सकते हैं अपितु एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण कर राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं।' मा0 कुलपति जी ने बताया कि महामहिम राज्यपाल के निर्देश पर पूरे प्रदेश के विश्विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन योगा शपथ की मुहिम में, महाराजा सुहेलदेव विश्विद्यालय आजमगढ़ के छात्र छात्राओं और आम जनमानस में लगभग पचास हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाईन योग-शपथ ली है।

# प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा, किया पुलिस के हवालें

**आजमगढ़ अवधनामा संवाददाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक को कुछ लोग पीटते नजर आ रहे हैं। मामला देवगांव कोतवाली क्षेत्र के सोफीपुर का बताया जा रहा है। युवक पर आरोप है कि वह रात के अंधेरे में प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया, जहां परिजनों ने प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। पकड़े जाने पर प्रेमिका ने प्रेमी को घर में रखे एक बक्से में छिपा दिया। प्रेमिका के परिजनों ने प्रेमी को कई घंटों तक बंधक बनाये रखा और उसकी पिटाई भी करते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए उस युवक को छुड़वा कर मुक्त करवाया। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। अब प्रेमी को बंधक बनाकर पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल से हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमा हरकत में आ गया और जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई में जुट गया है। इस मामले में एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया की सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो संज्ञान में आया जिसमें एक लड़के से मारपीट की गई है। जानकारी मिली है कि एक युवक शादीशुदा महिला के घर में घुस गया और आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया इसके बाद महिला के परिजनों ने उसकी पिटाई की है। इसकी जांच थानाध्यक्ष देवगांव को सौंपी गई है। इस समय थानाध्यक्ष देवगांव मौके पर पहुंचे हैं जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर पीड़ित युवक तहरीर देता है तो पीटने वालों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत- मरदहा विकासखंड- रूद्रपुर, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत मरदहा द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**शब्या देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-मरदहा**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**

**दीनानाथ प्रजापति-सचिव**
**ग्राम पंचायत-मरदहा**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**


# पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने मंगलवार को पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सभी प्रकोष्ठों पर बारीकी से नजर गड़ाई और कहीं कोई कमी नजर आने पर मातहतों की क्लास भी लगाई। निरीक्षण कार्यक्रम में पहुंचे एसपी अनुराग आर्य को सर्वप्रथम गार्द की सलामी दी गई। इस दौरान उन्होंने गार्द में शामिल जवानों की वर्दी पर ध्यान दिया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर, जीडी कार्यालय, गणना कार्यालय, आरटीसी कार्यालय, सब्सिडी कैंटीन, जनपद नियंत्रण कक्ष, मोटर वाहन शाखा, स्टोर, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गैस एजेन्सी तथा आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक, शिकायत प्रकोष्ठ शाखाओं निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। सलामी गार्द का नेतृत्व कर रहे गार्द कमाण्डर द्वारा दी गयी कमाण्ड एवं सलामी गार्द में शामिल समस्त पुलिस कर्मियों का टर्न आउट उच्चकोटि का पाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने आरक्षियों द्वारा अग्निशामक यंत्रों के संचालन को बारीकी से परखा। फिर उन्होंने क्वार्टर गार्द एवं शस्त्रागार का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन ग्राउन्ड में बच्चों के मनोरंजन हेतु संचालित कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पटल प्रभारी को कण्डम वाहनों की नीलामी हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण कार्यक्रम में उनके द्वारा आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक कक्ष, शिकायत प्रकोष्ठ शाखाओं निरीक्षण किया गया, अभिलेखों के अवलोकन से प्रविष्टियां अध्यावधिक पूर्ण पायी गयी, फिर भी उन्होंने मातहतों को समय से पत्रावालियों का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत- गौरी बुजुर्ग विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत गौरी बुजुर्ग द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**रजनी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-गौरी बुजुर्ग**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-गौरी बुजुर्ग**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**



## कार्यालय : ग्राम पंचायत- डाला विकासखंड- रूद्रपुर, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत डाला द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**मुलायम कुमार यादव-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-डाला**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**

**दीनानाथ प्रजापति-सचिव**
**ग्राम पंचायत-डाला**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**


## पोखरे में डूबने से बालक की मौत

**बरदह, आजमगढ़ अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बकसपुर ग्राम निवासी मोहम्मद जाकिर 14 वर्ष पुत्र अनीश आज दोपहर में अपने गांव के ही पोखर में अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गया था जैसे ही बीच गहराई में पहुंच वैसे ही मोहम्मद जाकिर डूबने लगा और आसपास कोई बुजुर्ग ना रहने से मोहम्मद जाकिर की जान नहीं बच पाई है वह डूब गया साथ के बच्चों ने चिल्लाते हुए घर की तरफतेजी से भागा और कहा कि घर जाकर मोहम्मद जाकर डूब गया गांव वाले मौके पर आए और ग्रामीण वह परिजनों ने बरदह थाने में सूचना दिया थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत- अकटहिया उर्फ मटियारी विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत अकटहिया उर्फ मटियारी द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**मनीषा गुप्ता-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-अकटहिया उर्फ मटियारी**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-अकटहिया उर्फ मटियारी**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**



## कार्यालय ग्राम पंचायत गिरधरपुर, वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 19-06-2024 से 26-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 27-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अयाज**
**ग्राम प्रधान- गिरधरपुर**
**वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**

**प्रमोद कुमार यादव**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- गिरधरपुर**
**वि.ख. कंरजा कला, जौनपुर**



## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना**

**सं. इज्जत/इले./ओ.टी./10/2024 दि. 14.06.2024**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :

**क्रम सं. : 01. कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में कानपुर-फर्रूखाबाद सेक्शन में मनीमऊ स्टेशन पर हाल्ट को क्रासिंग स्टेशन में बदलने के द्वारा नये गुड्स शेड का प्रावधान कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य तथा कासगंज स्टेशन की एनएमजी के लिये स्फर लाईन एण्ड 01 स्टेबलाईजिंग लाईन, कोचिंग डिपो की सर्विस बिल्डिंग का आगमेन्टेशन, एम एण्ड पी परोक्योरमेन्ट से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में : 35,50,050.45, धरोहर राशि रु. में :** 71,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह। **क्रम सं. : 02. कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में लालकुआँ यार्ड में स्पार्ट स्टेबलाईजिंग लाईन, पाथ वे, शेड और प्वाइन्ट लाईन कार्य इनक्लूडिंग फेन्सिंग कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में :** 16,39,795.88, **धरोहर राशि रु. में :** 32,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह। **क्रम सं. : 03. कार्य का नाम :** इज्जतनगर मण्डल में काठगोदाम, काशीपुर, हाथरस सिटी में आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान एवं इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न सेक्शन में प्रतिबन्धित विजिबिलिटी के 11 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग तथा इज्जतनगर मण्डल के विभिन्न सेक्शन में 12 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग थ्रू एफएसी और ईएलडी, आरटीयू डाटालोगर, आई.पी.एस. 11 नग एल.सी. गेट की इन्टरलोकिंग कार्य से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत रु. में :** 32,02,380.61, **धरोहर राशि रु. में :** 64,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में :** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** 11.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** चार माह।

• इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिएँ।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर**
मुजाधि/विद्युत-66

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**



## कार्यालय : ग्राम पंचायत- गायघाट विकासखंड- रूद्रपुर, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत गायघाट द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**गुड्डू यादव-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-गायघाट**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**

**अनिल सिंह-सचिव**
**ग्राम पंचायत-गायघाट**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**



## कार्यालय : ग्राम पंचायत- सराव खुर्द विकासखंड- रूद्रपुर, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत सराव खुर्द द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**रूची देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-सराव खुर्द**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**

**दीनानाथ प्रजापति-सचिव**
**ग्राम पंचायत-सराव खुर्द**
**वि. खं.-रूद्रपुर, देवरिया**

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 19 जून, 2024



# सजदे में झुके सिर... अल्लाह से मांगी अमन की दुआ

अवधनामा ब्यूरो



**शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न ईद उल अजहा की नमाज**

**कुशीनगर।** बकरीद का पर्व शिद्दत के साथ मनाया गया। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों और ईदगाहों में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। सजदे में सिर झुकाकर अल्लाह से अमन की दुआ मांगी गई। गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इस दौरान सौहार्द भी दिखा। मस्जिदों और ईदगाहों में एहतियात के तौर पर पुलिस मुस्तैद रही। नमाज के दौरान पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही थी। बकरीद का पर्व तीन दिनों तक मनाया जाएगा और कुर्बानी दी जाएगी।

शहर में रविवार की शाम से त्योहार की तैयारी शुरू हो गई थी। प्रतिकूल मौसम के बावजूद लोगों ने जमकर खरीदारी की। सोमवार की सुबह से ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोग जुटने लगे। नगर की जामा मस्जिद, नौका टोला की ईदगाह, छावनी, कठकुइया रोड आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों और ईदगाहों में खुदा की इबादत की गई। लोगों ने अकीदत से नमाज अदा करके एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। ईदगाहों में काफी चहल-पहल थी। बच्चों में भी खासा उत्साह था। बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया। नमाज के बाद कुर्बानी और दावतों का दौर शुरू हुआ, जो शाम तक चलता रहा। कप्तानगंज की जामा मस्जिद, हाटा की बडी मस्जिद के साथ-साथ तमकुहीराज, सेवरही, फाजिलनगर, दुदही, रामकोला, खड्डा, छितौनी, लक्ष्मीपुर, नरायनपुर, मथौली, अजीजनगर, सुकरौली सहित पूरे जिले में अमन की सलामती के लिए नमाज अदा करने की खबर है। जिले के आला अफसरों ने भी सभी को बकरीद की बधाई दी है। **इसलिए मनाया जाता है ईद उल अजहा का त्यौहार :** बता दें कि ईद-उल-अजहा हर वर्ष हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। हजरत इब्राहिम अल्लाह के हुकुम पर अपनी वफादारी दिखाने के लिए अपने बेटे इस्माइल को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए और अपने बेटे को कुर्बानी देने के लिए एक पहाड़ पर ले गए। वहां कुर्बानी की तैयारी में लगे तभी अल्लाह ने करिश्मा दिखाया और एक डुंबा आ गया जिसका हजरत इब्राहिम ने कुर्बानी दिया। तभी से यह ईद-उल-अजहा कुर्बानी के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग, व्यापार एवं श्रम बंधु की बैठक हुई संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला उद्योग बन्धु/श्रम बन्धु/व्यापार बन्धु की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। साथ में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी भी उपस्थित रही।

बैठक में पूर्व की कार्यवाहियों के बारे में सभी को अवगत कराया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उद्यमियों व्यापारियों/श्रमिकों की समस्याओं व प्रमुख सुझाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागो के अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया गया। राजकीय औद्योगिक स्थान पडरौना के पार्क की भूमि के सौंदर्यीकरण का प्रकरण उद्यमी संगठन के अध्यक्ष द्वारा उठाया गया, जिस पर समिति में चर्चा के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उद्योग निदेशालय से वार्ता पर ज्ञात हुआ हैं कि उक्त कार्य कि स्वीकृति शीघ्र प्राप्त होने की संभावना हैं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओ0डी0ओ0पी0 योजना की प्रगति समीक्षा की गई। उक्त योजनाओं में धीमी प्रगति पर अग्रणी जिला प्रबंधक एवं बैकर्स के साथ-साथ उपायुक्त उद्योग को त्वरित रूप से कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इन्वेस्टर समिट के निवेशको की समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा ओ.डी.ओ.पी. टूलकिट प्रशिक्षण योजना में अभ्यर्थियों को वितरित किए जाने वाले टूलकिट के टूल्स चरखा व धागा लपेटन के स्थान पर वर्तमान समय में उपयोगी रेशा बुनाई मशीन को शामिल किए जाने का प्रस्ताव ओडीओपी प्रमुख उद्यमी व उद्यमी संगठन के अध्यक्ष द्वारा समिति के सदस्य उठाया गया, जिस पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चरखा व धागा लपेटन की प्रांसगिकता व व्यवहार्यता न होने के कारण उद्यमियों की मांग पर नवीन रेशा बुनाई मशीन को शामिल किए जाने की स्वीकृति की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उद्यमियों, व्यापारियों के अतिरिक्त जिला प्रबन्धक उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन सुमन व सहायक श्रमायुक्त विजय यादव, सहायक पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन व उपायुक्त व्यापार अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय उपस्थित रहें।

# प्रवासी भारतीय मदद समूह निःस्वार्थ द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शिविर में 45 लोगों द्वारा रक्तदान करने पर किया गया सम्मानित**

## विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत ककवल द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**अर्जुन निषाद-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-ककवल**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-ककवल**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

## कार्यालय : ग्राम पंचायत- शिवपुर कलिवा
## विकासखंड- गौरी बाजार, देवरिया

**- : अल्पकालिक निविदा सूचना 2024-25 :-**

ग्राम पंचायत शिवपुर कलिया द्वारा मनरेगा, पन्द्रहवां वित्त, पंचम वित्त, एस.एल.डब्लू.एम.आर.जी.एस.ए. (सी.एस.सी.), आंगनबाडी भवन, विवाह भवन, सांसद, विधायक, एम.एल.सी. एवं अन्य शासकीय योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को प्रयोग हेतु सामाग्री आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, मोरंग बालू, सादा बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, फर्श टाइल्स, मार्बल, पेन्ट, साइन बोर्ड, विद्युत उपकरण, ह्यूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, स्वच्छा सामाग्री, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा ठेला, स्वच्छता सामग्री, कुदाल, झाडू ब्लीचिंग पाउडर, चूना, कुडादान, फागिंग मशीन, प्लास्टिक बैंक, बैंच, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19-06-2024 तक 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म स्टाम्प पेपर, बन्धक प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम सचिवालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा। निविदा दिनांक 22.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। निविदा फार्म एवं निविदा नियमावली प्रपत्र कार्यालय ग्राम सचिवालय से दिनांक 22-06-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म शुल्क रुपया 100.00 रु. मात्र जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**ज्ञान्ती देवी-ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-शिवपुर कलिया**
**वि. खं.-गौरी बाजार, देवरिया**

**शम्भू शरण-सचिव**
**ग्राम पंचायत-शिवपुर कलिया**
**वि. खं.-गौरीबाजार, देवरिया**

# नीबकरोरी धाम से अयोध्या धाम के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनने के बाद फर्रुखाबाद से भी सीधी बस सेवा की मांग जनता की तरफ से लगातार उठ रही थी। जिसको देखते हुए फर्रुखाबाद के नीबकरोरी धाम होते हुए अयोध्या धाम तक बस सेवा शुरू की गई है। मंगलवार को सांसद मुकेश राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर रोडवेज बस को रवाना किया।

बस में ऑनलाइन टिकट सेवा भी उपलब्ध रहेगी। फर्रुखाबाद रोडवेज बस अड्डा पर सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद मंगलवार को फर्रुखाबाद से अयोध्या जाने वाली रोडवेज बस को सांसद मुकेश राजपूत ने नारियल फोड़ कर हरी झंडी दिखाई। इससे पहले अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि जनता की लगातार मांग थी उसी के अनुरूप भगवान राम के सीधे दर्शन करने के लिए बस सेवा शुरू की गई है। यह बस बाबा नीबकरोरी धाम के दर्शन कराते हुए प्रतिदीन जनपद वासियों को अयोध्या धाम ले जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद के पर्यटन क्षेत्र को अब नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि आने वाले समय में संकिसा से सारनाथ तक बस सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा है। अयोध्या को जाने वाली बस सुबह साढ़े पांच बजे फर्रुखाबाद से रवाना होकर 6:20 बजे नीबकरोरी पहुंचेगी। दस मिनट रुकने के बाद वहां से पुन~फर्रुखाबाद आयेगी। जिसके बाद सुबह लगभग 7:30 बने अयोध्या को निकलेगी। जो की कन्नौज होते हुए एक्सप्रेसवे से लखनऊ दोपहर 12:45 बजे पहुंचेगी।

**नीबकरोरी धाम से अयोध्या तक चलने वाली पहली रोडवेज बस को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

5 मिनट रुकने के बाद लखनऊ से चलकर 3:55 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी। वहीं 20 मिनट रुकने के बाद 4:15 पर अयोध्या से रवाना होगी और रात 12:40 पर फर्रुखाबाद पहुंचेगी। एआरएम अरविंद मिश्रा ने बताया कि पहली बार अयोध्या ले जाने के लिए बस की कमान चालक सत्यवीर यादव परिचालक अंकित यादव को दी गई है। यह बस प्रतिदिन चलेगी और इसमें यात्रियों की सहूलियत के लिये बेहतर इंतजाम किए गए हैं। ऑनलाइन टिकट सेवा भी उपलब्ध रहेगी। किराया भी साधारण रहेगा।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन दुकान चपेट में

**सरीला हमीरपुर।** पुराने अस्पताल के पास रखी दुकानों में बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गयी। जिसमें तीन दुकानें जलकर खाक हो गयी है। इस आगजनी में दुकानदारों का लाखों का नुकसान हुआ है। तीन दमकल गाड़ियों के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका। दुकानदारों का आरोप है कि विद्युत विभाग के जेई द्वारा फोन ना उठाने से आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जिससे लोगों में रोष है। पुराने सरकारी अस्पताल किनारे एक दर्जन से अधिक फुटपाथिया दुकानदार अपनी दुकान लगाकर परिवार का जीवकोपार्जन करते हैं। सोमवार को तड़के तीन बजे इन दुकानों में अचानक आग धड़कने लगी देखते ही देखते आग ने बृजमोहन, गोपाल व कमल किशोर की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों के बाहर सो रहे दुकानदार आग का विकराल रूप देख कर घबरा गये। शोर मचाकर कर लोगों को इकट्ठा कर लिया। चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और दमकल को सूचना देने के बाद सभी आग पर काबू पाने में जुट गये। दुकानदारों का आरोप है कि बिजली का शटडाउन करने के लिए विभाग के जेई को कई बार फोन किया।

# समाज की प्रगति व उन्नति के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण स्तम्भः आरपी सिंह

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीज़न रेणुसागर तमाम प्रकार के शैक्षिक व विकास कार्यो हेतु हमेशा अग्रणी रहता है, इसी क्रम में टी0 टी0 एम0 डी0 सी0 रेनुसागर हाल में रेणुसागर पावर डिवीज़न के यूनिट हेड आर पी सिंह के दिशा निर्देशन में श्रमिक भाइयो हेतु एक महीने के लिए आधारभूत साक्षरता कार्यक्रम अध्ययन आयोजित किया जिसमे कुल 18 श्रमिकों ने पढ़ने एवं लिखने की क्षमताओं को विकसित करने वाली विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया,इस दौरान सभी प्रतिभागियों को मूलभूत साक्षरता के साथ.साथ महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से विद्यालय के अनुभवी अध्यापको द्वारा आवश्यक महत्वपूर्ण शिक्षा दी गई। माह भर चले टी0 टी0 एम0 डी0 सी0 हाल में आधारभूत साक्षरता कार्यक्रम के समापन समारोह के आयोजन को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेणुसागर पावर डिवीज़न के यूनिट हेड आर पी सिंह ने साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को ईश्वर ने सोचने-समझने की शक्ति दी है, उसका सही उपयोग करने के लिए अध्ययन एक सही और श्रेष्ठ साधन है। मानव जीवन को सही प्रकार से जीने के लिए अध्ययन आवश्यक है। साक्षरता का मतलब व्यक्ति की विभिन्न योग्यताओं के साथ-साथ शिक्षा प्राप्त करना, यह न केवल अक्षरों की पहचान होती है, बल्कि यह व्यक्ति को उसके अधिकार और कर्तव्यों की भी जानकारी होती है। प्रत्येक समाज की प्रगति और उन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण स्तम्भ शिक्षा होती है। शिक्षित और साक्षर व्यक्ति ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और उन्नति की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। अध्ययन का उद्देश्य साक्षरता को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के महत्व को जागरूक करना है। इसी क्रम में यूनिट एच आर हेड शैलेश विक्रम सिंह ने कहा कि शिक्षा हमारे व्यक्तिगत कौशल, योग्यता, व स्वभाव को सुधारने में मदद करती है। यह हमारी सोचने की क्षमता, समस्याओं का समाधान की क्षमता व नए आविष्कारी विचारों का विकास करती है।

# संगठन पदाधिकारियों ने एसपी को भेजा शिकायती पत्र

**राष्ट्रीय बजरंग दल महामंत्री के परिजनों से मारपीट का मामला**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री के परिवार पर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा जानलेवा हमला किये जाने और महिलाओं से अभद्रता करने के बावजूद भी मामला दर्ज न होने का आरोप लगाते हुये राष्ट्रीय बजरंग दल ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को भेजा है।

ज्ञापन में बताया कि बीती 16 जून की रात करीब 9.40 बजे राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री शंकर चन्देल के परिजनों पर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश कुशवाहा व उनके पुत्रों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा महिलाओं से अभद्रता करते हुये अभद्रता की। बताया कि उसी समय कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना भी दी गयी, लेकिन अगले दिन 17 जून को दोनों पक्षों को कोतवाली में बैठाकर कोई मामला पंजीकृत नहीं किया गया। यह भी बताया कि इस घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग साक्ष्य के रूप में उपलब्ध होने के बावजूद भी उक्त लोगों पर कार्यवाही नहीं किया जाना एवं पीड़ित पक्ष को कोतवाली में बैठा लिया जाना पुलिस की कार्यवाही से सवालिया निशान खड़े होते हैं। राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से प्रकरण की जांच कराये जाने एवं उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग उठायी है।

ज्ञापन देते समय विभाग मंत्री सचिन दुबे, हर्ष जैन, आनंद सोनी, ऋषभ, बलराम पचौरी, राजा बाबू सेन, आर्यन चन्देल, नितिन प्रजापति, शंकर चन्देल, अंशु, शुभम सेन, रविन्द्र चन्देल, दिनेश बबेले, मानसिंह चन्देल, शैलेन्द्र झां, रोहित पाल, विशाल ताम्रकार, कमलेश सोनी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## भीषण आग के तांडव ने दो घरो को बनाया निवाला

**दूबेपुर, सुलतानपुर।** विकास खंड मुख्यालय के बगल स्थित गांव मे संदिग्ध परिस्थित मे आग लग गई।आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि देखते ही देखते सब कुछ खाक हो गया। दूबेपुर निवासी मुन्ना पुत्र खुद्दर व झन्ना पत्नी शिव शंकर दोनो लोगो के घर को आग ने अपना निवाला बना लिया कि सब कुछ जलकर खत्म हो गया।घटना की सूचना मिलते ही दूबेपुर के पूर्व प्रधान व भाजपा नेता अरविंद वर्मा ने तत्काल पाच पाच हजार रूपए की आर्थिक मदद कर, स्थानीय लेखपाल मनोज पाठक व,मौजूदा प्रधान पप्पू सोनकर को भी घटना से अवगत कराया। पूर्व प्रधान अरविंद वर्मा ने कहा एक छोटी सी चिंगारी ने ग्रामीणों के आशियाने राख कर दिया, तो कभी शॉर्ट सर्किट ने लोगों की कमाई का जरिया ही खत्म कर दिया। दाने-दाने को मोहताज लोग इस आस में खुद को दिलासा दे रहे हैं कि शायद ऊंचे ओहदे पर बैठे लोगों का दिल उनकी दशा देखकर पसीज जाए। हालांकि ये कोई पहली बार नहीं है।

# पानी की समस्या के साथ नालियों की सफाई जल्द पूरा कराए : रूबी प्रसाद

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये मंगलवार को रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जन समस्याओं की त्वरित निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन नगर पालिका परिषद सोनभद्र में किया गया।

उक्त जनसुनवाई में हैण्डपम्प मरम्मत, नाला-नाली सफाई एवं अन्य शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित पटल सहायकों को निर्देशित किया गया एवं भविष्य में भी प्राप्त होने वाली जन शिकायतों को शीघ्राति शीघ्र निस्तारण हेतु आदेश दिया गया। रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। अध्यक्ष ने बताया कि आगामी होने वाली बरसात से पूर्व सभी नालियों की अच्छे से साफ सफाई कराकर संबंधित वार्ड सभासद अवगत काराएँ कहीं कोई किन्ही कारणों से दिक्कत उत्पन्न हो रहा है तो तत्काल इसकी सूचना अवगत कराए जिस का निदान करा कर नालियों की साफ सफाई में कोई दिक्कत ना हो पाए नगर पालिका कर्मचारी व सफाई नायक को विशेष तौर पर दिशा निर्देशित किया गया है कि एक भी नली या नाला साफ सफाई से वंचित न रहे इस दौरान के जेई मनीष कुमार, संत सोनी,बिमलेश कुमार,अजीत कुमार, सभाई नायक आकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हूटर ब्लैक फिल्म के खिलाफ पुलिस का चला अभियान



**सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो।** जिले में फ़ॉर विलर वाहनों में ब्लैक फिल्म व हूटर लगा कर घूमने वालो के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान में यातायात पुलिस व कोतवाली पुलिस के संयुक्त रूप से मंगलवार को स्वर्ण जयंती चौक पर किए चेकिंग अभियान में 10 हूटर निकलवाते हुए 15 फ़ॉर विलर वाहन से निकलवाया गया ब्लैक फ़िल्म दि गई हिदायत वही इस दौरान 25 वाहनों का किया गया ई चालान। यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संयुक्त रूप से जिले के सभी थाना पुलिस व यातायात पुलिस के साथ फोर व्हीलर वाहन में गलत तरीके से हूटर लगाकर व ब्लैक फिल्म लगाकर चलाया जा रहा है जिसको निकलवाने व उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई करने का कार्य किया जा रहा है उसी क्रम में मंगलवार को लगभग 25 वाहनों का ई चलान करते हुए ब्लैक फिल्म उतरवाए गए और संबंधित दर्जनों वाहनों को हिदायत दिए गए की आगे से ऐसी शिकायत मिली तो और कड़े चालान किए जाएंगे इस मौके पर थाना प्रभारी सत्येंद्र राय, टीएस आई संजय सिंह, हेड कांस्टेबल चंद्रमा यादव, दिनेश यादव, मस्तान यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# काशी की तर्ज पर होगा बरहज के घाटों का विकास डीएम ने प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाने एवं ऐतिहासिक तथा पौराणिक महत्व की स्थलों को चिन्हित करते हुए उनका संरक्षण करने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की गई जिनमें राज्य योजना की 14 तथा जिला योजना की 12 परियोजनाएं शामिल है। डीएम ने प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची तैयार करते हुए एक ब्राउसर बनवाने का निर्देश दिया, जिसमें जनपद की ऐतिहासिकता, पौराणिकता, धर्मिक-सांस्कृतिक महत्व स्पष्ट रूप से झलके। महर्षि देवरहा बाबा से जुड़ी कहानियों और स्थलों को सहेजते हुए साहित्य लेखन करने का निर्देश भी डीएम ने दिया। डीएम ने कहा कि बरहज के घाटों की ऐतिहासिक महत्ता है। बरहज के घाटों के विकास के लिए एक वृहद एकीकृत परियोजना तैयार की जाए। काशी की तर्ज पर बरहज के घाटों का विकास किया जाए। इससे क्षेत्र में पर्यटकों की आमद होगी और रोजगार बढ़ेगा। मूंज के सजावटी वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध भटनी के बेहरा डाबर तथा धार्मिक स्थल बनकटा तिवारी में रूरल टूरिज्म की संभावना मौजूद है। इसके अतिरिक्त मदैनाताल तथा सिरजम ताल में इको टूरिज्म की संभावना को भी तलाशा जाए। डीएम ने स्कूली छात्रों को अंतर्जनपदीय पर्यटन के लिए प्रेरित करने तथा पर्यटन यूथ क्लब की गतिविधियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, प्रभागीय वन अधिकारी जगदीश आर, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन, ईओ नगर पालिका अंकिता शुक्ला, युवा कल्याण अधिकारी नीतीश राय सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## पॉलीहाउस तकनीक से बढ़ेगी किसानों की आय

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** परम्परागत खेती की तुलना में पॉली हाउस और नेट हाउस के जरिए किसान सब्जियों व फूलों की खेती से पांच से दस गुना तक



उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। बाज़ार की मांग के अनुसार मौसमी-बेमौसमी फसलों की खेती बेहद कम लागत में कर अच्छा मुनाफा हासिल किया जा सकता है। यह बातें सीडीओ प्रत्यूष पाण्डेय ने विकास भवन गेट पर स्थापित रेडिएंट द ग्रीन जोन के शुभारंभ के अवसर पर कहा। उन्होंने कहा की इसके जरिए उच्च क्वालिटी की नर्सरी पौध भी लगाई जा सकती है जिससे जरवेरा, लिली, ग्लैडियोलस जैसे फूलों की खेती कर सुगंध और सुंदरता के साथ बेहतर कमाई कर सकते हैं। रेडिएंट द ग्रीन जोन पर हाईटेक खेती करने सम्बन्धी सभी प्रकार की जानकारी व सहयोग मिलेगा जिससे किसानों को सहूलियत होगी। साथ ही मिलेट्स, पनीर व सब्जियां भी उपलब्ध होंगी। यह केंद्र इंडोर तथा आउटडोर गार्डेनिंग में भी सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान सीडीओ ने ग्राम धमऊर परशुराम निवासी रवि प्रकाश सिंह, ग्राम दहरौली के विजय त्रिपाठी, बतरौली के मनोज पाण्डेय, दुबौली के हिमांशु दुबे तथा सदाशंकर मल्ल को पॉलीहाउस लगाने के लिए आगे आने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रेडिएंट द ग्रीन जोन के प्रोपराइटर व पॉलीहाउस परामर्शदाता कमलेश मिश्रा ने सबका आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह, विकास सिंह, आशीष दुबे, राजेश मिश्र, राम मिलन यादव, पंकज मिश्र, प्रवीण मिश्र, अशीष प्रताप सिंह, सच्चिदानंद मिश्र आदि मौजूद रहे।

## किसानों को समृद्ध बना रहा सम्मान निधि

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 17 वीं किश्त जारी किए जाने के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया आयोजित कार्यक्रम ने रामपुर कारखाना विधानसभा के करनपुर पचफेड़ा गांव में सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित नवनिर्वाचित सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र की मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के 17 वी किश्त के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 9.26 करोड़ किसान भाइयो के खाते में सीधे 20 हजार करोड़ रुपये की धनराशि भेज रहे है, इस योजना के माध्यम से देवरिया जनपद के 4 लाख 11 हजार 380 किसान भाई लाभान्वित होंगे और उनके खाते में 82 करोड़ 27 लाख साठ हजार रुपये की धनराशि भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा किसान सम्मान निधि और केंद्र सरकार की अन्य किसान कल्याणकारी योजनाओं से किसान बन्धु समृद्ध हो रहे है।

## भीषण गर्मी से इंगोहटा बैंक में खाताधारक व कर्मी परेशान



**भरुआ सुमेरपुर अवधनामा संवाददाता।** भीषण गर्मी के चलते इंडियन बैंक की इंगोहटा शाखा में दिन भर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। बैंक में जनरेटर व एसी की व्यवस्था न होने से बैंक कर्मी व खाताधारक परेशान रहे। बार बार लाइट जाने पर बैंक कर्मी व ग्राहक बैंक से बाहर निकल आए और बाहर खड़े रहकर लाइट का इंतजार करते रहे। जब लाइट आई तभी अंदर काम शुरू हो सका। फिर भी भीषण गर्मी में तपती छत और गर्म हवा फेंक रहे पंखे राहत नहीं दे पा रहे थे। बैंक के अंदर सभी उमस भरी गर्मी से पसीना बहाने पर विवश रहे। बैक के शाखा प्रबंधक आलोक पटेल ने बताया कि जनरेटर व एसी के लिए पत्राचार किया गया है। स्वीकृति मिलते ही यह कार्य करा दिया जायेगा।

## इंगोहटा फीडर में कार्य करते समय लाइनमैन को लगा करंट

**भरुआ सुमेरपुर अवधनामा संवाददाता।** इंगोहटा फीडर में कार्य करते समय लाइनमैन करंट से झुलस कर नीचे आ गिरा। इसको उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। उपखंड अधिकारी एसपी मिश्रा का कहना है की घटना करंट से नहीं खंबे से गिरकर हुई है। चंद्रपुरवा निवासी राजू 40 वर्ष सुमेरपुर द्वितीय सब स्टेशन में संविदा पर लाइन मैंन है। मंगलवार को इसने इंगोहटा फीडर में फाल्ट ठीक करने के लिए 10~40 पर शटडाउन लिया और कार्य करने के लिए खंबे पर चढ़ गया। कार्य करते समय अचानक आपूर्ति चालू कर देने से यह झुलस कर खंबे से नीचे आ गिरा। खेतों में मौजूद चारवाहों ने इसकी सूचना पावर हाउस में दी। तब इसको विद्युत कर्मी उठाकर अस्पताल लाए।



## नाला की खुदाई के बाद ठेकेदार गायब, लोग परेशान



**भरुआ सुमेरपुर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 देवगांव मार्ग किनारे नाला निर्माण के लिए नाला खोदकर कार्यदायी संस्था नदारत है। इससे लोगों को आवागमन में तमाम मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बस्ती का गंदा पानी नाले में एकत्र होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। यहां के लोगों ने मामले की शिकायत अधिशाषी अधिकारी से की है। नगर पंचायत ने कस्बे के वार्ड संख्या 16 में देवगांव मार्ग में जल निकासी के लिए नाला निर्माण की स्वीकृत प्रदान की है। ठेकेदार ने नाला निर्माण के लिए एक साइड से खुदाई करा दी है और गायब हो गया है। इससे लोगों की मुसीबतें कम होने की बजाय बढ़ गई है। यहां के निवासी रामप्रकाश अवस्थी, राम प्रताप, हरिओम चक्रवर्ती, संतोष कुमार, रामबाबू विश्वकर्मा, हेतराम प्रजापति, दिनेश गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र गुप्ता आदि ने अधिशाषी अधिकारी को शिकायत सौंपकर समस्या से अवगत कराकर नाला निर्माण की मांग की है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है अवर अभियंता एवं ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू कराने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# बाढ़ से बचाव हेतु पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव हेतु पूर्व तैयारियों से सम्बन्धित समीक्षा बैठक किया गया , उक्त बैठक में जनपद के समस्त सम्बन्धित विभागों को बाढ़ से बचाव हेतु समस्त तैयारियां एक सप्ताह में पूर्ण कराए जाने के साथ निम्न निर्देश दियें है।

जनपद में बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में बन्धों निरीक्षण कर सत्यापन राजस्व अधिकारीयों के द्वारा कर लिया जाये, अधिशाषी अभियन्ता, मौदहा बांध द्वारा जनपद के समस्त संवेदनशील एवं क्षतिग्रस्त हुये बन्धों/तटबन्धों की मरम्मत आदि का कार्य पूर्ण कराकर सत्यापन करा लिया जाये, अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टाक का एकत्रीकरण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने की व्यवस्था कर लिया जाये । समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों हेतु सुरक्षित स्थान एवं राहत कैम्प हेतु चिन्हित स्थानों पर किये जाने वाली समस्त आवश्यक व्यवस्था तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी हेतु बाढ़ चौकियों का पूर्व से चिन्हांकन तथा सत्यापन कर लिया जाये तथा जनपद में छोटी एवं बड़ी नावों का चिन्हीकरण कर भौतिक सत्यापन तथा गोताखोरों एवं नाविकों का सत्यापन कर विवरण तैयार कर लिया जाये तथा नावों की मरम्मत इत्यादि कार्य पूर्ण करा कर सत्यापन कर लिया जाये।

मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के पूर्व जनपद स्तर पर जीवनरक्षक औषधियों / सर्पदंश की औषधियों पूर्व से पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाये। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के पूर्व कैम्पों में ठहराये गये व्यक्तियों एवं पशुओं हेतु पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने हेतु जल संस्थान, नगर निकाय, पंचायती राज द्वारा व्यवस्था पूर्व से कर लिया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं/गोशालाओं के लिये अन्यत्र उचित स्थान पर सुरक्षित स्थल पर शिफ्ट किया जाना, साथ ही पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था एवं पशुओं का टीकाकरण समय से कराए जाने का प्रबंध पूर्व से कर लिया जाए बाढ़ की स्थिति उत्पन्न से पूर्व शहर की जल निकासी हेतु लिफ्टर, पम्पिंग शेड एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम द्वारा सुनिश्चित करने सम्बन्धित तैयारी कर लिया जाये। बाढ़ के साथ-साथ जल भराव की समस्या से बचाव हेतु नालों आदि के सफाई का कार्य नगर निकाय/जिला पंचायत राज अधिकारी किये जाने सम्बन्धित व्यवस्था पूर्व से करा लिया जाये। बाढ़ से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें का व्यापक प्रचार प्रसार तथा आकाशीय विद्युत के लिये सटीक पूर्वान्यमान हेतु दामिनी ऐप का प्रचार-प्रसार समस्त विभागों द्वारा कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उक्त बैठक में अधिशाषी अभियंता जनल निगम (नगरीय) की अनुपस्थित होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने का आदेश दिया गया, अंत में निर्देशित किया की समस्त सम्बन्धित विभाग उक्त के अतिरिक्त शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में बाढ़ से बचाव पूर्व से तैयारी सुनिश्चित कर लें, बाढ़ तैयारी से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# जिला चिकित्सालय के डॉक्टर ने मरीज के परिजनों को पीटा



**जिला चिकित्सालय के डाक्टर हुए बेलगाम, अक्सर मरीजो के परिजनो से करते है मारपीट**

**बाँदा अवधनामा संवाददाता।** डाक्टर का दूसरा नाम भगवान भी है जिसे जीवन दाता के रूप मे हम सभी जानते है परंतु वर्तमान समय मे बाँदा के जिला चिकित्सालय मे तैनात डाक्टर को किसी भी हालत मे भगवान नही कहा जा सकता है , जो डाक्टर अपने ही मरीजो और उनके परिजनो से अभद्र व्यवहार करे उसको तो डाक्टरी का पवित्र व्यवसाय छोडकर अंडरवर्ड मे चले जाना चाहिये जहां दया , मानवता की कोई कीमत नही होती है। डा. पीके गुप्ता का मारपीट का ये पहला कारनामा नही है इससे पूर्व भी कई बार मरीजो और उनके परिजनो से मारपीट करते रहे है , हमेशा विवादो मे रहने वाले डा. पीके गुप्ता पर आखिर प्रशासन क्यो इतना मेहेरबान है कि उनकी ड्यूटी अतिसंवेदनशील ट्रामा सेंटर मे ही लगायी जाती है जबकि मरीजो के प्रति उनका गंदा व्यवहार बताता है कि वो इस पवित्र पेशे के लायक ही नही है जो डाक्टर अपने दुःखी परेशान पीडित मरीजो से ही मारपीट करने लगे उसकी मानसिक स्थिति क्या होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है, ऐसे चिकित्सक का सर्वप्रथम मानसिक रोग विशेशज्ञ द्वारा परीक्षण करवाना अति आवश्यक है क्योंकि बाँदा जनपद मे तापमान इन दिनों 47 डिग्री के आसपास है और विशेषज्ञो द्वारा घरो से बाहराना निकलने देने की सलाह दी जा रही है ऐसे बढते तापमान मे कही डा. पीके गुप्ता का मानसिक संतुलन तो खराब नही हो गया है इसकी भी जांच होनी अति आवश्यक है।

## फोरव्हीलर चालक को अज्ञात लोगों ने पीटा

**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** महोबा से सुमेरपुर जा रहे फोर व्हीलर सवार को अज्ञात लोगों ने हमला कर न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि फोर व्हीलर भी क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी। लेकिन पीआरबी का प्वाइंट होने के कारण पुलिस की कार्यवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फतेहपुर निवासी विनय कुमार गुप्ता पुत्र मोहन लाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह नेशनल हाईवे से अपनी चार पहिया गाड़ी से सुमेरपुर की ओर जा रहे थे तभी मौदहा के राठ तिराहे पर अज्ञात बाईक सवारों ने लोहे के राडों से हमला कर फोर व्हीलर क्षतिग्रस्त कर दी और उन्हें भी घायल कर दिया।

# पीएम मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचानः सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



- आजादी के बाद पहली बार राजनीतिक एजेंडा बना अन्नदाता
- सीएम योगी ने पीएम का जताया आभार

**लखनऊ/वाराणसी।** आजादी के बाद 2014 में पहली बार अन्नदाता किसान देश की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बना। स्वायल हेल्थ कार्ड से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तक अनेक योजनाओं के जरिए किसानों के जीवन में परिवर्तन कर उनकी आमदनी को कई गुना बढ़ाने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए, आज उसके परिणाम देखने को मिल रहे हैं। मोदी जी ने जब तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो सबसे पहले अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित फाइल पर हस्ताक्षर किया और पीएम मोदी द्वारा आज करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सौगात मिल रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वाराणसी में आयोजित किसान सम्मेलन में कहीं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.26 करोड़ किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त (20 हजार करोड़ रुपये से अधिक) का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। साथ ही कृषि सखियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सीएम योगी ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। सीएम योगी ने कहा कि हमने बदलती हुई काशी को देखा है। काशी नए कलेवर और नई काया के साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए वैश्विक मंच पर नई पहचान बना रही है। नई काशी पूरे देश-दुनिया को आकर्षित कर रही है। 10 वर्ष में नई काशी के कायाकल्प के लिए न सिर्फ हजारों करोड़ रुपये लगे हैं, बल्कि दुनिया ने काशी को नए रूप में बदलते हुए देखा है। काशी के बारे में आमजन की श्रद्धा-आस्था को और मजबूत होते देखा है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अनिल राजभर, जयवीर सिंह, रवींद्र जायसवाल, डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, बलदेव सिंह औलख आदि लोग मौजूद रहे।

## हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिदंडीजी का निधन

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री श्री रामानुज जीयर स्वामी त्रिदंडीजी महाराज का हैदराबाद के सीता राम बाग स्थित उनके श्री जगन्नाथ मठ में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर फैलते ही पार्टी और हिन्दु जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। 82 वर्षीय स्वामी त्रिदंडी जी महाराज लंबे समय से अस्वस्थ थे और दो दिन पहले ही एक स्थानीय अस्पताल से चिकित्सा करवाने के बाद स्वस्थ होकर अपने आश्रम श्री जगन्नाथ मठ में वापस लौटे थे। उनके निधन पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ऋषि त्रिवेदी ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा कि उनके निधन से एक मार्गदर्शक के रूप में पार्टी में भारी क्षति पहुंची है, जिसकी पूर्ति आजीवन नहीं की जा सकती है। उनकी कमी पार्टी में हमेशा खलती रहेगी। अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने अपने शोक संदेश में स्वामी त्रिदंडी जी महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

### उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

# सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जाएः शोभन चौधुरी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, रेलगाड़ियों की सुरक्षित संचालन, समयपालनबद्धता और रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि संरक्षा उत्तर रेलवे की प्राथमिकता हैं।

उन्होंने रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मण्डलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने हेतु अभियान तेज करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए और इसमें कोई त्रुटि नहीं छोड़नी चाहिए। बैठक के दौरान उठाए गए प्रमुख विषयों में आपातकालीन सहायता प्रोटोकॉल, कर्मचारी प्रशिक्षण पहल, अनुरक्षण शिड्यूल और नई संरक्षा प्रौद्योगिकियों का कार्यान्वयन शामिल थे। उन्होंने विभागों को कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और रिफ्रेशर पाठ्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी ताकि उन्हें प्रेरित किया जा सके और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए प्रणाली के कामकाज के बारे में जानकारी दी जा सके। उन्होंने विभाग प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता बनाए रखते और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान की गति बनाए रखने का भी निर्देश दिया। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वागत करते हुए। साथ में हैं, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

## रेल हादसा पूरी तरह रेलवे मंत्रालय का गलत नियोजन है : प्रमोद तिवारी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए भयावह रेल हादसे को अब तक का सबसे बड़ा रेल हादसा बताते हुए दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय बताया है। उन्होंने हादसे में दर्जन भर से अधिक रेल यात्रियों की दर्दनाक मौत और 60 से अधिक यात्रियों के घायल होने को चिंताजनक बताते हुए रेल मंत्री को हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद से इस्तीफा देने की मांग की। इसी के साथ हादसे में मरने वालों के परिजनों को सरकार की ओर से 50 लाख और घायलों को 25 लाख रुपये मुआवजे की भी मांग की। श्री तिवारी ने कहा कि यह रेल हादसा पूरी तरह रेलवे मंत्रालय के गलत नियोजन और गलत नीति व गलत कदम का दुष्परिणाम है। दुर्घटना में यात्रियों सहित दो लोको पायलट की मौत से देश को गहरी पीड़ा पहुंची है। रेल मंत्रालय सुरक्षा की ओर जरा भी नजर नहीं डाल रहा है। हादसे को लेकर उत्तरदायित्व निर्वहन में रेल मंत्रालय, बिहार और उड़ीसा के बाद दार्जिलिंग रेल दुर्घटना से अपनी विफलता छिपा नहीं सकता।



ज्येष्ठ माह के मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, डॉ अम्मार रिज़वी ने अपने अलीगंज स्थित आवास पर भंडारे का आयोजन कर लोगों में प्रसाद वितरण किया तथा इस भीषण गर्मी में शीतल पेय जल इत्यादि वितरित किए।

# सज़ा नहीं न्याय केंद्रित है तीन नए आपराधिक कानून, तय समय में मिलेगा न्यायः डीजीपी

अवधनामा संवाददाता



### महिला और बच्चों की सुरक्षा पर फोकस

**लखनऊ।** देशभर में एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनके लागू होने के बाद इंडियन पीनल कोड यानि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता 2023, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड यानि सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू होंगे। नए आपराधिक कानूनों के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले।इसके लिए नई तकनीकों को पूरी प्रक्रिया में शामिल किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और पीड़ित की भागीदारी को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही न्याय वितरण में कानून प्रवर्तन की भूमिका को और मजबूत बनाता है। यूपी पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने आकाशवाणी समाचार लखनऊ से खास बातचीत में नए आपराधिक कानूनों को लेकर जानकारी दी। प्रशांत कुमार ने बताया कि समय की मांग को देखते हुए ये नए आपराधिक कानून लाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में दंड पर नहीं बल्कि न्याय पर जोर दिया गया है ।भारतीय न्याय संहिता 2023 में ये सुनिश्चित किया गया है कि अपराध के मामले में पीड़ित को तय समय सीमा में न्याय मिले। नए आपराधिक कानूनों में आतंकवाद और संगठित अपराध जैसे नए विषय भी शामिल किए गए है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी शिकायत के समाधान में उससे जुड़े किसी भी पक्ष का उत्पीड़न ना हो। यूपी पुलिस के महानिदेशक ने जानकारी देते हुआ बताया की नए आपराधिक कानूनों में महिला और बच्चों से जुड़े सभी अपराधों को एक साथ पांचवें अध्याय में रखा गया है। 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के खिलाफ होने वाले अपराध के लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान किया गया है। वही इनमे पीड़ित को अब एफआईआर की एक प्रति मुफ्त हासिल करने का अधिकार दिया गया है, साथ ही 90 दिन के अंदर जांच की प्रगति की जानकारी देने को जरूरी बनाया गया है। भारतीय न्याय संहिता, श्रम या वेश्यावृति के लिए बच्चों की खरीद-फरोख्त को दंडनीय अपराध बनाती है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने किशोर अपराधों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि अक्सर कई ऐसे मामले सामने आते है जिनमें अपराध गंभीर होने पर भी कम उम्र होने के कारण आरोपी बच जाते थे लेकिन अब मानसिक परिपक्वता के आधार पर तय होगा की अपराधी वयस्क है कि नहीं और उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अग्निकांड के पीड़ितों को मुआवज़ा दिए जाने की मांग पर कार्रवाई



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** जनपद खीरी के ग्राम मुर्गहा निघासन में हुए अग्निकांड के पीड़ितों का सर्वेक्षण कराकर मुआवज़ा दिए जाने की कार्रवाई का निरेदश आयुक्त ग्राम्य विकास ने सीडीओ लखीमपुर को पत्र जारी किया है। हाईकोर्ट के मशहूर अधिवक्ता और समाजसेवी मोहम्मद हैदर रिज़वी ने 8 जून को जनपद खीरी के ग्राम मुर्गहा निघासन में हुए अग्निकांड के पीड़ितों को मुआवज़ा दिए जाने हेतु पत्र जिला समाज कल्याण अधिकारी डीएम और सीडीओ लखीमपुर समेत शासन स्तर पर पत्र लिख कर पीड़ितों के प्रति सहानुभूतिपूर्वक कार्रवाई करते हुए मदद की मांग की थी उनहोंने अपने पत्र में लिखा की इस अग्निकांड में लगभग 37 परिवार प्रभावित हुए और सबसे ज़्यादा दयनीय स्थिति एक युवक ओमबाबू जो की नाड़ी रोग से पीड़ित है और उसका इलाज चल रहा है उनके पिता ने मवेशी आदि बेचकर ऑपरेशन के मलिए पैसे जोड़े थे वह भी इस अग्निकांड में स्वाहाहो गए अधिवक्ता मोहम्मद हैदर ने सभी पीड़ितों को आर्थिक मदद के साथ ही आवास आदि की व्यवस्था के लिए अनुरोध किया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जलाकर प्रार्थना की

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के पास हुए दुखद रेल हादसे में 15 लोगों की मृत्यु और लगभग 60 यात्रियों के घायल होने पर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में मोमबत्ती जला हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती जला कर प्रार्थना की। पार्टी प्रवक्ता पुनीत पाठक ने कहा कि पिछले 10 सालों में 1117 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं जो स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार के कुप्रबंधन और उपेक्षा का नतीजा है। जुलाई 2021 से अब तक 329 से अधिक लोग रेल हादसों में मारे जा चुके हैं। यात्रियों के जान-माल का भारी नुकसान देश में हो रहा है और रेल मंत्री पी.आर. स्टंट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि आज की दुर्घटना बता रही है कि यह मर्ज कितना गंभीर हो चुका है। एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस नजरअंदाजी पर सवाल उठाते रहेंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे।

## गैराज में लगी आग में एक के बाद एक कई गाड़ियों में ब्लास्ट

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** चिनहट में मंगलवार को देवा रोड पर बाबा हॉस्पिटल के पीछे एक कार गैराज में आग लग गई। हादसे में एक के बाद एक कई गाड़ियों में ब्लास्ट हो गया। धमाकों की दहशत से लोग दहल उठे। दमकल कर्मी पांच गाड़ियों से आग पर काबू पाने में जुट गए। बाबा हॉस्पिटल के पीछे यूनिक मोटर नामक कार गैराज है। मंगलवार सुबह आठ बजे गैराज में खड़ी एक सीएनजी कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने 20 अन्य गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया फिर गाड़ियां एक के बाद एक ब्लास्ट होने लगीं।



ज्येष्ठ माह के पावन अवसर पर एमएलसी मुकेश शर्मा लालबाग में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और पूजन अर्चन करके प्रसाद वितरण किया। सतबीर सिंह आनंद, राजेश शर्मा, शैलेंद्र अवस्थी, हरीश कोहली, अशोक तिवारी, रमेश बेरी, राजू अनेजा, मनमोहन सेठी एवं विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे और भंडारे में सेवा कार्य किया।

## कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता और तयाग की भावना को हमें आगे लेकर जाना है : इंदल रावत

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संविधान बचाओ समिति की बैठक हुई। प्रो. डॉ. भगवान दीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने संविधान को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुए संविधान बचाने के लिए समाज में लगातार अभियान चलाए रखने की बात कही। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष व प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव में आप लोगों ने जो भूमिका निभाई वह सराहनीय है। एक तरफ जहां आरएसएस और भाजपा की विघटनकारी विचारधारा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की सबको साथ लेकर चलने की विचारधारा है। हमें कांग्रेस की विचारधारा के अनुरूप सभी जातियों और वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलना है। पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि कांग्रेस की धर्मनिरपेक्षता और तयाग की भावना को हमें आगे लेकर जाना है। सत्ता में बैठे लोग संविधान बदलने में लगे हैं। बैठक में उपस्थित लोगों से उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूती दिखाते हुए सबको जोड़ कर हिस्सेदारी की बात करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी की सबको साथ लेकर चलने और आगे बढने की भावना को समाज के निचले तबके तक पहुंचाना है।

# 28 जून से खुलेंगे स्कूल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय विद्यालय 25 जून से खुल रहे हैं। हालांकि बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। विद्यालय आने पर उनका रोली-टीका लगाकर स्वागत किया जाएगा। साथ ही स्कूलों को भी रंगोली, झंडी, गुब्बारों से सजाया जाएगा। इस दिन मिड-डे-मील में भी हलवा-खीर बनेगा। प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 18 जून को समाप्त हो रही थीं। लेकिन, भीषण गर्मी को देखते हुए इसे एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। विद्यालय 25 जून से खुलेंगे और सिर्फ शिक्षक-कर्मचारी स्कूल आएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि स्कूल को खोलकर क्लास रूम व लाइब्रेरी की साफ-सफाई, पानी की टंकी, किचेन, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। वहीं 28 से जब बच्चे आएंगे तो शुरु के दो दिन 28-29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी बुला सकते हैं। दो दिन विद्यालय सुबह 7.30 से 10 बजे तक ही चलेंगे। वहीं एक जुलाई से विद्यालय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक चलेंगे और नियमित पठन-पाठन का आयोजन किया जाएगा।

**त्यौहार**

### नमाज पढ़कर देश में अमन चैन की मांगी दुआ, एक-दूसरे को दी बधाई

# धूमधाम से मना ईद उल अजहा

अवधनामा संवाददाता





- कुर्बानी दो नबियों जनाबे इब्राहीम और जनाबे इस्माईल की यादगार है : मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली

**लखनऊ।** कुर्बानी का त्योहार ईदुल अजहा सोमवार को राजधानी सहित प्रदेश भर में खुशी और अकीदत के साथ मनाया गया। लाखों की संख्या में मुसलमानों ने ईदुल अजहा की नमाज में अपने परवरदिगार का उसकी नेमतों के लिए शुक्र अदा किया और राहे खुदा में कुर्बानी पेश की।

राजधानी में बड़ी जमातें ईदगाह ऐशबाग, आसिफी मस्जिद, टीले वाली मस्जिद, तहसीनगंज जामा मस्जिद में हुई, जहां हजारों की संख्या में मुसलमानों ने ईदुल अजहा की नमाज अदा की। इसके अलावा राजधानी की अन्य मस्जिदों में भी मुसलमानों ने ईदुल अजहा की नमाज अदा कर अपने रब की बारगाह में सजद-ए-शुक्र अदा किया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिल ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी। ऐशबाग ईदगाह में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज अदा करायी। नमाज से पहले मौलाना ने ईदुल अजहा की अहमियत और कुर्बानी की तारीख बयान करते हुए मौजूदा हालात पर रोशनी डाली। मौलाना ने कहा कि कुर्बानी दो नबियों जनाबे इब्राहीम और जनाबे इस्माईल की यादगार है। ईदुल अजहा कुर्बानी और अमन का पैगाम देती है। बकरीद से बड़े पैमाने पर व्यापार को फायदा होता है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 20 लाख किसानों को रोजगार और लगभग 10 हजार करोड़ का व्यापार जानवरों की खरीद-फरोख्त से होता है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में हर 10 में एक आदमी भूखा और हर तीन में एक को भरपेट खाना नहीं मिल रहा। वातावरण को लेकर चिंताजनक रिपोर्ट है। गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी दूर करने के लिए जकात सिस्टम मजबूत करें। सेल्फ हेल्प ग्रुप बना कर लोगों को छोटे-छोटे व्यापार शुरू कराएं। प्रदूषण और वातावरण सुधार के लिए हर मस्जिद में और मस्जिद के चारों तरफ पौधारोपण करें और पेड़ों की हिफाजत करें। मुसलमानों को अगर संवैधानिक अधिकार प्राप्त करने और तरक्की करनी है तो बच्चों को उच्च शिक्षा देना होगी। अधिक से अधिक स्कूलों की स्थापना करें। नमाज में कुवैत में लगी भीषण आग में मरने वालों के लिए दुआ करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी। मौलाना ने नमाज के बाद देश-प्रदेश की सुरक्षा, देश के विकास, उन्नति, अमन-भाईचारा, समृद्धि और कल्याण, विश्व शांति, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई के खात्मे के साथ गर्मी से राहत, बारिश होने के लिए विशेष दुआएं की गयीं। आसिफी मस्जिद में मौलाना रजा हैदर ने नमाजियों को ईदुल अजहा की नमाज अदा करायी। नमाज के बाद खुत्बे में मौलाना ने कुर्बानी की अहमियत बयान की। मौलाना ने कहा कि कुर्बानी दो नबियों की यादगार है, जिसे पूरी दुनिया का मुसलमान अकीदत के साथ मनाता है। इस मौके पर उन्होंने जरूरतमंदों और कमजोरों की ज्यादा से ज्यादा मदद की अपील की। तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने नमाजियों को नमाज अदा करायी। नमाज के बाद खुत्बे को खिताब करते हुए मौलाना ने कुर्बानी की अजमत और अहमियत बयान की। मौलाना ने कहा कि कुर्बानी का मतलब सिर्फ जानवर की कुर्बानी करा गोश्त खा लेना भर नहीं है बल्कि कुर्बानी का मकसद अल्लाह की राह में कुर्बानी देना है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों की मदद करें।